# छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

वर्ष -03 अंक - 170 बैकुण्ठपुर, रविवार 09 अप्रैल 2023 पृष्ठ -8 मूल्य -1

E paper www.cgfrontline.com


# थप्पड़कांड का नाटकीय पटाक्षेप...

## पहले पिटाई...फिर धरना...अब खेद व्यक्त कर खिलाई मिठाई

छ.ग.फ्रंटलाइन

**अंबिकापुर।** बलरामपुर जिले के रामानुजगंज में सहकारी बैंक के लिपिक और कर्मचारियों को थप्पड़ जड़ने वाले विधायक बृहस्पत सिंह बीते शुक्रवार तक बैंक के सामने किसानों की भीड़ के बीच धरना, सभा कर तमाम कसीदे गढ़े, पूर्व गृहमंत्री रामविचार नेताम तक को नहीं

**विधायकजी ने बैंक के कर्मचारियों, पूर्व गृहमंत्री को कोसते बदली ऐसे डगर**

छोड़ा, इसके बाद थप्पड़कांड का रातों-रात नाटकीय पटाक्षेप हो गया। ये वही विधायक हैं, जिन्होंने थप्पड़ मारने के बाद बनी परिस्थिति के बाद वृद्ध हितग्राही को होने वाली का हवाला देते हुए कहा था कि थप्पड़ मारने का अफसोस नहीं,



### कर्मचारी कहे डांट-फटकार उनका अधिकार

बलरामपुर के सर्किट हाऊस में शनिवार को विधायक बृहस्पत सिंह और बैंक के कर्मचारियों का सम्मिलन हुआ। मारपीट की घटना को भूलकर मुस्कुराहट लिए बैंक के पीड़ित कर्मचारियों के साथ अन्य पहुंचे, ऐसा लगा जैसे कुछ हुआ ही ना हो। विधायक बृहस्पत सिंह ने जिन्हें थप्पड़ जड़ा था, उनसे बड़ी ही नरम भाव में खेद जताते हुए भावावेश में आकर गलती होने की बात कही। इसके बाद लिखित में एक मजमून व वीडियो में बयान सामने आया है, जिसमें विधायक को आदरणीय बताते हुए उल्लेख किया गया है कि हमेशा से उनका समर्थन मार्गदर्शन मिलते रहा है। उस दिन हुई घटना को लेकर हस्ताक्षरकर्ता पीड़ित पक्ष के गणेश कुमार पाल लिपिक व अरविंद सिंह भृत्य ने अफसोस व्यक्त किया है। इन्होंने कहा है विधायक महोदय हमसे पहले भी किसानों के लिए बात किए हैं। हमेशा उनका सम्मानजनक व्यवहार रहा है। डांट-फटकार उनका अधिकार है।

चार दिन के अंतराल में उनमें नरमी आ गई और खेद जताकर इन्हें मिठाई खिला दिया। भोले-भाले कर्मचारी मान भी गए, पूरे संभाग के 29 बैंक शाखाओं में भड़की ज्वाला और सुरक्षा की सरकार से मांग ठंडी पड़ गई। इस बीच कष्ट किसी को हुआ तो बैंक पहुंचने वाले किसानों को, जो बैंक के कार्यदिवस में उल्टे पांव वापस लौटते रहे, इसके बाद गुडफ्राइडे से रविवार तक अवकाश के कारण उनका सोचा-समझा काम रुपये के अभाव में लटका रहेगा। हड़ताल की अवधि में बैंक यूनियन के पदाधिकारियों ने ही कहा था कि एक दिन में सहकारी बैंकों से 50 करोड़ से अधिक का लेनदेन होता है।

### नहीं चाहते किसी प्रकार की कार्रवाई

सर्किट हाउस में विधायक और पीड़ित बैंक कर्मियों ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर मामले का पटाक्षेप किया। इन्होंने कहा वे मामले में आगे किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं चाहते हैं। हालांकि इसके पहले यह मामला सियासती रूप ले रहा था। विधायक बृहस्पत सिंह स्वयं टेंट-पंडाल में किसानों व अपने कार्यकर्ताओं के साथ डटे नजर आते थे। धीरे-धीरे बैंक में चल रहे कारनामों को भी आरोप के रूप में सामने लाया जा रहा था। आठ हजार रुपये पाने वाला करोड़पति कैसे बना, यह बात भी सामने आई थी। सरहुल पर्व पर अंबिकापुर आए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भी एक तरह से मामले में विधायक को क्लीन चिट दे दी थी। इधर कार्रवाई की मांग को लेकर संभाग के बैंक कर्मी आंदोलन की राह पर अग्रसर थे। स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव ने भी इस घटना को सही करार नहीं दिया है। इधर बलरामपुर जिले में भाजपा भी मामले को लेकर सरकार पर निशाना साध रही थी। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता अनुराग सिंहदेव भी घटनाक्रम पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त किए थे।

# मुख्यमंत्री तक रख सकते हैं आपकी बात, इतनी ही मेरी हैसियत

## दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों ने घेरा स्वास्थ्य मंत्री का आवास

**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश के दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों ने शनिवार को एकजुटता दिखाते हुए नियमितिकरण की मांग को लेकर पहले तो कलेक्टोरेट शाखा स्टेट बैंक के सामने धरना-सभा का आयोजन किया, इसके बाद अंबिकापुर विधायक व प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव के स्थानीय आवास का घेराव करने पहुंचे। कर्मचारियों ने मोबाइल फोन पर उनसे चर्चा की, जिस पर दो टूक जवाब मिला, वे उनकी बातों को प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल तक पहुंचाने के अलावा कुछ नहीं कर सकते, इतनी ही मेरी हैसियत है। कर्मचारियों ने उनकी बातों को गंभीरता से सुना, लेकिन कसक चुनावी घोषणापत्र में किए गए वायदों की बनी रह गई। कर्मचारियों ने आगामी चुनाव में इसका परिणाम भुगतने की बात भी धरना सभा के दौरान कही।



### सरकार बनने के 10 दिवस में नियमितिकरण का किया वादा

कांग्रेस सरकार बनते ही 10 दिवस के भीतर नियमितीकरण का वादा किया गया था किंतु चार वर्ष से अधिक समय बीतने के बाद भी राज्य सरकार नियमितीकरण के संबंध में कोई सकारात्मक कदम नहीं उठाई है। कर्मचारियों ने कहा कि वे जाएं तो कहां जाएं। कई बार नेता, मंत्री को ज्ञापन दिए, परंतु आश्वासन के अलावा कुछ नहीं मिला।

#### मुख्यमंत्री से मिल पाएगा न्याय

दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों से बात करते समय प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव का दर्द फिर एक बार उभरकर सामने आ गया। उन्होंने पूरी तन्मयता के साथ इन कर्मचारियों से मोबाइल फोन पर चर्चा की और कहा वे उनकी बातों को मुख्यमंत्री तक पहुंचा देंगे, लेकिन आप लोगों को न्याय मुख्यमंत्रीजी से ही मिल पाएगा। उन्होंने कहा हम लोग खुद ही किनारे हैं, आप लोग भी इसे भलीभांति जानते हैं।

छत्तीसगढ़ राज्य के दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी संघ ने शनिवार को एक बार फिर नियमिती करण की याद दिलाते हुए स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंह देव के निवास का घेराव किया। कर्मचारी स्टेट बैंक कलेक्टोरेट शाखा के सामने धरना स्थल से रैली की शक्ल में निकले और नारेबाजी करते स्वास्थ्य मंत्री के निवास स्थान तपस्या पहुंचे। कर्मचारियों के द्वारा मंत्री के निज आवास का घेराव करने की पूर्व सूचना पर भारी संख्या में पुलिस अधिकारी-कर्मचारी तैनात रहे। स्वास्थ्य मंत्री के आवास तक इनकी पहुंच न बनने पाए, इसके लिए बैरीकेड्स लगाए गए थे। दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी संघ की मांग है कि जनघोषणा पत्र में किए गए वायदे के अनुरूप वरिष्ठता के क्रम में राज्य के विभिन्न शासकीय विभागों में कार्यरत दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों, आकस्मिक श्रमिक, उच्च कुशल, कुशल, अर्द्धकुशल, अकुशल, कलेक्टर दर, जॉब दर तथा तदर्थ के नियमितिकरण की कार्रवाई करने हेतु आदेश, निर्देश अतिशीघ्र प्रसारित किया जाए। शासकीय विभागों में कार्यरत दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों के सेवा का सत्यापन एवं वरिष्ठता की समग्र जानकारी हेतु प्रत्येक विभागों में सेवा पुस्तिका का संधारण एवं दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों से संबंधित समस्त जानकारी ऑनलाईन वेबसाईट के एम्प्लॉइ डेशबोर्ड में अपलोड करने हेतु आदेश, निर्देश प्रसारित किया जाए। जब तक नियमितिकरण की कार्रवाई पूर्ण नहीं हो जाती, तब तक दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों की छटनी पर रोक लगाते हुए, सेवा में स्थायीकरण प्रदान किया जाए व स्थायी वेतनमान निर्धारित कर प्रतिमाह वेतन का भुगतान करने हेतु आदेश, निर्देश प्रसारित किया जाए। कर्मचारियों ने कहा कि शासन से लगातार नियमितीकरण की मांग की जाती रही है। इसे लेकर वे कई बार मुख्यमंत्री एवं अन्य मंत्रियों, विधायकों को ज्ञापन सौंपे, किंतु हर बार झूठा आश्वासन ही मिला है। कर्मचारियों से पुलिस व प्रशासन ने ज्ञापन देने कहा, परंतु इनका कहना था, वे ज्ञापन नहीं देंगे, उन्हें स्वास्थ्य मंत्री से हां और ना में जवाब चाहिए। इस दौरान प्रदेश की राजधानी रायपुर, बिलासपुर, धमतरी, महासमुन्द्र सहित अन्य जिले व सरगुजा संभाग के कर्मचारी उपस्थित थे।

# पुलिस को घर में मिला हाथ भट्ठी शराब का जखीरा

## गांधीनगर थाना पुलिस ने 120 लीटर महुआ शराब के साथ आरापी को गिरफ्तार किया

छ.ग.फ्रंटलाइन

**अंबिकापुर।** नशे के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान नवाबिहान अंतर्गत थाना गांधीनगर पुलिस ने 120 लीटर हाथ भट्टी, महुआ शराब बरामद किया है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। लंबे समय बाद गांधीनगर पुलिस के हाथ शराब विक्रेता लगा, जो बड़े पैमाने पर हाथ भट्ठी शराब खपाने में लगा था। आरोपी पूर्व में आपराधिक प्रकरणों में शामिल रह चुका है।

गांधीनगर थाना क्षेत्र नशे के गढ़ के रूप में हाल में कुछ अधिक ही चर्चा में आया है। अवैध शराब के अलावा अन्य मादक पदार्थों की बिक्री थाना क्षेत्र में धड़ल्ले से हो रही थी। पुलिस की कार्रवाई का खौफ अवैध कारोबारियों में देखने को नहीं मिल रहा था। वहीं नशे के अवैध कारोबार के कारण सूचनातंत्र को विकसित बनाने पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में की गई कवायद की किरकिरी हो रही थी। वरिष्ठ अधिकारियों ने इसे गंभीरता से लिया और पुलिस महानिरीक्षक सरगुजा रेंज राम गोपाल गर्ग के मार्गदर्शन में पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता ने जिले में नशे के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान नवाबिहान को प्रभावी बनाने नशीले पदार्थों के खरीद-फरोख्त में शामिल लोगों के संबंध में सूचनाएं एकत्रित कर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए थे। बीते दिवस अपराध समीक्षा की बैठक के दौरान गांधीनगर थाना प्रभारी सहित अन्य को स्पष्ट हिदायत दी गई थी कि अपने थाना क्षेत्र में होने वाली गतिविधियों की पुख्ता सूचना रखें और अराजक तत्वों के विरूद्ध कार्रवाई करें। इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विवेक शुक्ला, नगर पुलिस अधीक्षक स्मृतिक राजनाला, प्रशिक्षु आईपीएस चिराग जैन, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस अखिलेश कौशिक के नेतृत्व में थाना प्रभारी गांधीनगर निरीक्षक धीरेन्द्र दुबे एवं पुलिस टीम थाना क्षेत्र में नशीले पदार्थों का व्यापार करने वालों पर पैनी नजर रख रही थी। पेट्रोलिंग के दौरान पुलिस को मुखबिर से डेयरी फार्म रोड में पूर्व में भी कई आपराधिक प्रकरणों में शामिल एक संदिग्ध व्यक्ति द्वारा अपने निवास में बड़ी मात्रा में हाथ भट्टी महुआ शराब रख कर खरीद-बिक्री करने की सूचना मिली। सूचना पर पुलिस टीम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए संदेही के घर पर दबिश दी। पूछताछ करने पर वह अपना नाम ऋषभ यादव निवासी गांधीनगर का होना बताया। आरोपी के घर की तलाशी लेने पर 120 लीटर हाथ भट्टी महुआ शराब, कीमत लगभग 24 हजार रुपये बरामद किया गया। पूछताछ करने पर आरोपी ने महुआ शराब बिक्री के लिए रखना बताया। पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट की कार्रवाई की है और गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया है। कार्रवाई में थाना प्रभारी गांधीनगर निरीक्षक धीरेन्द्र नाथ दुबे, उपनिरीक्षक विजय दुबे, सउनि नवल किशोर दुबे, प्रधान आरक्षक संतोष कश्यप, आरक्षक अजय तिवारी, अमृत सिंह, अरविन्द उपाध्याय, सैनिक अनिल साहू शामिल रहे।



### गांधीनगर थाना क्षेत्र अवैध गतिविधियों के लिए रहा है सुर्खियों में

देखा जाए तो गांधीनगर थाना क्षेत्र संगीन अपराधों के साथ ही विभिन्न अपराधिक व असामाजिक गतिविधियों के लिए सुर्खियों में रहा है। पुलिस टीम की पूर्व में की गई कार्रवाई पर नजर डालें तो यहां की कॉलोनियों में किराए के मकानों में रहकर कथित रूप से जीविकोपार्जन करने वालों की कानून विरोधी गतिविधियों में संलिप्तता सामने आ चुकी है। ब्राउन शुगर, गांजा क्रय-विक्रय के साथ ही नशीली दवाओं के कई विक्रेताओं को पूर्व में पुलिस गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। चैन स्नैचर गिरोह के सदस्यों का पनाह स्थल भी यह क्षेत्र पूर्व में रहा है। इस मामले में भी पुलिस को बड़ी सफलता उस समय मिली थी, जब पूजा-पाठ के मौके पर चैन स्नेचिंग की घटना को मोटरसाइकिल सवारों ने अंजाम दिया, यही नहीं भागते समय उन्होंने फायरिंग की। वहीं एक चेन स्नेचर की मौत भी हो गई थी।

# सरगुजा पुलिस द्वारा आयोजित दौड़ व 10 किमी साइकिल रेस आज

**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** सरगुजा पुलिस के फिट कॉप-फिट सिटी अभियान के तहत दौड़ एवं साइकिल रेस का आयोजन किया गया है। गांधी स्टेडियम में दो किलोमीटर दौड़ के बाद वॉटर पार्क तक 10 किलोमीटर साइकिलिंग रेस का आयोजन किया जाएगा। पुलिस अधीक्षक सरगुजा के निर्देशन में पुलिस बल एवं आम नागरिकों के लिए निरंतर फिट काप फिट सिटी का आयोजन हो रहा है। सरगुजा पुलिस बल के अधिकारियों, कर्मचारियों एवं आम नागरिकों के शारिरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ करने के उददेश्य से फिट कॉप-फिट सिटी कार्यक्रम का निरंतर संचालन वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के मार्गदर्शन में किया जा रहा है। इसी क्रम में रविवार, नौ अप्रैल को शहर के गांधी स्टेडियम में प्रात: 5:30 बजे दो किलोमीटर दौड़ एवं दौड के बाद गांधी स्टेडियम से 10 किलोमीटर की साइकिल रेस प्रारंभ होगी, जो वॉटर पार्क तक पहुंचकर वापस गांधी स्टेडियम में समाप्त होगी। साइकिल रेस के पश्चात गांधी स्टेडियम में जुम्बा, योग का कार्यक्रम संचालित होगा। साइकिल रेस के लिए प्रतिभागियों को साथ में साइकिल लेकर जाना होगा।

# प्रधान पाठक पदोन्नति पश्चात पदांकन हेतु काउंसलिंग सूची जारी

**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** संभागीय संयुक्त संचालक लोक शिक्षण सरगुजा द्वारा प्रधान पाठक प्राथमिक शाला, उच्च श्रेणी शिक्षक एवं शिक्षक एलबी से पूर्व माध्यमिक शाला प्रधान पाठक के पद पर पदोन्नति पश्चात पदांकन हेतु काउंसलिंग 10 से 12 अप्रैल तक सेंट जेवियर्स स्कूल नवापारा में सुबह 10 बजे से आयोजित किया गया है। विकासखंड अंबिकापुर के पात्र सभी प्रधान पाठक प्राथमिक शाला, उच्च श्रेणी शिक्षक एवं शिक्षक एलबी के ई एवं टी संवर्ग की संशोधित सूची विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय अंबिकापुर के सूचना पटल पर अवलोकन हेतु चस्पा कर दिया गया है, जिसमें पात्र सभी की सुविधा हेतु काउंसलिंग के संबध में आवश्यक दिशा-निर्देश व बैठक व्यवस्था के संबध में जानकारी संलग्न है। विकासखंड शिक्षा अधिकारी गोपाल कृष्ण दुबे द्वारा कहा गया है कि पदोन्नति हेतु पात्र सभी शिक्षक निर्धारित समय पर सेंट जेवियर्स स्कूल नवापारा, अंबिकापुर में अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करें।

## अब तक 40 हजार से अधिक परिवारों का पंजीयन



**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** एक अप्रैल से शुरू हुए छत्तीसगढ़ सामाजिक-आर्थिक सर्वेक्षण 2023 के तहत अब तक जिले के 40 हजार 393 परिवारों का पंजीयन कर लिया गया है। प्रगणकों की टीम द्वारा गांव में घर-घर जाकर सर्वेक्षण का कार्य मुस्तैदी से किया जा रहा है, ताकि समय पर सर्वेक्षण कार्य संपन्न हो सके। जनकारी के अनुसार अंबिकापुर विकासखंड में 7280, बतौली में 3275, लखनपुर में 6386, लुंड्रा मे 6303, मैनपाट में 4025, सीतापुर में 6096 एवं उदयपुर में 7028 परिवारों का सामाजिक-आर्थिक सर्वेक्षण के लिए पंजीयन हुआ है। कलेक्टर कुन्दन कुमार के मार्गदर्शन में जिले के सामाजिक-आर्थिक सर्वेक्षण का कार्य तेजी से चल रहा है। इस सर्वेक्षण के जरिए जिले के 562 गांव के लगभग 2 लाख 22 हजार परिवारों का सर्वेक्षण कर डाटा प्राप्त किया जाएगा।

# भूख-प्यास से होने वाली तकलीफ महसूस करने पांच साल के मिर्जा अश्कान ने रखा पहला रोजा

## स्वजनों और आस-पड़ोस के लोगों ने बच्चे के जज्बे को देख दिए तमाम उपहार

**गरीबों को बांटा जरूरत का सामान और उपहार में मिले रुपये का आधा हिस्सा**

**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** मोमिनपुरा नूरानी मस्जिद के पास रहने वाले रिटायर्ड कृषि विकास अधिकारी मिर्जा इम्तियाज साहब के पोते और हाजी मिर्जा अशरफ के पांच साल के बेटे मिर्जा अश्कान ने आठ अप्रैल को रमजान के पवित्र महीने में घर के सभी लोगों को रोजा रहते देखा और पहला रोजा रखने की जिद अपने वालिद और घर के लोगों से की। बच्चे के जज्बे और जिद के आगे घर के लोगों ने उसकी बात मान ली और उसको रोजा रहने की इजाजत दे दी। इस नन्हे बच्चे ने अपनी रोजा रहने की हसरत को बखूबी पूरा किया। दिन भर घर वालों के साथ इबादत और तिलावत में शामिल रहा। बच्चे के इस जज्बे को देख घर के सदस्यों के अलावा आस-पड़ोस और मोहल्ले के लोग उसकी हौसला आफजाई करते हुए तरह-तरह के तोहफे और रुपये दिए। बच्चे ने अपने हाथों से गरीबों को जरूरत के सामान और लोगों से मिले उपहार के रुपये में से आधा हिस्सा भी दे दिया। बच्चे से बात करने पर उसने कहा कि मैं भूखे-प्यासे रहकर देखना चाहता था कि भूख और प्यास की तकलीफ कैसी होती है और जिनको खाना नहीं मिलता उन्हें कैसा लगता है। इसी जज्बे के साथ बच्चे ने आगे भी रोजा रहने की बात कही।



# बच्चे को धमकाकर पेटी से 20 हजार रुपये निकालने का आरोप

## ऑटो चालक दंपती की शिकायत पर पुलिस जांच में जुटी

छ.ग.फ्रंटलाइन

**अंबिकापुर।** शहर के बंगाली पारा, लरंग साय चौक में रहने वाले ऑटो चालक ने मोहल्ले के ही कम उम्र के लड़कों द्वारा घर में घुसकर पेटी में रखे 20 हजार रुपये निकाल लेने का आरोप लगाया है और इसकी जानकारी कोतवाली पुलिस को दी है। घटना के समय ऑटो चालक अपनी पत्नी को लेकर इलाज कराने अस्पताल गया था। घर में तीसरी में पढ़ने वाला एक पुत्र मौजूद था, उसका बड़ा भाई मोहल्ले में ही घूम रहा था। ऑटो चालक गणेश राजवाड़े व उसकी पत्नी रितु राजवाड़े का कहना है कि घटना दिनांक पांच अप्रैल को घर से निकलते समय उन्होंने पेटी में ताला बंद कर दिया था। घर में मौजूद तीसरी में पढ़ने वाला पुत्र आइसक्रीम खाने के लिए 10 रुपये निकालने पेटी खोला, इस दौरान मोहल्ले के एक अन्य लड़के की नजर पेटी में रखे रुपये की गड्डी पर पड़ी और वह दो अन्य साथियों को लेकर आया, इसके बाद तीनों लड़के धमकाकर पेटी में रखे 20 हजार रुपये ले लिए और चाभी देकर चले गए। घर आने के बाद उन्होंने पेटी खोला, तो रुपये गायब थे। बच्चे से कड़ी पूछताछ में उसने तीनों लड़कों के बारे में बताया जिन्होंने उसे धमकाकर पेटी की चाभी लिया और रुपये निकाल लिए। बहरहाल पुलिस मामले की सच्चाई जानने के प्रयास में लगी है। बच्चा उन लड़कों का नाम और घर बता रहा है, जिन पर रुपये निकालने का आरोप है।

# साईं कॉलेज के छात्रों ने शक्कर कारखाना के प्रबंधन और संचालन को परखा

**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** सामाजिक आउट रिच और कौशल विकास के अंतर्गत श्री साईं बाबा आदर्श स्नातकोत्तर महाविद्यालय के एम कॉम द्वितीय सेमेस्टर के विद्यार्थियों ने सूरजपुर जिले के केरता स्थित मां महामाया सहकारी शक्कर कारखाना का शैक्षिक भ्रमण किया। प्राचार्य डॉ. राजेश श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों ने शक्कर कारखाने के सभी यूनिटों का अवलोकन किया। विद्यार्थियों ने सबसे पहले कारखाने का गोदाम देखा, जहां पर सभी उत्पादित सामग्री रखी जाती है। छात्र-छात्राओं ने ऑपरेटिंग आफिस को देखा, जहां से कारखाने का संचालन होता है। यहीं पास में वित्तीय शाखा का



विद्यार्थियों ने अवलोकन किया। विद्यार्थियों को आय-व्यय की बारीकियों से अवगत कराया गया। बिक्री केंद्र की व्यवस्था जो सीधे उपभोक्ताओं से जुड़ी है, इसे भी विद्यार्थियों ने देखा। विद्यार्थी ऑपरेटिंग यूनिट देख कर हर्षित हो गए। उत्पादित चीनी और उसके गुणवत्ता से अवगत हुए। कारखाना में गन्ना पहुंचने से लेकर चीनी उत्पादन तक की सभी प्रक्रिया को जानने के बाद विद्यार्थियों ने गन्ने के वर्ज्य पदार्थ से बिजली बनाने की प्रक्रिया को जाना। इस दौरान कारखाना सुपरवाइजर व सुरक्षा प्रमुख मुनीर अंसारी, अमित तिवारी विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करते रहे। सहायक प्राध्यापक फैजान अहमद और निमित पांडेय के नेतृत्व में विद्यार्थियों ने शैक्षिक भ्रमण करके अपनी शंका का निवारण भी किया।

# भाजपा युवा मोर्चा उपाध्यक्ष की मांग पर सांसद ने कराई हैंडपंप खनन

## पानी मिलते ही ग्रामीणों में खुशी, किया आभार व्यक्त

प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

**दतिमा मोड़।** पेयजल समस्या को लेकर राई के मोहल्ले वासियों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ा था। ऐसे में ग्रामीणों को मजबूरन दूर-दराज से पेयजल का इंतजाम करना पड़ रहा हैं। सांसद प्रतिनिधि एवं भाजपा युवा मोर्चा उपाध्यक्ष अनूप जायसवाल की मांग पर सरगुजा सांसद व केंद्रीय राज्य मंत्री रेणुका सिंह ने हैंडपंप खनन करवाई है। जिसके बाद अब आमजन को राहत मिली है।

ज्ञात हो कि भैयाथान के ग्राम राई (दर्रीपारा) में ग्रामीणों को पानी की सौगात मिली है। भाजपा युवा मोर्चा उपाध्यक्ष अनूप जायसवाल के नेतृत्व में तीन माह पहले ग्रामीणों ने पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष गिरीश गुप्ता के माध्यम सांसद से हैंडपंप खनन की मांग रखी थी। जिसके बाद तत्काल उन्होंने समस्या का हल कराने की बात कही थी। इस समस्या का निराकरण के लिए उन्होंने राई दुर्गा पंडाल के समीप बोरिंग



कराई जहां पानी की पर्याप्त जलापूर्ति हुई। हैंडपंप में भरपूर तादात में मीठा पानी भी प्राप्त हुआ। हैंडपंप पर एक समबर्सिबल पंप लगी हुई है। इससे नागरिकों को पेयजल समस्या से काफी हद तक राहत मिलेगी। उन्हें पानी के लिए हैंडपंप तक नहीं जाना होगा बल्कि घर तक पाइप लाइन से पानी आएगी। नलकूप से पानी बाहर निकलने पर ग्रामीणों में खुशी का ठिकाना नहीं रहा। जिसपर स्थानीय आसपास के ग्रामीणों ने सांसद रेणुका सिंह व सांसद प्रतिनिधि एवं युवा मोर्चा उपाध्यक्ष अनूप जायसवाल का धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

आभार व्यक्त करने वालों में रामचंद्र जायसवाल, धर्मेंद्र जायसवाल, रोहित जायसवाल, अभय जायसवाल, राजेश यादव, बेसाहू यादव, प्रकाश यादव, जगमोहन यादव, पारस पैकरा, अविनाश यादव, तुलेश्वर राजवाड़े, प्रिंस जायसवाल, लक्ष्मण यादव, अश्वनी देवांगन, वरुण देवांगन, अशोक यादव, सोहन यादव, देवी लाल पैकरा, आशीष, दीपक, नरेंद्र, प्रेम साय, रवि, भुनेश्वर, धर्भरन, अमित, रंजू, कोमल, बिर साय उपस्थित रहे।

## आमगांव सहक्षेत्र प्रबंधक अनिरुद्ध आज हुए रिलीव

प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

**बिश्रामपुर।** कोल इंडिया के निर्देशानुसार अनिरुद्ध सिंह सहक्षेत्र प्रबंधक आमगांव का पदोन्नति महाप्रबंधक पद पर करते हुए उनका स्थानांतरण ईस्टर्न कोलफील्ड लिमिटेड में हो गया है।

आदेश के परिपालन में अनिरुद्ध सिंह को आज बिश्रामपुर क्षेत्र से कार्यमुक्त कर दिया गया है। उन्होंने अपना कार्यभार सीजी जांगिर स्टाफ ऑफिसर प्रोडक्शन एंड प्लैनिंग को देते हुए अपने कार्य से मुक्त हो गए हैं।

# एसजीपी आटा के निर्माता को न्यायालय ने जारी किया नोटिस

प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

**बिश्रामपुर।** मिलावटखोरी की शिकायत पर गतदिनों खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग के अधिकारी नितेश मिश्रा के नेतृत्व में टीम द्वारा विश्रामपुर के नगर पंचायत रोड स्थित दुकानों की औचक जांच की गई थी। जांच के दौरान आटा में मिलावट पाए जाने पर विभागीय अधिकारी द्वारा कलेक्टर के निर्देशानुसार मामले को न्यायालय में पेश कर दिया था, जिस पर न्यायालय द्वारा मामले की गंभीरता को देखते हुए संबंधित कंपनी को नोटिस जारी किया है। गौरतलब है कि क्षेत्र में मिलावटखोरी की शिकायत लंबे समय से मिल रही थी, जिस पर कलेक्टर इफ्फत आरा के निर्देश पर खाद्य व औषधि प्रशासन विभाग के अधिकारी नितेश मिश्रा की टीम द्वारा नगर पंचायत क्षेत्र के दुकानों में गतदिनों दबिश दी गई थी। निरीक्षण के दौरान एसजीपी आटा जो कि पुरैनी कटनी, (मप्र) के गोपाल प्रोटिन्स इण्डिया प्राइवेट लिमिटेड द्वारा निर्मित होता है, के खाद्य पदार्थ की जांच की गई। जिसमें शासकीय खाद्य प्रयोगशाला के द्वारा उपरोक्त आटा को मिसब्रान्डेड (मिथ्या छाप) घोषित किया गया। विभाग द्वारा आगे विवेचना की गई एवं विक्रेता तथा निर्माता गोपाल इण्डिया प्राईवेट लिमिटेड पुरैनी कटनी (मप्र) को भी आरोपी बनाते हुए जांच की गई। साथ ही मामले को न्यायालय में प्रस्तुत कर दिया गया। दोनों आरोपियों के खिलाफ खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 की धारा 26 (2) और 52 के तहत प्रकरण बनाकर नोटिस जारी कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है। जिसके तहत न्यायालय ने दोनों आरोपियों को नोटिस जारी किया है।

# द्वितीय नेशनल लोक अदालत का आयोजन 13 मई को

**कोरबा। छ.ग. फ्रंटलाइन।** नालसा नई दिल्ली एवं छ0ग0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के द्वारा 13 मई 2023 को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। उक्त लोक अदालत में समस्त राजीनामा योग्य आपराधिक मामले, बैंक के प्रकरण, लिखत पराक्राम्य अधिनियम 138, वसूली के प्रकरण, मोटर दुर्घटना दावा प्रकरण एवं अन्य व्यवहार वाद के प्रकरण रखे जायेंगे। श्री डी.एल. कटकवार, जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोरबा के द्वारा नेशनल लोक अदालत में अधिक से अधिक प्रकरणों को रखे जाने हेतु समस्त न्यायालयों को निर्देशित किया गया हैं।

इसी क्रम में आज 04 अप्रैल 2023 को विद्युत कंपनी के अधिकारियों की बैठक ली गई। विद्युत अधिनियम के प्रकरणों में शासन के द्वारा दिये जाने वाले लाभ की जानकारी दिये जाने हेतु संबंधित विभाग को पक्षकार को सूचना दिये जाने हेतु निर्देशित किया गया है। 06 अप्रैल 2023 को प्रातः 10:30 बजे जिले के समस्त फायनेंस कंपनी के अधिकारियों एवं अधिवक्तागणों की बैठक 06 अप्रैल 2023 को सायं 5 बजे बीमा कंपनी के शाखा प्रबंधकों/बीमा कंपनी के अधिवक्ताओं की बैठक ली जाएगी।

जो भी पक्षकार राजीनामा के माध्यम से अपने लंबित प्रकरणों को लोक अदालत के माध्यम से निराकरण कराना चाहते है वे पक्षकार अपने प्रकरण को संबंधित न्यायालय में उपस्थित होकर नेशनल लोक अदालत में रखे जाने हेतु निवेदन कर सकते है। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोरबा के द्वारा बताया गया है कि न्यायालय में प्रस्तुत होने वाले मामले जिनमें कोर्ट फीस चस्पा है उन प्रकरणों में लोक अदालत के माध्यम से निराकरण होता है उक्त प्रकरणों में कोर्ट फीस वापसी का प्रावधान है, साथ ही लोक अदालत में निराकरण होने वाले प्रकरणों में किसी भी न्यायालय में अपील स्वीकार्य नहीं होती। अधिक जानकारी के लिये जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोरबा दूरभाष 07759-228939, तालुका विधिक सेवा समिति कटघोरा दूरभाष नंबर 07815-250833, तालुका विधिक सेवा समिति पाली दूरभाष नंबर 07816-232037, तालुका विधिक सेवा समिति करतला दूरभाष नंबर 07759-279833 कर सकते है।

## जवानों ने लकड़ी के बने नक्सली स्मारक को आग लगाकर किया नष्ट

**नारायणपुर। छ.ग. फ्रंटलाइन।** जिले में चलाये जा रहे नक्सल उन्मूलन अभियान के तहत डीआरजी. एवं छस.बल की संयुक्त टीम अभियान हेतु धनोरा-ओरछा एवं की ओर रवाना हुई थी।

थाना धनोरा क्षेत्रान्तर्गत ग्राम मलसकट्टा में नक्सलियों द्वारा लकड़ी का स्मारक बनाया गया था, जिसे आज सुरक्षा बलों द्वारा उक्त नक्सली स्मारक को आग लगाकर नष्ट किया गया है। इसके साथ ही सुरक्षा बल द्वारा क्षेत्र में सर्चिंग गस्त के दौरान ग्राम भटबेड़ा में सुरक्षा बल एवं आम जनता को नुकसान की नीयत से रखे बिजली के वायर, फटाखे, आदि नक्सल सामग्री बरामद किया गया है।

उक्त सम्पूर्ण कार्यवाही डीआरजी. एवं 09 वीं वाहिनी छस.बल की संयुक्त टीम के द्वारा किया गया है।

## नवपद ओली की आराधना

**नगरी। छ.ग. फ्रंटलाइन।** जैन समाज नगरी में नवपद जी की ओली की आराधना चल रही है। इस आराधना के लाभार्थी परिवार श्रीमती रत्नीदेवी नाहटा,नरेश जी,योगेश जी नाहटा परिवार हैं। इस तपस्या में प्रमुख रूप से स्मिता गोलछा, सुमन छाजेड़, सीमा नाहटा, भारती चोपड़ा, नीलिमा चोपड़ा, निकिता बोहरा, नेहा छाजेड़, निशा नाहटा, शोभा गोलछा, भावना गोलछा, उपासना गोलछा, मधु डागा, कविता डागा,सुश्री जानव्ही छाजेड़, रोमा पारख दुर्ग, प्रियंका गोलछा अंकित गोलछा,खेतमल गोलछा, पार्वती बोहरा भाग लिया।

## रकम दुगूना करने के मामले में आर.पी.ग्रुप नामक फर्जी कंपनी का मुख्य आरोपी गिरफ्तार

**कोरबा। छ.ग. फ्रंटलाइन।** मामले का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि चौकी सीएसईबी में पंजीबद्ध अपराध प्रार्थी ज्योति कुमार सोनी तथा नागेश्वर दास महंत ने चौकी में रिपोर्ट दर्ज कराया है कि राजेंद्र व्यवाह मनीष दिव्य मेवा लाल साहू भुनेश्वर साहू भोलाराम नामक व्यक्ति द्वारा आर पी ग्रुप नामक कंपनी फर्जी रूप से बनाकर लोगों को लोक लुभावन 100000 रुपए जमा करने पर एक वर्ष के अंदर 10000000 रुपए मिलेगा कह कर लोगों से वर्ष 2016 से कई करोड़ रुपए जमा कराया और किसी भी व्यक्ति को रकम वापस नहीं किया।

प्रार्थी द्वारा छप्पन लाख रुपए जमा किया गया है जो रकम मांगने पर टालमटोल कर रहा है जिस पर अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया था पूर्व में मुख्य आरोपी राजेंद्र को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से फर्जी तैयार किए गए दस्तावेज जप्त किया गया था, आज आरोपी मनीष दिव्या को पूछताछ बाद उसके कब्जे से कई बैंकों का पासबुक खाता सात चार पहिया वाहन कंप्यूटर प्रिंटर तथा नोट गिनने का मशीन तीन वॉकी टॉकी आदि को जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है। गिरफ्तार आरोपी से लगभग 7000000 का समान जप्त किया गया है फरार आरोपियों की तलाश की जा रही है।

# एक दिवसीय भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा ने प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की

**कोरबा। छ.ग. फ्रंटलाइन।** प्रदेश भारतीय जनता पार्टी के आह्वान पर एक दिवसीय भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा द्वारा कटघोरा के छिर्रा में प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित किया गया। जहां सभी किसान मोर्चा के पदाधिकारी एवं किसान वर्ग कटघोरा में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। जिसमें भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा पदाधिकारियों द्वारा प्रशिक्षण दिया गया, कि गांव में जन चौपाल लगाकर लोगों को बताना है कि कैसे हमारे किसान भाइयों के साथ राज्य सरकार द्वारा छल किया जा रहा है।

भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा द्वारा एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में जिला महामंत्री संतोष देवांगन ने भाजपा का इतिहास व विकास तथा संगठनात्मक संरचना में हमारी भूमिका पर विस्तृत रूप से प्रकाश डाला। उन्होंने सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं को आह्वान करते हुए कहा कि किसानों की समस्याओं के निराकरण के लिए अपने क्षेत्र में तत्पर रहें एवं केंद्र सरकार की योजनाओं को वंचितो तक पहुंचाने का कार्य जागरूकता के साथ करें। प्रधानमंत्री मोदी के शासन में किसानों का भविष्य उज्जवल है। श्री देवांगन ने कहा कि किसान ही देश की मुख्य धुरी हैं। किसान अनाज उत्पादन करके मूल आवश्यकताओं की पूर्ति में अपनी अहम भूमिका निभाता है। भारत सरकार द्वारा किसान सम्मान निधि, फसल बीमा क्लेम का लाभ किसानों तक पहुंचाएं ताकि आम किसान इसका लाभ उठा सकें।

भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष चुलेश्वर राठौर ने किसान मोर्चा की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भाजपा में वैसे तो सभी मोर्चे महत्वपूर्ण है, परंतु किसान मोर्चा की भूमिका बहुत ही महत्वपूर्ण है। किसान मोर्चा के सभी पदाधिकारी अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए सदैव किसानों के बीच में केंद्र सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओं को अवगत करवाते रहें तथा किसानों की तकलीफ के वक्त साथ खड़े रहे। उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार की किसानों के लिए शुरू की गई महत्वपूर्ण जनकल्याणकारी योजनाओं के विषय पर गांव में चौपाल लगाकर इसकी विस्तृत जानकारी दें।

एक दिवसीय भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रमुख रूप से भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के कोषाध्यक् प्रीतम गभेल, भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष लखन लाल देवांगन जनता पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष कोरबा पवन गर्ग, चुलेश्वर राठौर जिलाध्यक्ष भाजपा किसान मोर्चा कोरबा, कटघोरा नगर पालिका परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष पवन अग्रवाल, पवन सिंह महामंत्री कोरबा, संतोष जयसवाल, संतोष देवांगन जिला महामंत्री कोरबा, डाकेश्वर शुक्ला जिला महामंत्री कोरबा, अशोक तिवारी कटघोरा मण्डल अध्यक्ष भाजपा किसान मोर्चा, संजय शर्मा जिला मंत्री कोरबा, बी एस कवर जिला उपाध्यक्ष किसान मोर्चा, दिलहरण महंत, पुरुषोत्तम यादव, राकेश यादव, विजेंद्र यादव, रामेश्वर राणा, अर्जुन लाल राठौर, देवेंद्र सिंह, भजन सिंह, शिवरतन राठौर, सुरेश यादव, नवरत्न राजपूत, उमेश्वर सोनी, रामकुमार पटेल, महेंद्र कुमार, शंकर सिंह, शिवचरण सिंह, राजेश राठौर, रतन सिंह कंवर, रामखेलावन जायसवाल, हरि साहू, बाबू सिंह कंवर, कुंदन दास दीवानए,रमेश कुमार कवर, अनूप दास, रूपेश महंत, बुढ़ान सिंह, मोहन लाल यादव, संतोष जायसवाल, अजय द्विवेदी, जयकुमार, विक्रम सिंह, संतोष जयसवाल,अजीत यादव,माखन यादव, महेंद्र प्रताप सिंह, हरिप्रसाद सिंह, उत्तम सिंह रंधावा, हरीश वाधवानी, राजेंद्र टंडन महामंत्री कोरबा, रामलाल कुर्रे, धन्नू दुबे मंडल अध्यक्ष कटघोरा, महेश राम भारद्वाज, अजय द्विवेदी, शंभू शरण सिंह, लक्ष्मीकांत तिवारी, विष्णु यादव, विष्णु लाल, जगदेव तथा बड़ी संख्या में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता शामिल रहे।

## उतई नगर पंचायत के वार्ड क्रमाक 13 में काम रुकवाने पार्षद पहुँचे

**दुर्ग । छ.ग. फ्रंटलाइन।** नगर नगर पंचायत उतई के वार्ड क्रमाक 13 मे दो लाख छह हजार रुपये की लागत से 48 मीटर सीसी रोड स्वकृत हुआ है।मंगलवार को जब ठेकेदार एस के सिह की ओर से सुबह 10 बजे सीसी रोड का काम सुरु हुआ। तभी सीसी रोड स्थल पर काम रुकवाने पार्षद व पार्षद पति पहुँचे।काम रोकने हेतु बहस करने लगे। लेकिन ठेकेदार एस.के सिह ने कहा कि मैं काम वर्क आर्डर व मापदंड के अनुरूप कर रहा हु।कोई दिक्क्त है तो सी एम ओ व इंजीनियर से मिलकर बातचीत कर ले । मैं काम नही रोकूंगा। कार्य रुकवाने आने वालों में प्रमुख रूप से पार्षद वार्ड क्रमाक 5 सतीश चन्द्राकर, पार्षद वार्ड क्रमाक 6 की दीपमाला देशलहरा के पति बिस्नु देशलहरे, वार्ड क्रमाक 2 की पार्षद सरस्वती साहू के पति नरेन्द्र साहू, वार्ड क्रमाक 13 की पार्षद श्रीमती सन्तोसी कुंजाम, वार्ड क्रमाक 4 की पार्षद मनोरमा देवागन के पति अंगद देवागन व वार्ड क्रमाक 1 के पार्षद योगेश ठाकुर उपस्थित थे।

# आयुक्त नगर पालिका निगम कोरबा को अवमानना नोटिस

**बिलासपुर। एजेंसी।** कोरबा निवासी मनीष मिश्रा, रमेश दास,रवि साहू, रवि राठौर, राजेश केवट, संजय कुमार झा, धनेश्वर राजवाड़े,राजाराम, पंचराम, गौरी शंकर, बृजलाल, संतोष कुमार, बलराम, दादूराम आदि ने अपने अधिवक्ता अब्दुल वहाब खान के जरिये छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट में इस आशय की अवमानना याचिका पेश किया है कि वे नगर पालिक निगम कोरबा के अंतर्गत दैनिक वेतन भोगी कर्मी के रूप में 20-21 वर्ष पूर्व से अनवरत कार्यरत है।

जोकि काफी वर्षों से उनके नियमितीकरण के लिए मांग करते रहे उसके बाद भी उनका उनका नियमितीकरण नहीं हुआ तब वे उच्च न्यालय के समक्ष इस आशय की याचिका पेश किए थे कि वे नगर पालिका निगम कोरबा की विभिन्न शाखाओं में दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी के रूप में 21 वर्षों से भी अधिक समय से कार्यरत रहे हैं ।

वर्ष 2008 को सामान्य निर्देश भी जारी किए गये थे कि ऐसे



कर्मियों को जिन्होंने 10 वर्षो की सेवा अवधि पूरी कर लिये है उन कर्मचारियों को नियमित करने हेतु निर्देश दिए गए थे जिसके परि पालन में छत्तीसगढ़ शासन के द्वारा भी वर्ष 2008 में नियमितीकरण हेतु निर्देश व नियम जारी किए गए थे। किंतु उसके बाद भी अब तक याचिकाकर्तागण को नियमित किए जाने नगर पालिक निगम कोरबा के द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की गई। जिससे व्यथित होकर याचिकाकर्ताओ ने छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के समक्ष याचिका पेश की थी।

जिस पर छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के द्वारा नगर पालिका निगम के आयुक्त को निर्देश जारी किया था कि वे याचिकाकर्ताओ को रिक्त पद के एवज में जो कि 150 से भी अधिक पद नगर पालिक निगम में दैनिक वेतन भोगी कर्मी के रूप में कार्यरत कर्मियों के विभिन्न पद रिक्त हैं, उन सभी पदों में याचिकाकर्ताओ को प्राथमिकता के आधार पर नियुक्त किए जाने के संबंध में उनके द्वारा प्रस्तुत अभ्यावेदन का निराकरण अभ्यावेदन प्रस्तुति के चार माह के भीतर किए जाने का निर्देश जारी किया था।

किंतु उसके बाद भी किसी भी प्रकार की कारवाई नहीं की गई। कमिश्नर द्वारा न्यायालयीन आदेश की अवहेलना करने का आरोप लगाते हुए याचिकाकर्ताओं ने अवमानना याचिका पेश किया हैं। जिस पर सुनवाई करते जस्टिस पी सेम कोशी ने नगर पालिका निगम कोरबा के आयुक्त प्रभाकर पांडे को नोटिस जारी किया है।

# कोषालय पंजी और स्ट्रांग रूम का कलेक्टर ने किया निरीक्षण

**कोरबा। छ.ग. फ्रंटलाइन।** कलेक्टर संजीव कुमार झा ने कलेक्टोरेट परिसर स्थित जिला कोषालय का निरीक्षण किया। उन्होंने कोषालय के पंजियों का सत्यापन करने के साथ ही स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया। कलेक्टर ने स्ट्रांग रूम में रखे गये जूडिसियल और नान जूडिसियल स्टाम्प टिकट सहित रखे गये अन्य सामग्रियों का अवलोकन करने के साथ ही पंजी में अंकित सभी सामग्रियो का मिलान एवं भौतिक सत्यापन किया।




उल्लेखनीय है कि हर छः माह में जिला कोषालय के स्ट्रांग रूम का कलेक्टर द्वारा निरीक्षण किया जाता है। इस दौरान जिला कोषालय अधिकारी श्री जसपाल सिंह सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित थे। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री झा द्वारा कोषालय में देयकों की जमा से लेकर पासिंग की प्रक्रिया एवं जिले में लंबित पेंशन प्रकरणों की जानकारी ली गई। देयकों को समय सीमा में निराकरण करने एवं पेंशन प्रकरणों को डीडीओ से समन्वय कर त्वरित निराकरण के निर्देश दिए।

# ब्लॉक कांग्रेस कमेटी पाटन की पत्रकारवार्ता, सिलसिलेवार दी जानकारी

**पाटन। छ.ग. फ्रंटलाइन।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी पाटन द्वारा बुधवार को को विश्रामगृह पाटन में पत्रकारवार्ता लिया ए गया। पत्रकारवार्ता में कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष महेंद्र वर्मा के अलावा कांग्रेस के वी वरिष्ठ नेता मौजूद थे।

पत्रकारवार्ता में नी बताया गया कि दुनिया के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश में आज आम लोगों का गुजरा और राहुल गांधी की सदस्यता को समुदाय का अपमान करने का आरोप आवाज उठाना, भ्रष्टाचार के खिलाफ समाप्त करने का षड्यंत्र किया। मंडी बोर्ड लगाने की घटिया चाल भाजपा की हताशा आवाज उठाना गुनाह हो गया है। राहुल के अध्यक्ष अश्विनी साहू ने कहा कि को दर्शाती है। संतोषी तिवारी ने कहा कि । गांधी के संसदीय निष्कासन के मुद्दे पर प्रधानमंत्री मोदी और अडानी में यह रिश्ता आपराधिक मानहानि के लिए अधिकतम 2 रा ली गई पत्रकारवार्ता में ब्लॉक अध्यक्ष महेंद्र क्या कहलाता है। अपेक्स बैंक के साल की सजा आज तक किसी को नहीं को वर्मा ने कहा कि राहुल गांधी की संसद डायरेक्टर राकेश ठाकुर ने दावा किया कि मिली है। दूसरी और भाजपा नेताओं के म सदस्यता को समाप्त करना मोदी सरकार राहुल गांधी ने विदेशी ताकतों से लंदन में खिलाफ मामले अत्यधिक उदारता से र को हताशा को दर्शाता है। घटनाक्रम का सिलसिलेवार ब्यौरा एक सफेद झूठ है। अगर कोई उनके खिलाफ आवाज उठाने वाले को आवाज । उन्होंने रखा। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी वक्तव्य को ध्यान से देखें, तो समझ दबाने का षड्यंत्र किया जा रहा है। को के ऊपर ये सभी कार्रवाई क्यों की गई आ जायेगा। भारत की मदद करने के लिए कहा यह निपटाए जाते हैं। पत्रकारवार्ता में उपाध्यक्ष जनपद पंचायत देवेंद्र चंद्रवंशी, दिनेश साहू, संतोषी क देश के प्रधानमंत्री की दुखती रग पर हाथ अंदरूनी मामला है। हम स्वयं इसका हल तिवारी, सोहन बघेल, नीरज सोनी, गुलाब न्य रख दिया है। उन्होंने मोदी के निकट निकालने में सक्षम है। भाजपा अब झूठी ठाकुर, प्रशांत शुक्ला, भागवत बंछोर, सहयोगी अडानी के घोटाले बाजी और हौवा खड़ा कर रही है। ओबीसी कांग्रेस के मनीष पटेल, राजेश ठाकुर, रमन टिकरिहा, अडानी मोदी के गठबंधन पर आवाज ब्लॉक अध्यक्ष संजय यदु ने कहा कि गोपाल देवंगन, ईश्वरी वर्मा, सुरेश निषाद, उठाया। इस कारण मोदी को यह नागवार भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा की ओबीसी सहित अन्य मौजूद थे।

# साइबर क्राइम से बचने व्यापारियों का जागरूक होना जरूरी : रोहित मालेकर

## साइबर क्राइम पर कार्यशाला आयोजित

छ.ग.फ्रंटलाइन

**रायपुर।** कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) सीजी चैप्टर व पुलिस विभाग के संयुक्त तत्वाधान में कैट के प्रदेश कार्यालय में साइबर क्राइम पर कार्यशाला का आयोजित हुई। एंटी क्राइम-साइबर, यूनिट निरीक्षक रोहित मालेकर ने बताया कि भारत में साइबर क्राइम और ऑनलाइन फ्राड के केस प्रतिदिन बढ़ते जा रहे हैं। और जानकारी न होने के कारण लोग इसके शिकार होते हैं। वो कुछ नहीं कर पाते। साइबर क्राइम के बारे में तो आपने सुना ही होगा लेकिन क्या आप जानतें है कि साइबर क्राइम क्या है। और इससे कैसे बचे। जब इन्टरनेट को विकास किया गया होगा तो किसी ने सोचा भी नहीं होगा कि भविष्य में इसका गलत इस्तेमाल किया जाएगा और ये बताने की नहीं है, कि अब इन्टरनेट के जरिये से साइबर स्पेस में जो भी क्राइम होते हैं। उन्हें साइबर क्राइम कहते हैं। इसके अनाम प्रकृति के कारण ही इसकी शुरुआत हुई थी। साइबर क्राइम




एक ऐसा अपराध है, जिसमें कम्प्यूटर का उपयोग ऑनलाइन अपराध (हैकिंग, स्पैमिंग, फिशिंग) करनें के लिए किया जाता है। सीधे शब्दों में किसी कम्प्यूटर जो अपराधियों इन अवैध गतिविधियां को करते है। उन्हें हैकर या क्रैकर कहा जाता है। चूंकि हैकर साइबर क्राइम करने के लिए कम्प्यूटर का इस्तेमाल करते है। आपने देखा भी होगा की कोई भी प्रोडक्ट हो उसका नकली वर्शन उससे पहले मार्किट में आ जाता है। कोई भी साफ्टवेयर हो उसका फ्री वर्शन या क्रैक वर्शन जरूर मिल जाता है। कम्प्यूटर में कई प्रकार के अपराध भी किये जाते है। स्पैमिंग, फिशिंग, हैकिंग, जानकारी चोरी करना, वायरस फैलाना, साफ्टवेयर पाइरेसी, फर्जी बैंक काल, अफवाह फैलाना, साइबर बुलिंग जानकारी मिटाना, फेरबदल करना आदि। मालेकर ने आगे कहा कि हम निम्न तरीको से साइबर क्राइम से बच सकते हैं। स्पैमिंग, फिशिंग, मेल के बारे अच्छे जाने और कभी भी किसी अंजान व्यक्ति को मेसेज या मेल नहीं करना है। किसी भी वेबसाइट पर अपनी व्यक्तिगत जानकारी न शेयर करें। ऑनलाइन शॉपिंग करते समय भी होशियार रहे एवं लोकप्रिय और भरोसे वाले साइट से शॉपिंग करें। जब भी ऑनलाइन भुगतान करें तो ब्राउसर में लॉक चिन्ह जरूर देखें। किसी भी साफ्टवेयर या ऐप को डाउनलोड करने से पहले अच्छे से निश्चित कर ले कि आप कुछ गलत तो नहीं कर रहे। किसी भी ऑनलाइन स्कीम इसमें पैसे जितने और इनाम मिलने की बात हो तो उसके लालच में न पडे और उन पर बिलकुल भी विश्वास न करें। इन बातों को ध्यान में रखकर आप सायबर क्राइम से बच सकते हैं। साइबर क्राइम शिकायत करने के लिए आप भारत सरकार की वेबसाइट पर जा कर ऑनलाइन शिकायत कर सकते हैं। इसके अलावा भारत के लगभग सभी बडे शहरों में साइबर सेल मौजूद है। आप वहां जाकर शिकायत कर सकते हैं। साथ टोल फ्री नम्बर 1930 पर फोन करके शिकायत कर सकते हैं। तथा रायपुर पुलिस सायबर सेल को 0771-4247109 पर व्हाट्सअप कर सकते हैं। कैट के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमर पारवानी एवं प्रदेश अध्यक्ष जितेन्द्र दोशी ने बताया कि कैट सीजी चैप्टर एवं पुलिस विभाग के संयुक्त तत्वावधान में साइबर क्राइम पर कार्यशाला कैट के प्रदेश कार्यालय में हुआ। साइबर क्राइम से बचने के लिए व्यापारियों को जागरूक होना जरूरी है। व्यापारियों को किसी प्रकार के इनाम, लोन ऑफर, फर्जी काल आदि से बचना चाहिए। अन्जान व्यक्तियों से लेन-देन नहीं करना चाहिए। सायबर क्राइम से बचने के लिए हमें जागरूक होना चाहिए और सभी व्यापारियों को जागरूक करना चाहिए। सेमीनार में कैट सीजी चैप्टर के पदाधिकारी, कैट युवा टीम के पदाधिकारी, व्यापारी संगठनों के पदाधिकारी एवं व्यापारी उपस्थित रहे- अमर पारवानी, अमर गिदवानी, मगेलाल मालू, जितेन्द्र दोशी, परमानन्द जैन, वासु माखीजा, सुरिन्द्रर सिंह, भरत जैन, अवनीत सिंह, अमर धिंगानी, विजय पटेल, दीपक विधानी, विजय गोयल, महेन्द्र कुमार बागरोडिया, राकेश ओचवानी, मोतीलाल सचदेव व अन्य व्यापारी उपस्थित थे।

## राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम:कलेक्टर ने राजस्व अधिकारियों को किया सम्मानित

छ.ग.फ्रंटलाइन

**राजनांदगांव।** कलेक्टर डोमन सिंह ने शनिवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत राजनांदगांव जिले को राज्य स्तर पर पुरस्कृत होने पर सभी संबंधित राजस्व अधिकारियों को सम्मानित किया। उल्लेखनीय है कि राजनांदगांव जिले को कोटपा अंतर्गत एक माह में 92 चालानी कार्रवाई से बढ़ाकर 1000 से अधिक चालानी कार्रवाई के लिए पुरस्कृत किया गया है। कलेक्टर ने इस सम्मान के लिए राजस्व व पुलिस विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों तथा जिलेवासियों को हार्दिक बधाई दी है। राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम अंतर्गत जिले में प्रभावी कार्य किए जा रहे हैं। राजस्व एवं पुलिस विभाग के साथ स्वास्थ्य विभाग की भी इस कार्यक्रम में



विशेष सहभागिता रही है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा तम्बाकू एवं अन्य मादक पदार्थों के दुष्परिणामों के संबंध में जागरूक किया जा रहा है। इस अवसर पर एसडीएम राजनांदगांव अरूण कुमार वर्मा, एसडीएम डोंगरगढ़ गिरीश रामटेके, एसडीएम डोंगरगांव सुनील कुमार नायक, तहसीलदार राजनांदगांव प्रफुल्ल कुमार गुप्ता, तहसीलदार डोंगरगढ़ राजू पटेल,तहसीलदार लालबहादुर नगर भूपेन्द्र कुमार नेताम, तहसीलदार छुरिया अनुरिमा टोप्पो, तहसीलदार डोंगरगांव कोमल ध्रुव, नायब तहसीलदार राजनांदगांव सुरेखा वर्मा, नायब तहसीलदार राजनांदगांव देविका, नायब तहसीलदार राजनांदगांव रामनरेश पटेल, नायब तहसीलदार छुरिया भरत लाल, नायब तहसीलदार डोंगरगढ़ विजय कुमार साहू को सम्मानित किया गया।

## विश्व स्वास्थ्य दिवस पर निकाली जागरुकता रैली

छ.ग.फ्रंटलाइन

**कवधा।** स्वास्थ्य ही अनमोल धन है। इस वर्ष सबके लिए स्वास्थ्य थीम पर आधारित विश्व स्वास्थ्य दिवस सुधा देवी शासकीय नर्सिंग कालेज कवर्धा में मनाया गया। कलेक्टर एवं जिला रेड क्रॉस समिति अध्यक्ष जनमेजय महोबे निर्देश एवं सीएमएचओ डॉ सुजॉय मुखर्जी के निर्देशानुसार जिला रेडक्रास सोसायटी, स्वास्थ्य विभाग एवं नर्सिंग कॉलेज कवर्धा के द्वारा संयुक्त रूप से मनाया गया। इस अवसर पर कलेक्टर ने लोगों को स्वास्थ के प्रति जागरूक रहकर स्वस्थ जीवन जीने का संदेश प्रेषित किया है। शासकीय नर्सिंग कॉलेज के छात्रों द्वारा रैली तथा स्वास्थ्य संबंधित स्लोगन को तख्ती लेकर नारा लगाते हुए सिग्नल चौक कवर्धा में स्वास्थ्य पर आधारित विशाल रंगोली




बनाकर स्वास्थ्य के प्रति जागरुकता का संदेश दिया। जागरुकता रैली को डॉ. बीएल राज द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर डॉ. बीएल राज जिला स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि सन 1948 में विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) की स्थापना हुई थी। स्वास्थ्य के महत्व के बारे में जागरुकता बढ़ाने और हमारे डॉक्टर्स के अतुलनीय योगदान को चिह्नित करने के लिए विश्व स्वास्थ्य दिवस प्रति वर्ष मनाया जाता है। स्वास्थ्य मानव सुख और कल्याण के लिए बहुत जरूरी है। किसी भी राष्ट्र की उन्नति के लिए स्वस्थ्य जीवन का होना बहुत जरूरी है। कार्यक्रम को सफल बनाने संस्था के प्राचार्य नारायणी साहू एवं जी.विनिता का विशेष सहयोग रहा। इस अवसर पर बालाराम साहू जिला समन्वयक रेडक्रास सोसायटी, महेश सिंह ठाकुर शिक्षक, नरेन्द्र चंद्रवंशी, नितिन सोनी, रूपेश चन्द्रोल, लीना वार्डन, गेंदू ध्रुव उपस्थित हुए।

## दूरस्थ ग्राम माटी पहाड़ छर्रा में नवीन बाजार का उदघाटन और सामुदायिक भवन का किया भूमिपूजन : गांव के अंतिम छोर तक विकास रफ्तार से दौड़ रहा है - विधायक यू.डी.मिंज

**क्षेत्र का विकास करने वाले विधायक मिंज का महिलाओं ने चुनरी ओढ़ा कर किया स्वागत**





छ.ग.फ्रंटलाइन

**कुनकुरी।** जिले के फरसाबाहर विकासखंड के दूरस्थ ग्राम माटीपहाड़ में संसदीय सचिव यू.डी. मिंज ने बाजार उद्घाटन और सामुदायिक भवन का भूमिपूजन किया। इस अवसर पर कुनकुरी विधायक और संसदीय सचिव यूडी मिंज ने अपने उद्बोधन में कहा कि आज हमारी सरकार किसान, गरीब और युवाओं के हित में कार्य कर रही है। हमारे मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने किसानों के लिए कई योजनाओं के माध्यम से किसानों की आय में वृद्धि के लिए कार्य कर रहे हैं। आज हमारे लिए गर्व की बात है कि कुनकुरी विधानसभा सहित जिले और प्रदेश में सड़क बिजली और पानी की समस्याओं से लगभग समस्या अंतिम पड़ाव पर है। वहीं संसदीय सचिव और विधायक यूडी मिंज ने सभी योजनाओं की जानकारी देते हुए बाजार के उद्घाटन और सामुदायिक भवन के शिलान्यास कार्यक्रम में पहुंचे लोगों को सभी योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया. लोगों ने विधायक के स्वागत के लिए आरती की थाल और चुनरी ओढ़ा कर भव्य स्वागत किया और पारंपरिक गाजा बाजा के साथ थिरकते हुए जोशीला स्वागत किया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से मनोज सागर यादव जिलाध्यक्ष जिला कांग्रेस जशपुर, डीडीसी नवीना पैंकरा, निरंजन ताम्रकार ब्लॉक अध्यक्ष फरसाबहार, सरपंच नीलम भगत सहित भारी संख्या में ग्रामवासी, महिला-पुरुष और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## सामरबार में पहाड़ी कोरवा परिवारों के लिए लगाया गया स्वास्थ्य शिविर



**मरीजों को नि:शुल्क दवाई वितरण किया गया और स्वास्थ्य संबंधी समस्या होने पर तत्काल स्वास्थ्य केंद्र जाने की सलाह दी गई**

**छ.ग.फ्रंटलाइन, जशपुरनगर।** बगीचा विकास खंड के विशेष पिछडी जन जाति पहाड़ी कोरवा परिवारो के लिए सामरबार में स्वास्थ्य विभाग ने स्वास्थ्य शिविर लगाकर खून जांच, शुगर जांच, बीपी जांच, एवं अन्य बीमारी की जांच करके नि शुल्क दवाई वितरण किया गया। लोगों को साफ सफाई पर भी विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। बच्चों को भी पोष्टिक आहार देने के लिए कहा गया। साथ ही किसी भी प्रकार की स्वास्थ्य संबंधी समस्या आने पर नज़दीक के स्वास्थ्य केंद्र में जाकर इलाज करवाने की समझाइश दी गई।

## ग्राम पंडरापाठ, चम्पा, छिछली और सन्ना में स्वास्थ्य विभाग ने 30 बैगा गुनिया की ली बैठक

छ.ग.फ्रंटलाइन

**जशपुरनगर।** बगीचा विकास खंड के 4 सेक्टर ,पंडरापाठ, चम्पा, छिछली और सन्ना में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने 30 बैगा गुनिया से चर्चा करके सांप काटने वाले मरीजों को तत्काल स्वास्थ्य केंद्र भेजने की सलाह दी गई।

### स्वास्थ्य विभाग के द्वारा दी गयी सलाह



साँप काटने पर तत्काल मरीजों को गाड़ी बुलाकर उन्हें नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र लेकर जाए ताकि मरीजों का उपचार शीघ्र ही शुरू किया जा सके और मरीज की जान बचाई जा सके । दूरस्थ अंचल के लोगों को स्वास्थ्य संबंधी भी जानकारी दी गई है।

## पहाड़ी कोरवा के 46 लोगों का स्वास्थ्य जांच हूआ

**जशपुरनगर।** बगीचा विकास खंड के ग्राम कुकरभुका सावाटोली में विशेष पिछड़ी जनजातियों परिवारों के लिए लगाया गया स्वास्थ्य शिविर और 46 लोगों का जांच कर निश्शुल्क दवाई का वितरण किया गया । लोगों को



नियमित स्वास्थ्य जांच कराने के लिए कहा गया

## वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जशपुर डी. रविशंकर के द्वारा ग्राम लोधमा थाना कुनकुरी में ली गयी

**विभिन्न समाज प्रमुखों एवं ग्रामीणों की बैठक, सभी लोगों ने आपसी भाईचारा एवं शांति बनाये रखने का लिया संकल्प, हिन्दू एवं मुसलमान समाज के लोगों के साथ मिलकर किया श्रमदान एवं आम रास्ते की साफ सफाई, दिनांक 11 अप्रैल 2023 को होने वाले शिव मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा एवं कलश यात्रा में किया गया आमंत्रित**





छ.ग.फ्रंटलाइन

**कुनकुरी।** थाना कुनकुरी के ग्राम लोधमा के मुस्लिम समाज के प्रतिनिधियों के द्वारा दिनांक 06 अप्रैल 2023 को असामाजिक तत्वों द्वारा समाज का सौहार्द्र बिगाडने का प्रयास के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किया गया था। जिसके तारतम्य में आज दिनांक 08 अप्रैल 2023 को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जशपुर डी. रविशंकर के द्वारा रामकुमार सन्यासी जनपद सदस्य लोधमा, मो. मोबिन अली सदर एवं समाज उपाध्यक्ष लोधमा, रामप्रसाद राम सरपंच प्रतिनिधि लोधमा, मो. इलियास गनी आदि की उपस्थिति में ग्राम पंचायत परिसर लोधमा में बैठक रखी गयी। जिसमें सभी समाज के लोगों को शान्तिपूर्वक व्यवहार करने, गांव का माहौल खराब करने का प्रयास करने वाले लोगों की सूचना पुलिस को देने तथा भाईचारे के साथ रहने की हिदायत दी गयी। साथ ही किसी भी प्रकार से कानून व्यवस्था को खराब करने वाले लोगों पर कठोरतम कार्यवाही करने हेतु थाना प्रभारी कुनकुरी एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस कुनकुरी को आदेशित किया गया। इस दौरान गांव के समाज प्रमुखों द्वारा बताया गया कि वे हमेशा से एक दूसरे के धर्मो का सम्मान करते आये हैं और दिनांक 11 अप्रैल 2023 को हिन्दू समाज द्वारा निर्मित शिव मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर आमंत्रित किया गया। इस दौरान हिन्दू एवं मुसलिम समाज के प्रमुखों द्वारा मिलकर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय के साथ गांव के आम रास्तों की साफ सफाई की गयी एवं श्रमदान किया गया। ग्रामीणों ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को अपनी समस्याओं से भी अवगत कराया, जिसके त्वरित निराकरण के आदेश दिये गये। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय उमेश कश्यप, एसडीओपी संदीप मित्तल, तहसीलदार लक्ष्मण राठिया, थाना प्रभारी कुनकुरी एल.आर.चौहान एवं अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## वन विभाग की निष्क्रियता के चलते जंगल में लगातार हो रही सागौन पेड़ों की कटाई

छ.ग.फ्रंटलाइन

**पत्थलगांव।** पुलिस ने लुड़ेग क्षेत्र में दबिश देकर आधा दर्जन ट्रेक्टर सागौन व इमारती लकड़ी जब्त की है। पूरी रात चली पुलिस एव वन अमले की कार्रवाई से लकड़ी माफियाओं में हड़कंप गया है। जब्त हुवे लकड़ी की अनुमानित कीमत लगभग 25 लाख बताई जा रही है। तस्करी के इस खेल में सबसे बड़ा दुखद पहलु यह है की इतनी भारी मात्रा में जंगल से लकड़ी की अवैध कटाई का भनक तक वन विभाग को नहीं लग सका जबकि झंडा घाट के जिस जंगल से यह कटाई हो राही थी वहा वन विभाग का नाका की भी उपस्थिति की बात सामने आ रही है इस मामले में कांग्रेस नेत्री भारत यात्री एव वन समिति की सदस्या रत्ना पैंकरा ने कड़ी आपत्ति दर्ज करते हुवे पुरे मामले में वन विभाग की कार्यशैली को लेकर सवाल उठाये है रत्ना पैंकरा ने कहा की इतनी बड़ी मात्रा में सागौन की तस्करी में वन विभाग द्वारा कड़ी कारवाही किये जाने की जरुरत है साथ ही अन्य क्षेत्रीय जंगलो में हो रही लकड़ी तस्करी पर भी अंकुश लगाने की जरुरत है/ जंगलों के संरक्षण संवर्धन तथा वनों की सुरक्षा के लिए राज्य सरकार प्रतिवर्ष क्षेत्र में करोड़ों रुपए खर्च कर रही है किंतु पर्यावरण के प्रति जागरूकता लाने में वन विभाग पूरी तरह असफल रहा है या यूं कहें कि वन विभाग अवैध कटाई व वन तस्करों के संरक्षण को लेकर कार्य कर रहा है तो कोई अतिश्योक्ति नहीं



होगी। विदित हो की जिस जगह पर यह अवैध कटाई हो रही थी वहा वन विभाग द्वारा जलाऊ लकड़ी का रसीद दिखाकर पुरे तस्करी को वैध बनाने की कोशिश की जाने लगी थी परन्तु ग्रामीणों की सक्रियता ने पुरे खेल को उजागर कर दिया । बताया जा रहा है की इस मामले में लुड़ेग निवासी दो संदिग्ध को पत्थलगांव पुलिस ने हिरासत में लेकर पूछताछ करनी शुरू कर दी है वही मुख्य सरगना फरार बताया जा रहा है वन विभाग के साठ गांठ से सागोन के लकड़ी का अवैध कटाई और चोरी के मामले में लूडेग के एक रशुखदार व्यक्ति के ट्रैक्टर और जेसीबी मशीन भी जब्त की गई है साथ ही भारी मात्र में लकड़ी को थाने तक लाने के लिए आधा दर्जन ट्रेक्टर भी लगाया गया है खबर तो यह भी है की इस पुरे खेल में वनकर्मी की भूमिका काफी संदिग्ध है क्योंकि जब जंगल में लकड़ी कटाई के मशीन की आवाज जब आश पास के ग्रामीणों ने सुनी तो तत्काल जंगल पहुंच कर देखा तो वहां जेसीबी के माध्यम से ट्रैक्टर में सागोन के कच्ची लकड़ी को लोड किया जा रहा था । वहीं वन विभाग के कर्मचारी भी वहां मौजूद थे, जब ग्रामीणों ने लकड़ी कटाई की वजह और कटाई की अनुमति पत्र मांगा तो वहां मौजूद वन कर्मचारी भागकर फरार हो गया। विकासखंड के आदिवासी अंचल तिलईखार जंगल,चिन्बहरी जगल, रेंचुवा घाट समेत अन्य वन क्षेत्रो में सागौन सहित इमारती पेड़ों की अवैध कटाई जोरों पर है। सालों से हो रही अवैध कटाई पर वन विभाग का मौन रहना आश्चर्यजनक है। एक ओर तो कृषक वन भूमि पर कटाई कर अवैध कब्जा कर रहे हैं वहीं दूसरी ओर लकड़ी तस्कर इमारती लकड़ी विशेषकर सागवान की लकड़ी की अवैध कटाई कर उसे चोरी छुपे फर्नीचर बनाकर बेचने में निरंतर बेखौफ लगे हैं। यह भी सही हैं कि अवैध कटाई से लेकर फर्नीचर के निर्माण व बिक्री का पूरा कार्य खुलेआम चल रहा है। फिर भी वन विभाग के अधिकारियों का आंख मूंदकर बैठना यह साबित करता है कि जंगलों की अवैध कटाई वन विभाग की सरपरस्ती पर खुलेआम चल रही है।

## मदरसों में बेहतर तालीम के इंतजाम जरूरी, हालात का सर्वे कराये सरकार : असगर अली

**रायपुर।** भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष असगर अली ने कहा है, कि मदरसों में शैक्षणिक गुणवत्ता और बच्चों को आवश्यक सुविधाओं की पड़ताल के लिए पूरे देश में सर्वे किया जाना चाहिए। भाजपा चाहती है कि सभी



समाज के बच्चों को समान रूप से उचित सुविधाओं के साथ उच्च स्तरीय शिक्षा मिले और देश के बच्चे तरक्की करें व देश की तरक्की में भागीदारी करें। भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष असगर अली ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सबका विकास के इरादे से देश में शैक्षणिक विकास पर भी विशेष ध्यान दे रहे हैं। ऐसी स्थिति में राज्यों की जिम्मेदारी बनती है, कि मदरसा बोर्ड की देखरेख में मदरसों में बेहतर सुविधाओं के साथ गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की व्यवस्था हो। अल्पसंख्यक समाज के विकास के रास्ते दशकों तक बंद रहे। अटलजी ने सबको एक नजर से देखा और अल्पसंख्यक कल्याण की दिशा में कदम उठाए गए जिन्हें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रफ्तार दी है। देश के मुसलमान देश की तरक्की के रास्ते पर बराबरी से चल रहे हैं। मुसलमान चाहते हैं कि बच्चों को अच्छी शिक्षा मिले ताकि वे पिछड़ेपन से निजात पाकर बराबरी से आगे बढ़ सकें। मोदी की योजनाओं का लाभ सभी को समान रूप से मिल रहा है। शिक्षा के क्षेत्र में राज्यों पर बहुत कुछ निर्भर करता है। यह राज्य की जिम्मेदारी है कि मदरसों को बेहतर शिक्षा का केंद्र बनाएं। मदरसों में बेहतर तालीम के इंतजाम जरूरी हैं, सरकार हालात का सर्वे कराये।

चिंतन

# राजनीति के लिए संसद ठप करना चिंताजनक

देश की राजनीति से परिवारवाद, वंशवाद, भाई-भतीजावाद, जातिवाद, क्षेत्रवाद और संप्रदायवाद का अंत होना ही चाहिए, जैसा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है। लेकिन इसी के साथ संसद संचालन में 'राजनीतिक अवरोध' का समाधान भी जरूरी है। केवल और केवल राजनीति के लिए संसद को ठप करने की प्रवृत्ति खतरनाक है। इस बार बजट सत्र के दूसरे चरण में ना लोकसभा चली और न ही राज्यसभा। खास बात है कि इस बार सत्ता पक्ष व विपक्ष दोनों ने मिलकर संसद नहीं चलने दी। एक तो देश में संसद सत्र विश्व के अन्य देशों के मुकाबले कम दिनों के लिए आहूत होते हैं, उसमें भी अगर सयास संसद को चलने ही न दिया जाय तो यह अपने दायित्वों के प्रति विश्वासघात है। सांसदों का दायित्व है कि वह संसद का कामकज सूचारू करें, सत्ता पक्ष का भी दायित्व है कि वह सुचारू रूप से संसद चलाए और विपक्ष का भी देश के प्रति कर्तव्य है कि वह संसद चलने दें और संसद में देश के मुद्दों पर चर्चा करें। करीब एक दशक से अधिक समय से देखने को मिल रहा है कि विपक्ष में जो भी दल हों, वो संसद को ठप कराने के तिकड़म में लिप्त रहते हैं। लगता है जैसे संसद को ठप करना देश की राजनीतिक संस्कृति का हिस्सा बन चुका है। संसद के दोनों सदनों को बृहस्पतिवार को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया गया तथा विभिन्न मुद्दों पर हुए हंगामे एवं गतिरोध के कारण बजट सत्र के दौरान लोकसभा में महज 34 प्रतिशत और राज्यसभा में मात्र 24.4 प्रतिशत ही कामकाज हो पाया। संसद में गतिरोध के लिए जहां सत्ता पक्ष ने विपक्ष पर आरोप लगाया, वहीं कांग्रेस, बीआरएस, तृणमूल कांग्रेस और सपा समेत कई विपक्षी दलों ने आरोप लगाया कि इस सत्र में कार्यवाही बाधित रहने के लिए पूरी तरह सरकार जिम्मेदार है। सवाल है कि केवल आरोप लगा देने भर से सत्ता पक्ष और विपक्ष की लोकतांत्रिक व संवैधानिक जिम्मेदारी की इतिश्री हो जाती है? आखिद संसद के प्रति जिम्मेदार कौन होंगे? क्या लोकसभा अध्यक्ष और राज्यसभा के सभापति अपने-अपने दायित्व से बच सकते हैं? संसद में देश के मुद्दों पर चर्चा क्यों नहीं हो पा रही है? आम बजट जैसे गंभीर विषय पर सरकार व विपक्ष की बहस में रुचि नहीं होना आखिर देश में कैसी स्थिति का इशारा है? क्या पार्टियों के लिए सियासत इतनी अहम है कि उनके सामने संसद का ध्येय ही बौना हो जाय? सियासत भी तो इसी संसद में आने के लिए होती है और यहां आकर भी अगर संसद को ठप ही कराना है तो फिर ऐसी सियासत किसके लिए? क्या दलों को अपने आवाम की रत्ती भर भी चिंता नहीं होती? देश के लोकतंत्र पर सवाल उठते हैं तो सत्ता पक्ष विचलित होते हैं। लोकतंत्र पर सवाल सत्ता पक्ष व विपक्ष दोनों के लिए विचारणीय है। केवल चुनाव संपादन ही तो लोकतंत्र के चलते रहने का प्रमाण नहीं है। लोकतंत्र की सभी धुरियों का जीवंत, जवाबदेह और पारदर्शी होना भी जरूरी है। कार्यपालिका और विधायिका के साथ विपक्ष भी अपने दायित्वों को समझें, व्यर्थ की राजनीतिक नूराकुश्ती में संसद सत्र के बहुमूल्य समय को नहीं जाया होने दें। केवल आरोप और प्रत्यारोप से लोकतंत्र मजबूत नहीं होगा और संसद की सार्थकता कायम नहीं रहेगी। पक्ष व विपक्ष के सांसदों को अपने संसदीय व्यवहार पर आत्ममंथन करना चाहिए। क्या हंगामा से देश की दशा व दिशा बदलेगी? डेडलॉक पॉलिटिक्स का अंत होना चाहिए।



विश्व स्वास्थ्य दिवस

डॉ. अदिति अरुण

# सबको मिले स्वास्थ्य, पर कैसे?

भारत ने 1978 में ''अल्माअता घोषणा पत्र'' पर हस्ताक्षर कर ''वर्ष 2000 तक सबके लिए स्वास्थ्य'' लक्ष्य पाने की प्रतिबद्धता जताई थी। 1981 में आईसीएसएसआर (इंडियन काउंसिल फॉर सोशल साइन्स रिसर्च) तथा आईसीएमआर (इंडियन काउन्सिल फॉर मेडिकल रिसर्च) के संयुक्त पैनल ने 'सबके लिए स्वास्थ्य - एक वैकल्पिक राजनीति'' शीर्षक से एक विस्तृत रिपोर्ट तैयार की थी। 1983 में भारतीय संसद ने राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति को पारित कर इस लक्ष्य को प्राप्त करने का संकल्प लिया था। लेकिन आज तक इस नीति पर न तो अमल हुआ है और न ही किसी भी राजनीतिक दल के मुख्य एजेण्डा में यह मुद्दा शामिल हुआ।

वर्ष 2023 के विश्व स्वास्थ्य दिवस (7 अप्रैल) का थीम डब्लूएचओ ने फिर से "सब के लिए स्वास्थ्य" तय किया है। आम लोगों को लगेगा कि यह तो बहुत सराहनीय है। वैसे भी कथित तेज़ आर्थिक विकास के दौर में लोगों का स्वस्थ्य रहना ज़रूरी है, व्यवहार में भले ही यह संभव न हो। कम से कम लोग नाउम्मीद तो नहीं होंगे ! भारत सरकार के नीति आयोग ने विगत 27 दिसंबर 2021 को राज्य स्वास्थ्य सूचकांक तात चैथा संस्करण जारी किया है। इस रिपोर्ट के अनुसार देश का सबसे ज्यादा आबादी वाला राज्य उत्तरप्रदेश (30.57 अंक के साथ) सबसे निचले पायदान पर है, जबकि कम आबादी वाला राज्य केरल (82.2अंक के साथ) राज्य सूचकांक में सबसे ऊपर है। हिन्दी पट्टी के लगभग सभी राज्य स्वास्थ्य सूचकांक में अच्छी स्थिति में नहीं हैं। बिहार (31),मध्य प्रदेश (36.72), हरियाणा (49.26), असम (47.74), झारखंड (47.55), ओडिसा (44.31), उत्तराखंड (44.21), राजस्थान (41.33) आदि राज्यों का इंडेक्स स्कोर 50 से कम ही है। ज़ाहिर है स्वास्थ्य सूचकांक की यह दशा सबके लिए स्वास्थ्य के जुमले को यथार्थ में कैसे बदल पाएगी? बिना मज़बूत हेल्थ ढांचे के जन जन तक स्वास्थ्य को पहुँचाना भला कैसे संभव होगा?

हमारे देश में स्वास्थ्य से जुड़े मुद्दे कभी आर्थिक सुधारों के केन्द्र में नहीं रहे बल्कि इन्हें सुधारों के मुख्य लक्ष्य, निवेश और विकास की राह में बाधक माना जाता है। देखा जा सकता है कि विभिन्न संक्रामक रोगों में आर्थिक सुधार एवं सरकार की नई आर्थिक नीतियों का 'जन स्वास्थ्य' पर गहरा असर है। भारत ने 1978 में ''अल्माअता घोषणा पत्र'' पर हस्ताक्षर कर ''वर्ष 2000 तक सबके लिए स्वास्थ्य'' लक्ष्य पाने की प्रतिबद्धता जताई थी। 1981 में आईसीएसएसआर (इंडियन काउंसिल फॉर सोशल साइन्स रिसर्च) तथा आईसीएमआर (इंडियन काउन्सिल फॉर मेडिकल रिसर्च) के संयुक्त पैनल ने 'सबके लिए स्वास्थ्य - एक वैकल्पिक राजनीति'' शीर्षक से एक विस्तृत रिपोर्ट तैयार की थी। 1983 में भारतीय संसद ने राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति को पारित कर इस लक्ष्य को प्राप्त करने का संकल्प लिया था। लेकिन आज तक इस नीति पर न तो अमल हुआ है और न ही किसी भी राजनीतिक दल के मुख्य एजेण्डा में यह मुद्दा शामिल हुआ। यह वैश्विक आपदा का दौर है। इसमें जहां देश के लोग सरकार से वैश्विक स्तर के पहल की उम्मीद कर रहे हैं, वहां सरकार सम्पन्न और बाजार को अहमियत देने वाले देशों का मात्र नकल कर रही है। 1977 में विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्लूएचओ) की तीसवीं विश्व स्वास्थ्य सभा ने सत्रह दिनों की मैराथन बैठक के बाद "2000 तक सबको स्वास्थ्य" का संकल्प स्वीकार किया था। दुनिया भर में इस घोषणा और पहल की सराहना हुई थी। इस बैठक में 194 सदस्य देशों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया था। लक्ष्य के 23 वर्षों के बावजूद "2000 तक सब को स्वास्थ्य" का नारा जुमला सिद्ध हुआ। उस दौरान सरकारों की पहल और स्वास्थ्य कार्यक्रमों को देख कर जन स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं ने स्थिति का अंदाज़ा लगा लिया था और




तब "लोगों के स्वास्थ्य के अधिकार" की गारंटी की माँग उठने लगी थी। इस दौरान "सबके लिए स्वास्थ्य" के संकल्प के प्रति सरकार कितनी गंभीर थी, इसका अंदाज़ा आप इसी से लगा सकते हैं कि तब सरकार स्वास्थ्य पर कुल बजट का एक फ़ीसद भी ख़र्च नहीं कर पा रही थी। स्पष्ट है कि संकल्प और घोषणा के बावजूद भी लोगों का स्वास्थ्य सरकार की प्राथमिकता सूची में नहीं था। बाद में 2000 से 2015 तक "मिलेनियम डेवलपमेंट गोल" की घोषणा कर दी गई। यह समय भी बीत गया। हुआ कुछ ख़ास नहीं। फिर 2015 से 2030 तक के लिए "सस्टेनेबल डेवलपमेंट गोल" का लक्ष्य तय कर दिया गया। यानी अमल हो या न हो जुमलों की घोषणा होती रही।

सवाल है कि जन स्वास्थ्य की इतनी महत्ता और जरूरत के बावजूद भारत में इसकी उपेक्षा की मुख्य वजहें क्या हैं। सरकार चाहे किसी भी राजनीतिक दल की हो, जन स्वास्थ्य की हालत एक जैसी ही है। देश में ''सबको स्वास्थ्य'' के संकल्प के बावजूद विगत दो दशक में हम देश में स्वास्थ्य के बुनियादी ढांचे को भी खड़ा नहीं कर पाए। उल्टे 'सबको स्वास्थ्य' के नाम पर हमने गरीब बीमारों को बाजार के हवाले कर दिया है। आम आदमी की सेहत को प्रभावित करने वाले रोग टीबी, मलेरिया, कालाजार, मस्तिष्क ज्वर, हैजा, दमा, कैंसर आदि को रोक पाना तो दूर हम इ… नियंत्रित भी नहीं कर पाए, उल्टे जीवन शैली… बिगाड़ और अय्याशी से उपजे रोगों को महामारी बन… तक पनपने दिया। अब स्थिति यह है कि रोगों का… एक वर्ग और टी.बी., मस्तिष्क ज्वर, पोलियो गरी… के रोग कहे जाने लगे और मधुमेह, उच्चरक्तचाप… थायराइड, हृदय रोग आदि अमीरों के रोग मान लि… गए। हम भूल गए कि जन स्वास्थ्य की पहली शर्त… कि रोग से बचाव। इसमें जाति, धर्म और नस्… तलाशने की बजाय यदि समाज और सरकार व्याप… बचाव की राह बढ़ती और इसके समग्र पहलुओं प… विचार करती तो स्थिति कुछ और होती।

भारत में स्वास्थ्य की स्थिति पर नज़र डालें तो सूर… ए हाल और चिन्ताजनक है। स्वास्थ्य सेवाओं की स्थि… भी खस्ता है। अन्य देशों की तुलना में भारत में कु… राष्ट्रीय आय का लगभग 4 प्रतिशत ही स्वास्थ्य सेवा… पर खर्च होता है जबकि चीन 8.3 प्रतिशत, रूस 7.… प्रतिशत तथा अमेरिका 17.5 प्रतिशत खर्च करता है… विदेशों में हेल्थ की बात करें तो फ्रांस में सरकार औ… निजी सैक्टर मिलकर फंड देते हैं जबकि जापान… हेल्थकेयर के लिये कम्पनियों और सरकार के बी… समझौता है। आस्ट्रिया में नागरिकों को फ्री स्वास्थ्य से… के लिये "ई-कार्ड" मिला हुआ है। हमारे देश… फिलहाल स्वास्थ्य बीमा की स्थिति बेहद निराशाजन… है। अभी यहां महज 28.80 करोड लोगों ने ही स्वास्… बीमा करा रखा है इनमें 18.1 प्रतिशत शहरी व 14.… फीसदी ग्रामीण लोगों के पास हेल्थ इंश्योरेंस है। इस… शक नहीं है कि देश में महज इलाज की वजह से गरी… होते लोगों की एक बड़ी संख्या है। अखिल भारती… आर्युविज्ञान संस्थान ;एम्स के एक शोध में यह बा… सामने आई है कि हर साल देश में कोई 8 करोड लो… महज इलाज की वजह से गरीब हो जाते हैं। यहां… स्वास्थ्य सेवा व्यवस्था ऐसी है कि लगभग 40 प्रतिश… मरीजों को इलाज की वजह से खेत-घर आदि बेचने… गिरवी रखने पड़ जाते हैं।

समाधान के रूप में डब्लूएचओ तथा विश्व व्याप… संगठन (डब्लूटीओ) ''स्वास्थ्य में निवेश'' की बा… करता है। उक्त दोनों अन्तरराष्ट्रीय संगठनों ने इसके लि… पीपीपी (पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप) मॉडल… अपनाने का सुझाव दिया। इसके विगत तीन दशकों… रोग भी जटिल हुए और विषमता भी बढ़ी है।

(लेखिका युवा होमियोपैथिक चिकित्सक एवं आहार विशेषज्ञ है… वह सम्प्रति लन्दन में कार्यरत हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं

दिवस विशेष

डा. ऐश्वर्या झा



# अमृतकाल में सबके लिए


# स्वॉस्थ्य बने प्राथमिकता

कोरोना महामारी के बाद मानव को फिर से एहसास हो गया है कि स्वास्थ्य ही मनुष्य का सबसे बड़ा धन है एवं शरीर की प्रतिरोधक क्षमता सबसे बड़ी पूंजी । विश्व स्वास्थ्य संगठन की स्थापना की वर्षगांठ को चिह्नित करने के लिए हर साल 7 अप्रैल को विश्व स्वास्थ्य दिवस मनाया जाता है। इस वर्ष की थीम है सभी के लिए स्वास्थ्य। पिछले कुछ वर्षों में सभी का झुकाव स्वस्थ जीवन की तरफ हुआ है। अब हम सभी अपने भोजन, पोषण एवं साफ़ सफाई की ओर अधिक ध्यान देने लगे हैं। व्यायाम, योग एवं सैर आदि की एहमियत को भी समझ रहे हैं। किसी भी देश का सामाजिक-आर्थिक विकास उस देश के स्वस्थ एवं सेहतमंद नागरिकों पर निर्भर करता है। भारत सकल राष्ट्रीय आय की दृष्टि से विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है, लेकिन जब बात स्वास्थ्य सेवाओं की आती है तो हमारी स्थिति काफी दयनीय साबित होती है। आज़ादी के अमृत काल में स्वतंत्रता से एक वर्ष पूर्व 1946 में बने जोसेफ विलियम भोरे के नेतृत्व में समिति के परिकल्पना के आस पास भी स्वास्थ्य सेवा पहुंच नहीं पायी है। इस समिति ने प्रति 40,000 की आबादी के लिए एक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जिस में 2 डॉक्टर, एक नर्स सहित कई बुनियादी सेवा की बात की थी। उसके बाद देश में तीन राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति वर्ष 1983, 2002 एवं 2017 में लागु की गयी। हालांकि, सार्वभौमिक, सस्ती और गुणवत्तायुक्त स्वास्थ्य सेवाएं आज भी चुनावी वादे ही हैं। भारत ने स्वास्थ्य के क्षेत्र में काफी प्रगति की है। जीवन प्रत्याशा 67 वर्ष को पार कर गई है, शिशु और पांच वर्ष से कम उम्र के बच्चों की मृत्यु दर में गिरावट आ रही है, साथ ही रोग की घटनाओं की दर भी कम हो रही है। पोलियो, गिन्नी कृमि रोग, टिटनेस जैसी कई बीमारियां समाप्त हो चुकी हैं। इस प्रगति के बावजूद सार्वजनिक स्वास्थ्य अभी भी एक चुनौती है।




भारत के सरकारी सार्वजनिक स्वास्थ्य तंत्र की स्थिति आज भी संतोषजनक नहीं है। लगभग आधे से अधिक व्यक्ति रोगग्रस्त होने पर निजी क्षेत्र के चिकित्सकों से उपचार प्राप्त करने के लिए मजबूर हैं। नतीजे में प्रति वर्ष करोड़ों परिवार निर्धनता की अवस्था में पहुंच जाते हैं। एक ग़रीब व्यक्ति की औसत आयु मध्यम आय वाले से कम से कम 7 वर्ष कम होती है। निजी क्षेत्र जो बाज़ार के आधार पर केवल बड़े नगरों तक सीमित है, आम जनता का खून चूस रही है, और गरीबी के दलदल में फंसा रही है। आज भी अधिकांश आबादी गांव में रहती है किंतु ग्रामीण स्वास्थ्य सांख्यिकी 2021-22 की रिपोर्ट के मुताबिक ग्रामीण क्षेत्रों में सर्जन डाक्टरों की लगभग 83 प्रतिशत की कमी है। बालरोग चिकित्सकों की 81.6 फीसदी, फिजिशियन की 79.1 प्रतिशत एवं प्रसूति एवं स्त्री रोग की 72. 2 % विशेषज्ञों की कमी है। स्वास्थ्य क्षेत्र से संबंधित सबसे प्रमुख चुनौती है आबादी के अनुपात में अस्पतालों व डॉक्टरों की कमी। सरकारी अस्पतालों में स्वास्थ्य सुविधाओं, आधारभूत संरचना, दवाइयों, कुशल व प्रशिक्षित नर्सिंग स्टाफ एवं अन्य सुविधाओं की भारी कमी है। ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाएँ सबसे बदतर हालात में हैं। इन सब के बीच, राजस्थान स्वास्थ्य का अधिकार के तहत आम नागरिक के इलाज की गारंटी देने वाला देश ही नहीं बल्कि एशिया और अफ्रीका महाद्वीप में पहला राज्य बन गया है। हालांकि विरोध में निजी डॉक्टरों की हड़ताल के चलते सरकार के बैकफुट पर आने से योजना पर ग्रहण लग सकता है। सरकारी स्वास्थ्य सेवा वितरण प्रणाली के भीतर बुनियादी ढांचे के निर्माण में समुचित ध्यान नहीं दिया गया। वित्त वर्ष 2023 में स्वास्थ्य क्षेत्र पर सरकार का बजट खर्च जीडीपी का 2.1% था, जो वित्त वर्ष 2021 में 1.6% था। सरकारी आंकड़े की मानें तो आयुष्मान भारत योजना से लगभग 22 करोड़ लोग लाभान्वित हुए हैं और देश भर में 1.54 लाख से अधिक स्वास्थ्य एवं कल्याण केंद्र स्थापित किये गए हैं। इसे बढ़ाने की काफी जरूरत है तभी आबादी के अनुपात में डॉक्टर अस्पताल एवं अन्य सुविधाओं का विस्तार हो सकेगा। एसडीजी -3 पूरे विश्व में यूनिवर्सल हेल्थ कवरेज के अंतर्गत सभी पुरुषों व महिलाओं के लिए स्वास्थ्य सेवाओं की समान पहुंच, बाल मृत्यु दर की रोकथाम ,कुपोषण और महामारी समाप्त करने की वकालत करता है। सबका साथ सबका विकास का उद्देश्य सबके स्वास्थ्य से ही पाया जा सकता है। आजादी के अमृत काल की सार्थकता तभी होगी जब हर गांव में अस्पताल और चिकित्सक उपलब्ध होगा।

# अहं मुक्ति का अनंत सुख



संकलित

दर्शन

सृष्टि चक्र की तरह चल रही है। जो नया है, वही भूतकाल बनकर पुराना हो जाता है। सतयुग, त्रेता, द्वापर, कलियुग और फिर वही सतयुग से कलियुग की कहानी शुरू हो जाती है। वही पुराना चक्राकार घूमकर पुनः नया होकर आ जाता है। हम पुराने नहीं कहलाना चाहते हैं, इसलिए वर्ष को भी हर वर्ष नया बोलते हैं। यदि नया कुछ करना है तो यह करें कि संकल्प लें कि हमने अब तक जो किया, उसमें जो नहीं करने योग्य है, वह अब नहीं करेंगे। हम हर दूसरे से कुछ न कुछ सीखेंगे। निंदा करने की तुलना में निंदनीय से प्रेरणा लेना अधिक श्रेयस्कर है। सृजन के सूत्र हैं- पंच महाभूत यानी पृथ्वी, जल, वायु, अग्नि और आकाश। संसार में सारा सृजन इन्हीं से बना है। इन्हीं के रहते हम कर्ता हैं, अन्यथा कर्म और कर्ता की कोई स्थिति है ही नहीं। हम गाड़ी को पहाड़ पर चढ़ाते हैं, तो टायर, पहिया, इंजन, पेट्रोल, बैटरी और हम सब मिलकर ऊपर चढ़ते हैं, पर हम कहते हैं कि गाड़ी हमने चढ़ाई, बाकी सबको विस्मृत कर देते हैं। जड़ की सत्ता को अस्वीकारना ही तो जड़ता है। विचित्र बात है कि जड़ कभी नहीं कहता कि मैंने किया और जो स्वयं को चैतन्य समझने वाला मनुष्य है, वह कहता है कि सब मैंने किया। वस्तुतः चैतन्य तो वह है, जो हर पदार्थ में पूर्ण चैतन्य ईश्वर की सत्ता देखे। हमारा सारा सृजन हजार गुना मूल्यवान हो जाएगा, यदि हम दिखाई देने वाली सत्ता के पीछे न दिखाई देने बाली अदृश्य शक्ति को स्वीकार लें।

# दिखने वाली समस्या समाधान भी हो सकती है



संकलित

प्रेरणा

रामायण का किस्सा है। रावण ने सीता का हरण किया तो उनकी खोज में राम और लक्ष्मण जंगल में भटक रहे थे। शबरी के कहने पर वे सुग्रीव से सहायता मांगने गए। सुग्रीव अपने भाई बाली से बचने के लिए ऋष्यमूक नाम के पहाड़ पर रहते थे क्योंकि बाली एक शाप के कारण इस पहाड़ पर नहीं आ सकता था। राम और लक्ष्मण को ऋष्यमूक पहाड़ के पास देखकर सुग्रीव घबरा गए। उन्हें लगा कि बाली खुद नहीं आ सकता है तो उसने मुझे मारने के लिए योद्धा भेज दिए हैं। सुग्रीव ने हनुमान से कहा कि वो उनकी रक्षा करें। हनुमान ने जवाब दिया कि बिना ये समझे कि वो लोग कौन हैं, कोई फैसला नहीं करना चाहिए। पहले उनके पास जाकर ये पता करना चाहिए कि ये दो लोग कौन हैं? हनुमान ने अपना रूप बदला और ब्राह्मण बनकर राम-लक्ष्मण के पास पहुंचे। जब बात की तो पता चला ये वो राम हैं, जिनका नाम हनुमान दिन-रात जपा करते हैं। अनायास राम को अपने आसपास पाकर हनुमान का प्रसन्न होना स्वाभाविक था। वे किसी न किसी रूप में अपने आराध्य की सेवा करना चाहते थे। वे दुश्मन नहीं है, सुग्रीव से मदद मांगने आए हैं। दूर से जो समस्या दिख रही थी, वो दरअसल समाधान थी। हनुमान सिखाते हैं, किसी भी परिस्थिति से डरें नहीं, उसे समझने की कोशिश करें। हो सकता है, वो आपके लिए मददगार साबित हो।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### मानसिक रोगियों की संख्या बढ़ना चिंताजनक

हमारे देश में आज शारीरिक अस्वस्थ लोगों का आंकड़ा ही नहीं बढ़ रहा है, बल्कि मानसिक रोगी भी बढ़ रहे हैं। मानसिक रोगी होने के मुख्य कारण अमीरों के तो लोक दिखावा, जो मिला है उसमें संतुष्ट न होना, इच्छाओं पर नियंत्रण न होना आदि है, और गरीबों का मुख्य कारण गरीबी हो सकता है, लेकिन हम अपने आसपास देखेंगे तो बहुत ही कम गरीब ऐसे होंगे जो मानसिक स्वास्थ्य संकट के दायरे में आए होंगे। मानसिक स्वास्थ्य खराब के आंकड़े बढ़ने के कारण ही तो देश में आत्महत्या के केस बढ़ते जा रहे हैं। मानसिक संकट के दलदल में आम आदमी ही नहीं, बल्कि फिल्म जगत के छोटे-छोटे कलाकार भी डूब रहे हैं, तभी तो वहां भी आत्महत्या के मामले सामने आ रहे हैं। मानसिक रोग से बचने के लिए हमें जो मिला है, उसी में संतुष्ट रहना है। *-संजय त्यागी, जगदलपुर*

## ट्रेंड

### बजरंगबली की तरह



आज भारत उन बजरंगबली की तरह है, जिन्हें अपनी शक्तियों का आभास हो चुका है। इसलिए हनुमान जयंती पर भाजपा भ्रष्टाचार और परिवारवाद के खिलाफ कठोर रुख के अपने संकल्प को दोहराती है। इसे सहन नहीं किया जाएगा।

**-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### विपक्ष की आवाज़



देश के इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ, सत्ता पक्ष ने संसद को ठप करके "लोकतंत्र" की हत्या कर दी। परम मित्र को बचाने की क़वायद में रौंदे सारे संसदीय रिवाज़, षड्यंत्र रच, डिसक्वालिफाई कर दबा दी विपक्ष की आवाज़।

# आज का राशिफल

मेष राशि : गणेशजी कहते हैं कि कुछ अच्छे विचार आपके द्वारा आपके साथी तक पहुंचे है। आपने कई बार अपने साथी को ये बताया है की वो आपके लिए कितना महत्व रखता है, लेकिन अब कुछ कर गुजरने का समय है। अपने क्रियाकलापों अपने प्रेम को सिद्ध करे और आज का दिन क्रियान्वयन के लिए उपयुक्त है। आपके प्रेम की अभिव्यक्ति के द्वारा आपका साथी सुखी और आश्चर्यचकित महसूस करेगा।

वृषभ राशि : गणेशजी कहते हैं कि दिन की शुरूआत अच्छी होगी। आपके निजी सबंध में आपके पार्टनर की खुशी और हंसी की रौनक बिखरी रहेगी। आपने अपनी निजी जिंदगी में मुश्किल दौर देखा है इसलिए अब आपको अपने पार्टनर के साथ घूमना फिरना और उनके साथ होने का आनंद लेना चाहिए।

मिथुन राशि : गणेशजी कहते हैं कि आपको अपने रिश्ते में ऐसा आभास हो रहा है की सब कुछ सही है और ये रिश्ता काफी मजबूत रहेगा और आगे तक जाएगा। ये रिश्ता शादी में भी बदल सकता है। लेकिन कोई भी फैसला लेने से पहले थोड़ा शांत दिमाग से सोचे और तब आगे बढे। जो आप सोच रहे हैं वो सही होगा या आपको कुछ ऐसा मिलेगा , जिसकी आप अभी तक अनदेखी कर रहे थे।

कर्क राशि : गणेशजी कहते हैं कि आप अपने पार्टनर की किसी भाव भंगिमा से आश्चर्यचकित रह जाएंगे। अगर आप अन्तरंग डिनर आदि पर जाते रहे हैं तो आज भी ऐसे ही एक मजेदार लेकिन पारिवारिक डिनर पर जा सकते हैं जिसमे सारे परिवार को एक साथ होने का मौका मिल सकता है।

सिंह राशि : गणेशजी कहते हैं कि अब यह जरूरी है की आप अपनी आवश्यकताओं और इच्छाओं को स्पष्ट तरीके से अपने साथी को बताएं। आपका संचार काफी अस्पष्ट रहा है, जिसने प्रेम और रिश्तो में भ्रम की स्थिति पैदा की है। आज का दिन सभी गलतफहमी को दूर करने और अपने रिश्ते के जीवन की शक्ति को नवीनीकृत करने के लिए एकदम सही है। अपने साथी से कुछ सीख सकते हैं, जो की पूरी तरह से अनपेक्षित और आप को आश्चर्य चकित करने वाला होगा।

कन्या राशि : गणेशजी कहते हैं कि अपने साथी के साथ सकारात्मक वातार्लाप करने का प्रयास करें। आपने वास्तव में उपयुक्त तरीके से अपने साथी के साथ वातार्लाप नहीं की है और अभी तक आप आनंद और अपने रिश्ते को हल्के में ले रहे थे। ये समय है की आप दोनों किसी प्राकृतिक जगह पर जाये, ताकि ऐसी जगह जाने से आप दोनों में सकारात्मक ऊर्जा और भावना का संचार हो जिससे आप दोनों को खुलने में मदद मिलेगी। आपके रिश्तो में मजबूती आयेगी।

तुला राशि : गणेशजी कहते हैं कि आपको यह समझना होगा कि सीमाएँ एक मर्यादित और स्वस्थ रिश्ते का सबूत हैं। अपने पार्टनर के निजी दायरे में कोई दखलंदाजी करके उसे प्यार और देखभाल का नाम देने की कोशिश न करें। यह भी जरूरी है कि आप अपने पार्टनर को खुद पर नियंत्रण करने की छूट भी न दें क्योंकि इससे भविष्य में आप दोनों के बीच गंभीर समस्याएँ हो सकती हैं।

वृश्चिक राशि : गणेशजी कहते हैं कि आपको अपने पार्टनर के करीब आने के लिए थोड़ा नम्र और ख्याल रखने वाला बनना होगा। वह इस समय किसी बहुत महत्वपूर्ण मुद्दे पर काम कर रहे हैं। आपको उन्हें प्रेरणा और हिम्मत देने की जरूरत है ताकि वह आपके साथ अपनी सब बातें बांट सके। अगर आप इस वक़्त उनका साथ देते हैं तो इससे आपके रिश्ते पर लम्बे समय तक टिकने वाला प्रभाव पड़ेगा।

धनु राशि : गणेशजी कहते हैं कि आपको कोई ऐसी सूचना मिलेगी जिससे आपको अपने पार्टनर के बारे में जानने में मदद मिलेगी। इससे आपका सबंध बेहतर होगा। पिछले कुछ दिनों से आपका पार्टनर उलझाने वाले और वहम में डालने वाले संकेत दे रहा है लेकिन आज आप उनके इस व्यवहार का कारण समझ पायेंगे। इससे आपको भविष्य में अपने इस सबंध का रास्ता तय करने सम्बन्धी फैसला लेने में मदद मिलेगी।

मकर राशि : गणेशजी कहते हैं कि आज का दिन अपने साथी को प्रेम से संभंधित उपहार या अपनी भाव भंगिमा के द्वारा आश्चर्य चकित करने का है लेकिन साथ ही साथ कुछ अन्य चीजे भी कुछ समय से अपना ध्यान आपकी और आकर्षित कर रही है। आपने अपने साथी को हर तरह से अपना मान लिया है। अब यह समय अपनी प्रशंसा दिखाने का है और ये सुनिश्चित करे की वही चीज आपको सहहृदय वापिस मिले। आज अपने साथी की अनदेखी रिश्ते में तनाव को बढ़ा सकती है।

कुंभ राशि : गणेशजी कहते हैं कि अपने साथी के साथ सकारात्मक वातार्लाप करने का प्रयास करें। आपने वास्तव में उपयुक्त तरीके से अपने साथी के साथ वातार्लाप नहीं की है और अभी तक आप आनंद और अपने रिश्ते को हल्के में ले रहे थे। ये समय है की आप दोनों किसी प्राकृतिक जगह पर जाये, ताकि ऐसी जगह जाने से आप दोनों में सकारात्मक ऊर्जा और भावना का संचार हो जिससे आप दोनों को खुलने में मदद मिलेगी। आपके रिश्तो में मजबूती आयेगी।

मीन राशि : गणेशजी कहते हैं कि असल में प्यार हर जगह है। सिर्फ आपको अपनी उपस्थिति के प्रति सचेत रहना होगा। कदम संभल संभलकर रखे और अपने मित्रो से सलाह लेने में न हिचके। आपको बहुत सारे विकल्प नजर आयेंगे, पर जल्दबाजी में निर्णय लेने से बचें। आपका शांत स्वभाव सबको आपकी और आकर्षित करता है। आपके चरित्र पर हलकी से पहेली सबको अपनी और आकर्षित करती है। बस आप ऐसे ही रहे।

जंतु जगत / शिखर चंद जैन

# ये अजीबो-गरीब लुक वाले जंतु

बच्चों, दुनिया में कई ऐसे जंतु हैं, जिनका नाम और शारीरिक बनावट बहुत अनोखी या कहो अजीबो-गरीब है। इसमें से कुछ जंतु ऐसे भी हैं, जो दूसरे जंतुओं से मिलते-जुलते दिखते हैं। इसीलिए अकसर इनको देखकर लोग भ्रमित हो जाते हैं। यहां हम ऐसे ही कुछ अनोखे लुक वाले जंतुओं के बारे में बता रहे हैं।



## नीली तोता मछली

**नीली तोता** मछली के शरीर के रंगों का पैटर्न तोते पक्षी जैसा होता है। इसलिए इसके नाम में तोता जुड़ा है। इस मछली का नीला रंग इसे समुद्री पानी में शिकारियों से छिपाने में मददगार होता है। यह मछली आमतौर पर पश्चिमी अटलांटिक महासागर और कैरेबियन सागर में पाई जाती है। नीली तोता मछली कई बार करीब 500 की संख्या तक वाले झुंड में एक साथ तैरती हैं ताकि शिकारियों से बच सकें। *

## ब्लू ड्रैगन




**बच्चों, ग्लोकस** अटलांटिकस नामक समुद्री जीव, ड्रैगन जैसा दिखता है। इसलिए इस समुद्री जीव को ब्लू ड्रैगन नाम दिया गया है। यह एक बहुत छोटा जंतु है, जो हमारी हथेली से भी छोटा होता है। ब्लू ड्रैगन अपने पेट में हवा भर कर किसी टायर ट्यूब की तरह पानी की सतह पर तैरता रहता है। यह चाहे तो पीठ के बल उल्टा भी तैर सकता है। यह मुख्य रूप से प्रशांत, अटलांटिक और हिंद महासागर में पाया जाता है। *

## पैक्यू फिश



**इस मछली** को देखकर कोई भी दंग रह जाता है। इसके दांत और जबड़े मनुष्यों की तरह दिखते हैं। यह एक खतरनाक शिकारी मछली है। पैक्यू फिश 7 से 42 इंच तक लंबी होती है। इसका वजन 2 से 97 पौंड तक हो सकता है। इसके नाम पाक्यू का अर्थ है शीघ्र खाने वाली। इन मछलियों को नट्स, सीड और फल खाना बेहद पसंद होता है। दक्षिणी अमेरिका के रेस्तरां में इस मछली से तरह-तरह की डिशेज बनाई जाती हैं। *

## गोब्लिन शार्क



**लोककथाओं में** गोब्लिन एक बदसूरत प्राणी होता है। समुद्र में भी शार्क की एक दुर्लभ प्रजाति 'गोब्लिन शार्क' पाई जाती है। ये प्रजाति गहरे समुद्र में रहती है। इसे जीवित जीवाश्म के नाम से जाना जाता है। इसके जबड़े बाहर की तरफ निकले होते हैं, दांत पैने होते हैं। यह देखने में बहुत बदसूरत लगती है। गोब्लिन शार्क आलसी प्रवृत्ति की होती है। एक वयस्क गोब्लिन 10 से 13 फीट तक लंबी होती है। यह कई बार तो पानी में 4,270 फीट तक नीचे चली जाती है। *

## पांडा एंट

**बच्चों, तुमने** पांडा को टीवी में या कार्टून फिल्म में देखा होगा। लेकिन तुमने पांडा जैसी दिखने वाली पंखहीन चींटी नहीं देखी होगी। इसका वैज्ञानिक नाम यूस्पीनोलिया मिलीटेरिस है। इसे पांडा एंट के नाम से भी जाना जाता है। दरअसल, पांडा एंट के शरीर पर पांडा की तरह काले-सफेद बाल होते हैं। जिसके कारण इसका लुक ठीक पांडा जैसा ही लगता है। यह एंट चिली में पाई जाती है। ये बहुत तेज डंक मारती है। *



# वॉकिंग वाटर देखो पानी की चाल

साइंस एक्टिविटी



बच्चों, स्कूलों में तो साइंस पढ़ते ही हो। यदि तुम चाहो तो अपने पैरेंट्स या बड़े भाई-बहन की मदद से घर में साइंस से जुड़ा एक इंट्रेस्टिंग एक्सपेरिमेंट कर सकते हो। यह एक्सपेरिमेंट मजेदार तो है ही, इनके जरिए तुम साइंस के फैक्ट्स को प्रैक्टिकल करके खुद सीख-समझ सकते हो। इस एक्सपेरिमेंट का नाम है वॉकिंग वाटर।

बच्चों, क्या तुम पानी की चाल को देख सकते हो? तुम कहोगे ऐसा नहीं हो सकता। लेकिन तुम एक एक्सपेरिमेंट से पानी की चाल को देख सकते हो। इसके लिए तुम्हें कुछ चीजें चाहिए होंगी, जो तुम्हें घर पर ही मिल जाएंगी। जैसे- छह कांच के गिलास, छह पेपर टॉवल और लाल, पीला और नीला कलर। अब एक के बाद एक गिलास को छोड़कर तीन गिलासों में कलर्स डालो। कलर वाले गिलास में पानी डालकर उसे अच्छे से मिला लो। बाकी तीन गिलास में पानी नहीं डालना है। अब जल्दी से हर पेपर टॉवल को मोड़कर एक कोना खाली गिलास में और दूसरा कोना रंग घुले पानी वाले गिलास में डाल दो।

बच्चों, तुम देखोगे कि कलर वाला पानी खाली गिलास में जमा होने लगेगा। एक समय बाद खाली गिलास में दो कलर्स का पानी मिलकर नया रंग बना देगा। इस तरह तुम पानी की चाल देख सकते हो। यह एक्सपेरिमेंट तुम अपने दोस्तों को भी दिखाकर उन्हें हैरानी में डाल सकते हो। *

प्रस्तुति : देवेंद्र पांडे

## बूझो तो जानें



1. अनगिनत हैं,
कोई गिन न पाए।
काटो अगर तो,
खून न आए।

2. बीसों का सिर काट दिया,
ना दर्द हुआ ना खून आया।
पहेली में ही उत्तर छिपा है,
जल्दी ढूंढो क्या है पाया?

3. 16 ऊपर 16 नीचे,
सबके पास ये होते।
अगर ये टूट जाएं,
तो सख्त चीज न खा पाएं।

4. सबके पास ये होता एक,
24 घंटे करता काम।
खून को भेजे रग-रग में,
नहीं करे कभी आराम।

5. दो ही होते हैं शरीर में,
हवा खींचना इनका काम।
कभी सिकुड़ते कभी फैलते,
बताओ जरा इनका नाम?



- प्रवीन कुमार

उत्तर: 1-बाल, 2-नाखून, 3-दांत, 4-हृदय, 5-फेफड़े

## जीके क्विज-48



1. हाल में भारतीय नौसेना का नया उप-प्रमुख किसे बनाया गया है?
2. हाल में किस देश के राजा जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक दो दिन की भारत यात्रा पर आए थे?
3. विश्व स्वास्थ्य दिवस कब मनाया जाता है?
4. कागज का आविष्कार किस देश में हुआ?
5. भारत का राष्ट्रीय जलीय जीव कौन-सा है?
6. पृथ्वी का जुड़वा ग्रह किसे कहा जाता है?
7. जल की रानी किसे कहते हैं?
8. क्रिकेट के खेल में एक टीम में खिलाड़ियों की संख्या कितनी होती है?
9. भारत की सबसे चौड़ी नदी का क्या नाम है?
10. अपने देश में शीत मरुस्थल कहां स्थित है?

बच्चों, जीके क्विज-48 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-47 का उत्तर :** 1-डॉ.भीमराव अंबेडकर, 2-निखत जरीन, 3-कमल, 4-29 दिन, 5-सात, 6-कार्बन डाइऑक्साइड, 7-घग्घर नदी, 8-गुजरात, 9-राष्ट्रपति, 10-शनि

**जीके क्विज-47 का सही उत्तर देने वाले :** दीपांशु-कैथल, दीपिका-कैथल, सरबजीत-करनाल, डुमेंद्र-राजनांदगांव, प्रतीक-कुरुक्षेत्र, पूजा-महेंद्रगढ़, प्रियंका-जबलपुर, तुषार-बिलासपुर, हिमांशु-रायपुर, दिनेश-दिल्ली, लोकेश-जांजगीर

## हंसगुल्ले



**अमन-** रमन, जरा इस मिठाई को छिपाकर रखना। मैं अभी थोड़ी देर में आता हूं। अमन कुछ देर बाद लौटा तो रमन से पूछा- हां, तो मिठाई तुमने कहां छिपा कर रखी है?
**रमन(हंसते हुए)-** अपने पेट में। यह सबसे सुरक्षित जगह है। **-दीपिका, भोपाल**


**गप्पा-** डॉक्टर अंकल, पेट में दर्द हो रहा है।
**डॉक्टर अंकल-** मैंने तुम्हें बाहर का खाने को मना किया था। तुमने बाहर का तो कुछ नहीं खाया?
**गप्पा-** नहीं, मैंने तो गली वाली दुकान से ऑर्डर करके घर पर समोसे मंगवाकर खाए थे, फिर भी पेट में दर्द हो रहा है। **-पिंटू, रायपुर**

**बस में** बहुत भीड़ थी। एक अंकल को बस में चढ़ता देखकर गोलू (कंडक्टर अंकल से)- क्या अंकल, अब बस में जगह बची नहीं है, आप इनको जबरदस्ती चढ़ा रहे हैं?
कंडक्टर अंकल(मुस्कुराते हुए)- बेटा, यह यात्री नहीं, बस के ड्राइवर हैं। **-निकिता, रोहतक**

कहानी
संतोष उत्सुक

शेखू जहां शब्दों के सही उच्चारण और अर्थ पर ध्यान देता था, वहीं उसका दोस्त सोनू इस बात के प्रति उदासीन रहता था। अपनी इसी आदत के कारण एक दिन सोनू बहुत बुरी स्थिति में फंस गया। शेखू ने उसे बचाया। शब्दों के सही उच्चारण और अर्थ का क्या महत्व है, इसे हम सभी को जानना-समझना चाहिए।

# शब्दों का ज्ञान



शेखू और सोनू मित्र थे। एक ही स्कूल, एक ही कक्षा में पढ़ते थे। स्कूल से आने के बाद घर के पास पार्क में इकट्ठे खेलते थे। उनके परिवारों के बीच भी अच्छी मित्रता थी। एक तरफ जहां शेखू बातचीत करते हुए, शब्दों के सही उच्चारण और अर्थ के बारे में काफी ध्यान रखता था, वहीं सोनू इस तरफ ध्यान नहीं देता था। शेखू की लिखाई ऐसी थी मानो टाइप कर दिया हो। शेखू के पापा उसे शब्द ज्ञान सीखने में पूरी मदद करते थे। उसकी मम्मी भी गलतियां बताकर सुधार कराती रहती थीं। साथ ही हिज्जों को अलग-अलग कर, शब्दों को सही बोलने का अभ्यास भी कराती थीं। उन्हें पता था, कुछ बच्चों को 'श' को 'स' बोलने की आदत पड़ जाए तो कभी नहीं छूटती है। कभी शेखू को सोनू की अभ्यास पुस्तिका लेनी पड़ जाती थी तो उसके लिखे शब्दों और वाक्यों को समझने में देर लगती थी।

सोनू जब कहता, 'मैं एक मिंट, मिनट में आया।' शेखू उसे तुरंत टोकता, 'दोस्त, ठीक बोला करो। तुमने जो मिंट बोला है, उसका एक अर्थ पुदीना होता है। दूसरा अर्थ है टकसाल, जहां सिक्के बनते हैं। तुम्हारा मतलब है, मैं एक पुदीना में आया, यह गलत वाक्य है।' सोनू बात को हंसी में टाल देता और फिर मिनट को मिंट बोलता। वह और भी कई शब्दों को गलत ढंग से बोलता जिसका अर्थ कुछ का कुछ निकलता। लिखते हुए भी कहीं बिंदु लगाना रह जाता, तो कहीं यूं ही लगा देता। स्कूल में अध्यापक भी समझाते, लेकिन उसकी गलतियां होती रहतीं।

एक दिन बहुत मजेदार घटना घटी। सोनू, शेखू के एक सहपाठी शैशव के चाचाजी का विवाह था। शैशव ने सभी दोस्तों को दावत पर बुलाया था। सोनू बहुत खुश हुआ, उसे पता था विवाह में जी भर कर पनीर खाने को मिलेगा। उस दिन जब दोनों दावत में जा रहे थे तो शेखू ने मजाक में कहा, 'सोनू इतना पनीर मत खाना कि स्वास्थ्य खराब हो जाए।'

सोनू ने जवाब दिया, 'तुम चिंता न करो, मुझे अपना ख्याल है।'

शादी में पूरा ठाठ-बाठ था। स्वादिष्ट खाने की खुशबू फैली हुई थी। एक तरफ बैठने का बढ़िया इंतजाम था, तो दूसरी तरफ पारंपरिक ढंग से, जमीन पर पंगत बिछाकर, मेहमानों को बैठाकर खाना परोसा जा रहा था। खाने के लिए शेखू और सोनू भी बैठे। खाना खिलाने वाले एक अंकल बहुत मन से सबको शाही पनीर परोस रहे थे ताकि सभी को इच्छानुसार पनीर खाने को मिले, जरा भी बेकार न जाए। वे आए और सोनू के सामने रखे कटोरे में पनीर डाला। सोनू स्वाद लेकर खाने लगा। कुछ देर बाद वह अंकल दोबारा आए और उन्होंने पूछा, 'बेटा, क्या आपको और पनीर दूं?'

उत्तर में सोनू ने थैंक यू कहा तो अंकल ने उसे पनीर और दे दिया। सोनू ने देखा, अभी दूसरी सब्जियां तो उसने खाई ही नहीं। वह जल्दी-जल्दी बाकी व्यंजन खाने लगा, उसका पेट भर गया था। वास्तव में सोनू भूख से ज्यादा खाए जा रहा था।

अंकल तीसरी बार आए और पूछा, 'बेटा, पनीर और दूं आपको?'

सोनू ने फिर बोला, 'थैंक यू।'

अंकल ने प्लेट में बचे रखे पनीर और सोनू के चेहरे से भांप लिया कि उसका पेट भर चुका है, अब खाया नहीं जा रहा। दूसरे व्यंजन भी बचे हुए हैं। अंकल ने जोर देकर पूछा, 'थैंक यू या नो थैंक यू?'

सोनू ज्यादा खाने के कारण असहज महसूस कर रहा था, इस बीच शेखू बीच में बोला, 'नो थैंक यू बोलो अंकल से।'

सोनू तुरंत अंकल से बोला, 'नो थैंक यू अंकल।'

यह सुनकर अंकल मुस्कुराकर चले गए। घर वापस आते समय सोनू ने शेखू से पूछा, 'दोस्त, आज तुमने बचा लिया। तीसरी बार पनीर ले लेता तो खाना मुश्किल हो जाता।' 'सोनू तुमको आज समझ में आया 'थैंक यू' और 'नो थैंक यू' में कितना फर्क है?' शेखू ने कहा। 'हां दोस्त, आज पता चला। हम सभी अकसर थैंक यू ही तो बोलते हैं। ऐसे और भी शब्द हैं, जिसका उचित प्रयोग न करने के कारण उनका अर्थ बदल जाता है। शेखू तुम मेरे सबसे अच्छे दोस्त हो। तुम्हारी वजह से मुझे कई सही शब्द सीखने को मिलते हैं।' सोनू बोला।

शेखू मुस्कुराते हुए बोला, 'दोस्त होने के नाते हम दोनों को एक-दूसरे को सही और गलत बातें बतानी ही चाहिए। यह तो हमारा फर्ज है।' *

कविता
सतीश उपाध्याय



## टमाटर

गोल मटोल, लाल टमाटर
रहता है खुशहाल टमाटर।
आलू संग, सारी सब्जी में
ठोक रहा है, ताल टमाटर।
इसमें तो हैं भरे विटामिंस
रोगों का है काल टमाटर।
जाने कब यह भाव दिखाए
बदले कितने चाल टमाटर।
गर्म तवा में, धीरे-धीरे
छोड़े अपनी खाल टमाटर।
लौकी, टिंडा, बैंगन, परवल
सबका रखता ख्याल टमाटर।
और रसीला गद्गद् होकर
आया है इस साल टमाटर।

# भारत ने जताई उम्मीद, चीन में मिलेगा भारतीय पत्रकारों को काम करने का मौका

## चीन द्वारा दो भारतीय पत्रकारों के वीजा फ्रीज कर उनके बीजिंग वापस लौटने पर लगाई गई रोक के मामले को लेकर गुरुवार को सामने आई भारत की प्रतिक्रिया

नई दिल्ली

चीन द्वारा हाल ही में दो भारतीय पत्रकारों के वीजा फ्रीज कर उनके बीजिंग वापस लौटने पर लगाई गई रोक के मामले को लेकर गुरुवार को विदेश मंत्रालय की प्रतिक्रिया सामने आई है। जिसमें मंत्रालय ने उम्मीद जताते हुए कहा है कि चीनी अधिकारियों द्वारा भारत के इन दोनों पत्रकारों को काम करने की अनुमति प्रदान की जाएगी। जिससे इनकी नियमित उपस्थिति चीन की बनी रहेगी। इस मामले को लेकर भारत चीन के साथ संपर्क में है। यह जानकारी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने 6 अप्रैल को आयोजित की गई नियमित मीडिया ब्रीफिंग में इस मामले को लेकर पूछे गए प्रश्नों के जवाब में दी है। उन्होंने कहा कि चीन के कुछ पत्रकार भारत में हैं जो कि वैध वीजा पर भारत में पत्रकारिता से जुड़ी तमाम गतिविधियों को पूरा कर रहे हैं। इस लिहाज से देखें तो हमें नहीं लगता कि उन्हें यहां काम करने में किसी तरह की कोई परेशानी आ रही है। जहां तक भारत के चीन में काम करने वाले पत्रकारों का सवाल है तो हमें उम्मीद है कि चीनी प्राधिकारी भारतीय पत्रकारों की नियमित उपस्थिति के साथ उन्हें रिपोर्टिंग करने दी जाएगी। बताते चलें कि चीन के उक्त कदम के बाद भारत ने पिछले महीने शिन्हुआ समाचार एजेंसी के नई दिल्ली स्थित एक संवाददाता को सूचित किया था कि उनके भारतीय वीजा का नवीनीकरण नहीं किया जाएगा और उन्हें 31 मार्च तक चीन वापस लौटना पड़ेगा। इस घटनाक्रम के बीच वर्तमान में चीन में भारत के दो पत्रकार मौजूद हैं। इसमें हिंदुस्तान टाइम्स के सुतिर्थो पैट्रोनोबिस और प्रेस ट्रस्ट ऑफ इंडिया (पीटीआई) के केजेएम वर्मा शामिल हैं। चीन के विदेश मंत्रालय के अधिकारियों का कहना है कि वे अभी चीन में रुक सकते हैं।

### भारत के भेदभावपूर्ण रवैए के जवाब में दी प्रतिक्रियाः चीन

गौरतलब है कि बीते मंगलवार को आयोजित की गई एक ब्रीफिंग में चीन के विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता माओ निंग ने कहा कि द हिंदू अखबार के बीजिंग संवाददाता अनंत कृष्णन और प्रसार भारती के संवाददाता अंशुमन मिश्रा वर्तमान में छुट्टी पर भारत में हैं और उनके वीजा को फ्रीज कर दिया गया है। जिसके बाद वह अगले आदेश तक चीन वापस नहीं लौट सकेंगे। ब्रीफिंग में भारतीय पत्रकारों के वीजा फ्रीज करने के कारण से जुड़े एक प्रश्न के जवाब में चीनी विदेश मंत्रालय ने कहा कि पिछले काफी समय से चीन के पत्रकारों के साथ गलत और भेदभावपूर्ण व्यवहार किया जा रहा था। वर्ष 2017 में भारत ने चीन के पत्रकारों का वीजा की अवधि तीन महीने से घटाकर एक महीने कर दी थी। इसके बाद वर्ष 2020 में भारत ने चीन से आने वाले पत्रकारों के आवेदनों को स्वीकार करने से इंकार कर दिया। यहां बता दें कि यह दोनों भारतीय पत्रकार हाल ही में निजी कारणों की वजह से भारत आए थे। लेकिन उन्हें चीनी अधिकारियों ने ये सूचित किया कि उन्हें चीन वापस नहीं जाना चाहिए। क्योंकि उनके वीजा फ्रीज कर दिए गए हैं।

### पहले चीन में थे 6 भारतीय पत्रकार

कुछ साल पहले तक चीन में भारत के 6 पत्रकार कार्यरत थे। लेकिन बाद में इनकी संख्या घटकर चार रह गई। इसके बाद की स्थिति देखें तो मुट्ठी भर भारतीय पत्रकारों को ही चीन ने फेलोशिप दी। जिससे उन्हें चीन में रहने और अपने मीडिया संगठनों के लिए रिपोर्ट करने की अनुमति मिली है। इसी तरह से करीब एक दशक पहले भारत में चीन के दर्जनभर पत्रकार थे। लेकिन 2022 के अंत तक उनकी संख्या घटकर चार रह गई थी। वर्ष 2016 में भारत ने राज्य मीडिया नेटवर्क शिन्हुआ से संबंधित तीन पत्रकारों को निष्कासित कर दिया था। इसके पीछे सुरक्षा एजेंसियों ने उन पर बाहर की गतिविधियों में लिप्त होने का आरोप लगाया था।

# सरकार के प्रति विश्वास और विकास कार्यों से छग में दोबारा बनेगी कांग्रेस की सरकार : कमरो

**विधायक कमरो की पहल पर सडक और पुल निर्माण कार्य हेतु साढ़े 6 करोड़ से अधिक की राशि मंजूर**

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

मनेन्द्रगढ़ (एमसीबी) । सविप्रा उपाध्यक्ष राज्यमंत्री दर्जा प्राप्त भरतपुर-सोनहत विधायक गुलाब कमरो की पहल पर राज्य सरकार ने वर्ष 2021-22 के बजट में शामिल बहुप्रतीक्षित सडक और पुल जैसे विकास कार्यों के लिए साढ़े 6 करोड़ से भी अधिक की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की है।वर्ष 2021-22 के बजट में शामिल मनेंद्रगढ़ के एनएच 43 से 18वीं बटालियन चैनपुर पहुंच मार्ग लंबाई 4.02 किलोमीटर निर्माण कार्य के लिए जहां 4 करोड़ 64 लाख 50 हजार रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। वहीं ग्राम पंचायत भल्लौर-साल्ही मार्ग पर हंसिया नाला में पुल निर्माण कार्य हेतु 1 करोड़ 57 लाख 58 हजार रूपए मंजूर किए गए हैं। बहुप्रतीक्षित सडक और पुल निर्माण कार्य के लिए साढ़े 6 करोड़ से भी अधिक की बड़ी राशि मंजूर किए जाने पर राज्यमंत्री दर्जा प्राप्त क्षेत्रीय विधायक गुलाब कमरो ने क्षेत्रवासियों की ओर से मुख्यमंत्री भूपेश बघेल एवं लोनिवि मंत्री ताम्रध्वज साहू के प्रति आत्मीय आभार व्यक्त किया है।इधर 18वीं बटालियन चैनपुर पहुंच मार्ग के लिए शासन द्वारा राशि मंजूर किए जाने पर बटालियन में पदस्थ



अफसर से लेकर जवान और उनके परिवारों ने राहत की सांस ली है।बता दें कि शहर से लगे ग्राम पंचायत चैनपुर में 18वीं बटालियन का मुख्यालय खुले 10 साल होने जा रहे हैं, लेकिन सडक जैसी बुनियादी सुविधा अभी तक यहां मुहैया नहीं कराई जा सकी है। सडक नहीं होने से जहां आवागमन में परेशानी हो रही है वहीं बच्चों की पढ़ाई पर भी इसका असर पड़ रहा है। यहां सडक नहीं होने के कारण शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी बुनियदी सुविधाओं के लिए भी बटालियन के अफसर और जवानों के परिवारों के साथ ग्रामीणों को भी जद्दोजहद करनी पड़ रही है।सडक जैसी बुनियादी सुविधा को तरस रहे बटालियन में पदस्थ अफसर और जवानों के परिवारों ने करीब 6 माह पूर्व विधायक गुलाब कमरो से मिलकर उन्हें अपनी परेशानियों और पीड़ा से अवगत कराया था।विधायक ने समस्या को गंभीरता से लेते हुए आश्वस्त किया कि था कि एनएच से बटालियन तक पहुंच मार्ग उनकी प्राथमिकता में है। उन्होंने बहुप्रतीक्षित सडक के लिए राज्य शासन से शीघ्र मंजूरी लिए जाने का वायदा किया था और अपने वायदे को निभाते हुए उन्होंने सडक के लिए शासन से राशि मंजूर कराई है। इसके अलावा ग्राम पंचायत भल्लौर-साल्ही मार्ग पर स्थित हंसिया नाला में पुल निर्माण की मांग भी लंबे समय से की जा रही थी। वर्तमान में हंसिया नाला में जर्जर पुल की ऊंचाई कम होने की वजह से बरसात के मौसम में अक्सर पुल के जलमग्र हो जाने की वजह से कई गांवों का संपर्क एक-दूसरे से टूट जाता था, लेकिन अब ऐसा नहीं होगा। विधायक कमरो का प्रयास रंग लाया है और राज्य शासन की ओर से डेढ़ करोड़ से अधिक की राशि पुल निर्माण कार्य के लिए मंजूर की गई है।पुल का निर्माण होने से साल्ही, डोमनापारा, भल्लौर, डंगौरा, बिछली के साथ कई आश्रित गांवों में निवासरत ग्रामीणों को इसका लाभ मिलेगा।विधायक कमरो ने कहा कि प्रदेश की संवेदनशील सरकार भूपेश सरकार आम जनता तक बुनियादी सुविधाएं पहुंचाने निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि मूलभूत सुविधाओं के लिए हमारी सरकार ने कभी झूठे वायदे नहीं किए, बल्कि जनता तक उन सुविधाओं को पहुंचाने के लिए दिन-रात एक किए हैं।यही वजह है कि सरकार के प्रति लोगों का विश्वास बढ़ा है। विधायक ने कहा कि विश्वास और विकास कार्यों को लेकर छत्तीसगढ़ में फिर से कांग्रेस की सरकार बनने जा रही है।

# विश्व स्वास्थ्य दिवस पर लगे कैंप में मिले हेल्थ टिप्स




छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

लखनऊ।विश्व स्वास्थ्य दिवस के मौके पर चिंनहट ब्लाक के नरहरपुर गाँव में हेल्थ कैम्प का आयोजन किया गया।स्वयंसेवी संस्था समर्थ के सहयोग से आयोजित इस हेल्थ कैम्प में डॉ. रक्षा और डॉ. प्रकृति ने उपस्थित सभी लोगों का चेकअप किया । संस्था के डायरेक्टर डॉ. प्रवेश द्विवेदी ने बताया कि विश्व स्वास्थ्य दिवस की इस बार की थीम है हेल्थ फॉर ऑल, जिसके तहत समय-समय पर फ्री कैम्प आगे भी लगाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि प्रायः ग्रामीण समुदाय में स्वच्छता को नजरंदाज किया जाता है।इससे बीमारी बढ़ती जाती है।हमें बीमारी को रोकने के लिए स्वच्छ्ता को अपनाना पड़ेगा। इसमें दांतों की साफ सफाई भी आवश्यक है।लोगों में जागरूकता बढ़ाने के लिए ही यह अभियान चलाया जा रहा है। विशेष रूप से बच्चों को भी इसमें शामिल किया गया है।

# मनेंद्रगढ़ विधायक ने खाट चौपाल लगाकर सुनी ग्रामीणों की समस्या

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन



मनेंद्रगढ़ (एमसीबी)।मनेंद्रगढ़ विधायक डॉक्टर विनय जायसवाल ने विकासखंड खड़गवां के ग्राम पंचायत दुग्गी के पावलेपारा, सड़क पारा, छिलबहरी पारा, सुखापली, पटेलपारा एवम सिंघत के बैगा पारा में खाट चौपाल लगाकर ग्रामीण जनों से मुलाकात कर सभी का कुशल क्षेम जाना तथा विभिन्न समस्याओं से अवगत होकर संबंधित अधिकारियों को दूरभाष के माध्यम से तत्काल निराकरण हेतु निर्देशित किया साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में हो रहे विकास कार्यों का जायजा लिया और ग्रामवासियों को निर्धारित समय सीमा में कार्यों के पूर्ण होने को लेकर आश्वस्त किया । मनेंद्रगढ़ विधायक डॉ विनय जायसवाल ने खाट चौपाल लगाकर लोगों की समस्याएं सुनी और मौके पर ही जो समस्याएं निराकृत हो सकती थी निराकरण किया बाकी समस्याओं के निराकरण के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया ।इस दौरान विधायक श्री जायसवाल ने ग्रामीणों को जानकारी देते हुए बताया कि छत्तीसगढ़ की कांग्रेस की भूपेश सरकार किसानों के लिए समर्पित सरकार है किसानों की हितैषी सरकार है और किसानों के सुख समृद्धि व आय दुगुना करने के लिए काम करने वाली सरकार है । विधायक श्री जायसवाल ने बताया कि सरकार अभी तक 2500 रुपए में प्रति क्विंटल में धान की खरीदी कर रही थी आने वाले समय में सरकार अब प्रति एकड़ 20 क्विंटल धान खरीदेगी और प्रति क्विंटल का दाम समर्थन मूल्य पर 2800 रपये देगी ।ग्रामीण क्षेत्रों में समर्थन मूल्य पर प्रति एकड़ 20 क्विंटल धान खरीदने की घोषणा से किसान भाई काफी खुश होकर प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का आभार व्यक्त किया ।खाट चौपाल में काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे ।

# सड़क, बिजली, पानी के मुद्दे को लेकर ग्रामीणों ने शुरू किया धरना प्रदर्शन

**ग्राम पसौरी में लो वोल्टेज, अधिक बिजली बिल की समस्या से लोग परेशान**

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन



मनेंद्रगढ़ (एमसीबी) । एमसीबी जिले के मनेंद्रगढ़ जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत पसौरी में सड़क, बिजली, पानी एवं लो वोल्टेज की समस्या को लेकर ग्रामीणों द्वारा लामबंद होकर सामूहिक धरना प्रदर्शन किया जा रहा है। मूलभूत सुविधाएं सड़क बिजली पानी की समस्या से निजात पाने सरपंच, पंच एवम् ग्रामीण जन एकजुट होकर शांतिपूर्ण ढंग से धरना प्रदर्शन कर रहे हैं ।विदित हो कि बीते 27 मार्च को एसडीएम कार्यालय केल्हारी में काफी तादाद में ग्राम पंचायत पसौरी के ग्रामीण ज्ञापन सौंप कर तीन बिंदुओं पर तत्काल मांग पूरी करने की मांग किए थे।लेकिन इस दिशा में स्थानीय प्रशासन के द्वारा और ना ही जनप्रतिनिधियों के द्वारा कोई विशेष रुचि दिखाई गई ग्रामीणों की समस्या पर ध्यान ना देने से नाराज ग्रामीणों ने लामबंद होकर उक्त धरना प्रदर्शन शुरू किया है जिसमें काफी संख्या में ग्रामीण जन शामिल हुए ।ग्रामीणों की मांग है कि जल जीवन मिशन योजना अंतर्गत निर्मित पानी सप्लाई दो माह से बंद है जिसे चालू किया जाय।प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत निर्मित सड़क में फिर से मरम्मत कार्य शुरू किया जाए।प्रमुख मांग विद्युत विभाग से संबंधित है लो वोल्टेज की समस्या और अधिक बिजली बिल जिसके लिए शिविर के माध्यम से निराकरण की मांग ग्रामीणों ने किया है। उक्त धरना प्रदर्शन में सरपंच राधना सिंह, सभी पंचगण, सहित पूर्व जनपद पंचायत सदस्य आर एन पटेल सहित काफी तादाद में भाजपा, कांग्रेस, गोगापा के नेतागण एक साथ दिखाई दिए। ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम पंचायत पसौरी को विकास से दूर रखा गया है यहां पर ग्रामीण मूलभूत सुविधाओं को तरस रहे हैं । स्थानीय प्रशासन व जनप्रतिनिधि का ध्यान आकर्षित कराए जाने के बाद भी कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है ।मूलभूत सुविधाओं को लेकर स्थानीय स्तर पर एसडीएम को ज्ञापन सौंपा गया था उसका भी कोई ध्यान नहीं दिया गया जिससे ग्रामीण लामबंद होकर मूलभूत सुविधाओं की समस्या के निराकरण की मांग को लेकर धरना प्रदर्शन करने को मजबूर हुए हैं । जिम्मेदार प्रतिनिधि विकास पुरुष बने घूम रहे हैं लेकिन धरातल पर कहीं कोई विकास दिखाई नहीं दे रहा है लोग मूलभूत सुविधाओं तक के लिए तरस रहे हैं ।

# बलरामपुर अस्पताल में सर्जरी ऑपरेशन के पैसे मांगने का डॉक्टर पर लगा आरोप

लखनऊ। बलरामपुर अस्पताल में सर्जरी विभाग के एक डॉक्टर पर ऑपरेशन के बदले पैसे मांगने का लगा आरोप परिवारीजनों ने पैसे मांगने संबंधी ऑडियो अस्पताल प्रशासन को सौंपा है। शिकायत के बाद अस्पताल प्रशासन ने जांच कराने का फैसला किया है। मलिहाबाद स्थित जगदीशपुर निवासी प्रशांत मौर्या 7 वर्ष को पेशाब संबंधी परेशानी हुई। परिवारीजन बच्चे को लेकर बलरामपुर अस्पताल पहुंचे। जहां सर्जरी विभाग के डॉक्टरों ने लक्षणों के आधार जांच कराई। जांच में पेशाब की नली में पथरी होने की पुष्टि हुई। डॉक्टर ने ऑपरेशन करने की सलाह दी। करीब पांच रोज पहले बच्चे का ऑपरेशन डॉक्टर ने किया।

# हाईटेंशन लाइन का तार टूटकर खेतो में गिरा,28बीघे गेहूं की फसल जलकर हुई राख

**मोहनलालगंज के गनियार गांव में बिजली विभाग की लापरवाही से जली, दो दर्जन किसानो की 28बीघे गेहूं की फसल जलकर हुयी राख**

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

मोहनलालगंज। मोहनलालगंज के गनियार गांव में शुक्रवार की दोपहर किसान सहजराम के खेत से गुजरी हाईटेंशन लाइन का जर्जर तार टूट कर गिरने से आग लग गयी ।कुछ ही देर में आग ने विकराल रूप ले लिया,जिसके बाद दो दर्जन किसानो के खेतो में खड़ी 28बीघे गेहूं की फसल जलकर राख हो गयी ? ।आग लगने की सूचना पाकर मौके पर पहुंचे किसानो ने ग्रामीणो की मदद से निजी संसाधनो से आग बूझने का प्रयास किया लेकिन नाकाम रहे ।सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने फायर विभाग को सूचना दी.तब जाकर काफी देर बाद दो फायर बिग्रेड वाहनो के साथ मौक पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद खेतो में लगी आग पर पानी की बौछार कर काबू पाया ।सूचना के बाद नायाब तहसीलदार अनुपम वर्मा ने राजस्व टीम के साथ मौके पर पहुंचकर किसानो की जली गेहूं की फसलो का आकंलन कर मुआवजे के लिये एसडीएम हनुमान प्रसाद मौर्य को रिपोट सौपी है ।एसडीएम हनुमान प्रसाद मौर्य ने बताया नायाब तहसीलदार ने किसानो के खेतो में गेहूं की फसले जलने से हुये नुकसान का आकंलन कर रिपोट दी है,जल्द ही पीड़ित किसानो को मुआवजा दिया जायेगा।

## इन किसानो की गेहूं की फसले जली

गनियार गांव में खेतो में आग लगने से किसान दिलराज सिह की साढे सात बीघे गेहू की



फसल,कान्हे उर्फ , कन्धई,जागेश्वर,कंचन,कुसुमा देवी,अरविंद,रवीन्द्र,कौशल कुमार, सुमनदेवी, चन्द्रभान, सहजराम की दस बीघे,किसान रामगोपाल, रामसनेही, सरवन, राधेलाल,देशराज की साढे सात बीघे,किसान बेचालाल की दो बीघे फसल, यशवीर सिहं,अवनीश कुमार संदीप सिहं,प्रदीप सिहं,लालती देवी की तीन बीघे के करीब गेहू की फसल जलकर राख हो

## साहब अब कैसे पीले होगे बेटी सुनीता के हाथ

किसान बेचालाल की दिव्यागं बेटी सुनीता का विवाह तय था,15मई को घर पर बारात आनी थी,दिन रात परिवार के साथ कड़ी मेहनत कर उसने अपने दो बीघे खेतो में गेहूं की फसल उगाई थी ओर खेतो में पकी खड़ी फसल को कटाने की तैयारी में था,लेकिन उससे पहले ही बिजली विभाग की लापरवाही के चलते खेतो में टूट कर गिरे हाईटेशन लाइन के तार से लगी आग ने उसके सपनो को चकनाचूर कर दिया,किसान बेचालाल की दो बीघे गेहूं की फसल पुरी तरह जलकर राख हो गयी,ऐसे में उसके आगे बेटी की शादी में बड़ा आर्थिक संकट आ गया। ऐसे में उसे बेटी की शादी के लिये आर्थिक मदद की भी दरकार है ।खेतो में जली फसल को देखकर बेचालाल व उसके परिवार के आंसू थमने का नाम नही ले रहे थे ।हालाकि इस दौरान मौके पर मौजूद ग्राम प्रधान देवेन्द्र सिहं उर्फ बब्लू ने उसे ढाढस बंधाया ओर बेटी की शादी में हर सम्भव मदद का भरोसा दिलाया।

## हाईटेंशन लाइन के टूटे इंसूलेटर को लापरवाह बिजली विभाग ने नही बदला

किसान दिलराज सिहं ने बताया सहजराम के खेत में लगे हाईटेशन लाइन के पोल पर लगा इंसूलेटर काफी समय से टूटा हुआ था ,जिसे बदलने की मांग स्थानीय बिजली विभाग के अफसरो से की गई लेकिन लापरवाह अफसरो ने नही बदलवाया ओर ना ही ठीक कराया।

# कूड़े के ढेर में अचानक लगी भीषण आग



छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

काकोरी लखनऊ ।कोतवाली काकोरी क्षेत्र के शिवरी कूड़ा प्लांट के अंदर कूड़े के ढेर में लगी भीषण आग जानकारी के अनुसार कूड़ा प्लांट के अंदर वेल्डिंग का काम चल रहा था चिंगारी से लगी कूड़े के ढेर भीषण आग कूड़े प्लांट के अंदर काम कर रहे कर्मचारियों की लापरवाही से कूड़े के ढेर में लगी भीषण आग देखते देखते आग ने लिया विकराल रूप जिसकी जानकारी क्षेत्रीय चौकी घुर घुरी तालाब पुलिस को मिली मौके पर पहुंची पुलिस ने फायर ब्रिगेड को दी सूचना पाकर मौके पर पहुंची चार फायर ब्रिगेड की गाड़ियां फायर ब्रिगेड के मुख्य अग्निशमन अधिकारी मंगेश कुमार,के कुशल निर्देशन एवं अग्निशमन अधिकारी चौक श्री पुष्पेंद्र कुमार,एवं अग्निशमन अधिकारी सरोजनी नगर श्री सुमित प्रताप सिंह,के नेतृत्व में कड़ी मशक्कत के बाद आग पर पाया काबू।

# दिव्यांग व्यक्ति को प्रदान की गई इलेक्ट्रिक ट्राईसाइसिकल

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन




मनेन्द्रगढ़ (एमसीबी) । नर सेवा ही नारायण सेवा है को चरितार्थ करते हुए खेड़िया टॉकीज मनेंद्रगढ़ में राधेश्याम खेड़िया सेवा संस्थान द्वारा 7 अप्रैल 2023 शुक्रवार को दिव्यांग व्यक्ति राम दयाल केवट को इलेक्ट्रिक ट्राइसाइकिल प्रदाय की गई ।इस अवसर पर एसडीएम मनेन्द्रगढ़ अभिषेक कुमार एवं समाजसेवी कैलाश खेड़िया, विकास खेड़िया द्वारा दिव्यांग को ट्राई सइकिल प्रदान की गई । संस्थान द्वारा हर माह एक जरूरतमंद को इलेक्ट्रिक ट्राइसाइकिल का वितरण किया जा रहा है । इस अवसर पर समाजसेवी कैलाश खेड़िया ने कहा कि समाज सेवा से बड़ा पुण्य कार्य कोई नहीं। समाज सेवा अगर निःस्वार्थ भाव से की जाए तो मानवता का कर्तव्य सही मायनों में निभाया जा सकता है ।उन्होंने कहा कि हम मानव हैं और मानव होने के नाते हमारा पहला धर्म मानवता का परिचय देना है।लेकिन आज समाज जिस दिशा पर जा रहा है। उसको देखकर ऐसा अहसास होता है कि इंसान में इंसानियत का और आत्मियता का अभाव होता जा रहा है। लेकिन समाज के कुछ लोग ऐसे भी हैं जो समाजसेवा के माध्यम से मानवता का परिचय देते रहते हैं। साथ ही समाज के लोगों को मानवता का पाठ भी पढ़ाते हैं।इस क्रम में एस डी एम ने कहा कि जीवन में समाजसेवा से बड़ा कोई कार्य नहीं है।समाज के प्रत्येक नागरिक को अपने सामाजिक एवं पारिवारिक दायित्वों के साथ-साथ समाजसेवा के लिए भी समय अवश्य निकालना चाहिए।

# भाजपा को किसानों की कोई परवाह नहीं : अखिलेश यादव

**सरकार किसानों के लिए काल बन गई, आय दोगुनी नहीं, लेकिन आधी हुई**

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

लखनऊ, समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष, पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता विरोधी दल अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार में अन्नदाता किसान सबसे ज्यादा मुसीबत में है। भाजपा सरकार को किसानों की कोई परवाह नहीं है। तमाम वादे करने के बावजूद भाजपा सरकार ने किसानों के साथ कोई वादा पूरा नहीं किया है। कृषि निवेशों की महंगाई के कारण किसानों की आय दोगुनी करने वाली भाजपा सरकार ने किसानों की आय आधी कर दी है। भाजपा सरकार किसानों के लिए काल बन गई है ।उत्तर प्रदेश के किसान पर असमय बारिश ओलावृष्टि की चोट के साथ आवारा पशुओं द्वारा फसल बर्बाद करने की आफत से तबाही मची है। रोज टूटते हाईटेंशन तारों से खेत के खेत जल कर राख हो रहे हैं। नमी और दूसरी वजहें दिखाकर क्रय केन्द्रों पर किसान का गेहूं नहीं खरीदा जा रहा है। महोबा में आंधी बारिश से 25 बीघे में तैयार गेहूं चना की फसल बर्बाद हो गई ।सदमा लगने से किसान की मौत हो गई। किसान ने बैंक से 2 लाख का कर्ज लेकर फसल बोई थी। हजारों किसान इस संकट से जूझ रहे हैं। अखिलेश यादव ने हर तरफ से शिकायतें आ रही है कि भाजपा सरकार में अधिकांश गेहूं की खरीद प्राइवेट कम्पनियां कर रही है। किसान को एमएसपी नहीं मिल रही है। बिचौलिए औने पौने दाम पर खरीद रहे है। सरकार पूरी खरीद भी नहीं कर रही है। भाजपा ने जता दिया है कि वह किसानों की शोषक और पूंजी घरानों की पोषक है।

# लखनऊ में कोरोना का हमला, 50 नए मरीज, संक्रमितों की संख्या 161 पहुंची

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

लखनऊ। कोरोना वायरस और हमलावर हो गया है।शुक्रवार को 50 लोग कोरोना की चपेट में आ गए हैं। एक साथ इतनें मरीजों की संख्या में वृद्धि से स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप मच गया है। कोरोना के सक्रिय मरीजों की संख्या 161 पहुंच गई है।

आनन-फानन स्वास्थ्य विभाग ने कान्टेक्ट ट्रेसिंग बढ़ाने के लिए टीमों की संख्या दोगुनी कर दी गई है। सरोजनीनगर में कहर ग्रामीण क्षेत्र में कोरोना वायरस ने रफ्तार पकड़ ली है। यहां 12 लोगों की रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। आलमबाग और एके रोड में आठ-आठ लोग कोरोना की चपेट में आ गए हैं। सिलवर जुबली में सात लोग पॉजिटिव पाए गए हैं। चिनहट और इंदिरानगर में चार-चार लोग वायरस की जद में आ गए हैं। अलीगंज, माल और रेडक्रास में दो-दो लोग संक्रमित पाए गए हैं। ऐशबाग, कैसरबाग और गुडंबा में एक-एक लोग वायरस की चपेट में पाए गए हैं।

## पांच मरीज भर्ती

कोरोना संक्रमितों के भर्ती होने का सिलसिला भी शुरू हो गया है। पांच मरीज अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती हैं। केजीएमयू में एक बच्चा और बुजुर्ग भर्ती हैं। बुजुर्ग को कई गंभीर बीमारियों के बाद भर्ती कराया गया है। जांच में कोविड की पुष्टि हुई।लोकबंधु अस्पताल में तीन मरीज भर्ती हैं। जिसमें गर्भवती महिला भी शामिल हैं।

## 55 टीमें एकत्र करेंगी नमूने

संक्रमितों की पहचान के लिए स्वास्थ्य विभाग ने कान्टेक्ट ट्रेसिंग की टीमों की संख्या में वृद्धि की है। अभी तक 39 टीमे संक्रमितों के संपर्क में आने वालों की जांच कर रही थीं। अब यह संख्या 55 पहुंच गई है। इसमें कुष्ठ कार्यक्रम के कर्मचारियों को लगाया गया है। जबकि दूसरी योजनाओं के हेल्थ वर्कर भी नमूने एकत्र करेंगे। सामुदायिक व प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में टीमे लगाई गई हैं।

## मास्क लगाने की अपील

डिप्टी सीएमओ डॉ. निशांत निर्वाण का कहना है कि 12 मरीजों ने वायरस को मात देने में कामयाबी हासिल की है।उन्होंने लोगों को मास्क लगाने की अपील की।

## आंगनबाड़ी केंद्रों के संचालन समय में किया गया परिवर्तन

**कोरबा। छ.ग. फ्रंटलाइन।** प्रदेश में गर्मी की अधिकता के कारण बच्चों के स्वास्थ्य को दृष्टिगत रखते हुये मात्र ग्रीष्मकाल की अवधि अर्थात् 05 अप्रैल 2023 से 30 जून 2023 तक आंगनबाड़ी केन्द्र के संचालन का समय 06 घण्टे से घटाकर 04 घण्टे करने के निर्देश हैं। समयवधि में उक्त परिवर्तन करने पर केन्द्र संचालन प्रातः 7:00 बजे से 11:00 बजे तक होगा। ग्रीष्मकाल समाप्ति उपरान्त 01 जुलाई 2023 से पुनः आंगनबाड़ी केन्द्र का संचालन प्रातः 9:30 से 3:30 तक 06 घण्टे के लिये किया जाएगा।

## मर्रा में किसानों ने आस्वासन के बाद धरना समाप्त किया

**पाटन। छ.ग. फ्रंटलाइन।** पाटन ब्लाक के ग्राम मर्रा के किसानों एवं ग्रामीणों ने अपने कृषि भूमि में जाने के लिए रास्ता एवं कृषि कार्य के लिए पर्याप्त पानी की व्यवस्था हेतु जलग्रहण मिशन के तालाब के पास धरना दिया। भारतीय किसान यूनीयन छत्तीसगढ़ (टीकैत) के सहयोग से इस धरना मे किसानों एवं ग्रामीणों ने हिस्सा लिया ।धरना की सुरुआत छत्तीसगढ़ महतारी की वन्दना से प्रारंभ किया गया। इस धरना में वकील व ग्रामीण शेखर वर्मा टेकराम साहू भारतीय किसान यूनीयन के युवा प्रदेश अध्यक्ष ढालेश् साहू बालाराम साहू, छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा के सुमीत , एकलव्य परगनिहा कमल सतनामी, मुकुद विश्वकर्मा, रेखा ने संबोधित किया।

# अतिक्रमण पर कार्रवाई हेतु बुलडोजर लेकर वार्ड क्र 10 में पहुंची प्रशासन की टीम

**0 भाजपा नेताओं ने किया विरोध, आधी अधूरी कार्रवाई कर लौटी टीम**
**0 प्रशासन की हिदायत-दो दिन में हटाएं कब्जा नही तो होगी कार्रवाई**

प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

**सूरजपुर।** शनिवार को प्रशासन की टीम ने नगर के वार्ड क्र 10 में सीएसपी दफ्तर व उसके बगल में किये जा रहे नवीन अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई करते हुए दो मकान सहित तीन लोगों के बाउंड्रीवाल पर बुलडोजर चला दिया है। नवीन अतिक्रमण पर प्रशासन की कार्रवाई का स्थानीय व भाजपा के लोगो ने विरोध किया। जिसके बाद प्रशासन की टीम ने स्वयं से अतिक्रमण हटाने के लिए दो दिन का समय इस हिदायत के साथ दिया है कि अगर तय समय मे उक्त अतिक्रमण नही हटाया गया तो फिर प्रशासन अपने स्तर पर कार्रवाई करेगी। शनिवार को एसडीएम रवि सिंह के नेतृत्व तहसीलदार वर्षा बंसल, आरआई दयाशंकर सिन्हा, पटवारी रामानंद गोयल सहित राजस्व अमला पुलिस टीम के साथ नगर के वार्ड क्र 10 में बुलडोजर लेकर बनाये जा रहे नवीन अतिक्रमण पर कार्रवाई के लिए पहुंचे थे। जहां प्रशासन की टीम ने निर्माण किये जा रहे दो लोगो के मकान व एक बाउंड्रीवाल पर कार्रवाई शुरू करते हुए बुलडोजर चलाना प्रारम्भ किया। इस बीच जनकारी लगने पर भाजपा के पदाधिकारी व कार्यकर्ता भी पहुंच गए और कब्जाधारियों के साथ मिलकर कार्रवाई का विरोध करने लगे। भारी विरोध को देखते हुए प्रशासन ने आधी अधूरी कार्रवाई कर इस हिदायत के साथ दो दिन का वक्त दिया है कि स्वयं से कब्जा हटा लें। नही तो प्रशासन अपने स्तर से कार्रवाई करेगी। प्रशासन के इस कार्रवाई से अवैध कब्जाधारियों में हड़कम्प का माहौल है।





**20 अन्य को 6 दिन में कब्जा हटाने नोटिस की तैयारी**

एसडीएम रवि सिंह ने बताया कि शासकीय भूमि पर कब्जा कर अवैध रूप से बनाये जा रहे नवीन अतिक्रमण पर कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी। इसके लिए प्रशासन के द्वारा प्रति सप्ताह अभियान चलाया जाएगा। अभियान के प्रथम चरण में वार्ड क्र 10 में बस स्टैंड के आसपास पर चल रहे अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई पश्चात एक से दो वर्ष पूर्व अतिक्रमण कर शासकीय भूमि में बनाये गए कब्जो पर प्रशासन का बुलडोजर चलेगा। जिसके लिए सप्ताह में शनिवार का दिन तय किया गया है। आज की कार्रवाई के बाद उसी वार्ड के 15 से 20 ऐसे लोगो को नोटिस जारी किया जा रहा है जिन्होंने एक से दो वर्ष पूर्व से मकान का निर्माण कराया है। ऐसे नवीन अतिक्रमण कारियो को स्वयं से कब्जा हटाने के लिए नोटिस जारी कर 6 दिन का समय दिया जाएगा। उसके बाद भी अगर वे अपना कब्जा नहीं हटते है तो प्रशासन के द्वारा तय किये गए दिन में बुलडोजर वाली कार्रवाई की जाएगी। जिसकी जिम्मेदारी उनकी स्वयं की होगी। उन्होंने यह भी बताया कि जिन कब्जाधारियों पर कार्रवाई की जा रही है उनके मकान दो वर्ष पूर्व प्रशासन द्वारा किये गए सर्वे के दौरान नहीं थे। प्रशासन फिलहाल नवीन कब्जो पर कार्रवाई करेगी। जो शहर के अन्य वार्डो पर जहां शासकीय भूमि अतिक्रमण कारियों के कब्जे में है उसे भी कब्जा मुक्त कराएगी।

# जच्चा-बच्चा मौत मामले में पुलिस की कार्रवाई से असंतुष्ट पिता की एसपी से फरियाद

**पुलिस कर रही जांच की बात तो कब तक होगी जांच..?**

प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

**सूरजपुर।** नर्सिंग होम में जच्चा बच्चा मौत के मामले में अब तक पुलिस द्वारा एफआईआर दर्ज नही किए जाने से असंतुष्ट मृतिका के पिता ने एसपी से न्याय की गुहार लगाई है।मृतिका के पिता महेंद्र साहू ने एसपी को एक ज्ञापन देकर कहा है कि पुत्री पूजा साहु उम्र 23 वर्ष का विवाह दो वर्ष पूर्ण भनेश्वरपुर चिखला पारा में रामानायण साहु आ0 राम गोपाल साहु के साथ हुआ था। गर्भवती पुत्री का सुरक्षित प्रसव हो सके इसके लिए 3 अप्रेल को विधिवत पर्ची कटाकर 100 बिस्तरीय अस्पाताल में जिला अस्पताल परिसर में भर्ती कराया था। जहां 2 दिनों तक इलाज नही होने के कारण इस दौरान अस्पताल में नर्स व डॉ रश्मी कुमार ने कहा कि मेरा खुद का सर्व सुविधायुक्त नर्सिंग होम है। जहां सुरक्षित प्रसव करा दूँगी, जहां जच्चा-बच्चा सुरक्षित रहेंगे। डॉ0 स्टाफ से रैफर हेतु दस्तावेज दिया गया, वहां से निजी वाहन से नर्सिंग होम ग्राम तिलसिवां पहुँचे। नर्सिंग होम में ईलाज का दर बताया गया, जिसमें नार्मल डिलवरी का 15 हजार बताया गया, मेरे द्वारा 10 हजार रूपये जमा किया गया। इसके बाद उपचार प्रारंभ किया गया। परीक्षण कर बताया गया कि मां के पेट में बच्चा सुरक्षित है जिसका नार्मल डिलवरी होगा।4 अप्रैल की रात्रि के बाद 5 अप्रैल की सुबह बताया गया कि ऑपरेशन करना पड़ेगा। मेरे द्वारा सहमति देने पर ऑपरेशन किया गया और मृत शिशु होना बताया गया। ऑपरेशन के बाद खून की जरूरत बताने पर डॉ0 मैडम ने जिला अस्पताल में फोन के माध्यम से चर्चा कर जिला अस्पताल में स्थित शासकीय ब्लड बैंक में मेरा नाम लेकर खून की थैली लेकर आने को कहा गया। बताये अनुसार अस्पताल पहुँचा जहां 1450 रूपये फीस देकर खून की थैली लेकर नर्सिंग होम पहुँचा। 5 अप्रैल की शाम को डॉ0 द्वारा बोला गया कि शव को ले जाईये और बोली कि ये कपड़ा है गड्ढा खोदकर रेण नदी में दफना दीजिए । उनके कहे अनुसार रेण नदी जाकर नवजात के शव को गड्ढा खोदकर दफना दिया गया। नदी में शिशु को दफन करने के बाद एक थैली खून की आवश्यकता है आप जिला अस्पताल के ब्लड बैंक चले जाईये, मेरा बात हो गया है। जहां फीस देकर खून की थैली ले आईये। मेरे द्वारा ब्लड बैंक में जाकर 1450 रूपये की राशि जमा कर ब्लड की थैली लेकर आया । अस्पताल से लाये खून की थैली ठण्डा होना कहकर कपड़े में गर्म किया गया और स्टॉफ के द्वारा खून चढ़ाया गया। इस दौरान मेरी पुत्री पूजा साहू का तबीयत खराब होने लगा। मेरे द्वारा आपातकाल नं0 108 में कॉल कर बुलाया गया। मुझे बोला गया कि आपके पुत्री पूजा साहू को कुछ नहीं होगा। यह कहकर मेरे पुत्री के सीना को दबाते रहे। लेकिन आखिरकार मेरे पुत्री की मौत हो चुकी थी। डॉ0 रश्मी कुमार ने मुझे अपने पास बुलाया और जितना जल्दी हो सके शव ले जाने को कहा। लेकिन रात होने के कारण शव ले जाने में मेरे द्वारा असमर्थता जताया गया। इस दौरान डॉ0 रश्मि ने दबाव बनाया और पैसे ले लो जाओ कहा गया। 06 अप्रैल को सुबह सीटी कोतवाली में गया और मामले की सूचना देकर मामले का अपराध पंजीबद्ध करने की मांग की गई, लेकिन आज दिनांक तक विवेचना कर रहे हैं, कहा जा रहा है।एसपी को दिए ज्ञापन में डॉ0 और उनके सहयोगियों के द्वारा घोर लापरवाही का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज कर कार्यवाही की मांग की गई है।






**नर्सिंग होम है सील**

इस मामले में जिला प्रशासन ने कार्रवाई करते हुए नर्सिंग होम को सील कर दस्तावेज आदि जप्त किये है। प्रशासन द्वारा जांच की जा रही है। पुलिस भी जांच की बात कह रही है।पर सूरजपुर की पुलिस कैसे और किस तरह जांच करती है यह सर्वविदित है।

# अब रोशन होगा सरकंडा कोनी क्षेत्र, चमक उठेगा बिलसापुर शहर

**बिलासपुर। एजेंसी।** महामाया चौक सरकंडा से लेकर तुरकाडीह बाईपास रोड मुख्य मार्ग नेशनल हाईवे में अंधेरा छाया रहता था ,कांग्रेस नेता बॉलीवुड अभिनेता एवं वार्ड क्रमांक 68 के मार्गदर्शक त्रिलोक चंद श्रीवास् ने अपने सहयोगियों सहित कुछ माह पूर्व इस विषय में जिला के कलेक्टर निगम आयुक्त एवं महापौर का ध्यान आकृष्ट कराया था।
जिसके तहत 15 वे वित्त योजना के अंतर्गत रुपए 19 लाख की राशि स्वीकृत करके स्ट्रीट लाइट कार्य लगाने का आज भूमि पूजन महापौर रामशरण यादव सभापति शेख नसरुद्दीन कांग्रेस नेता त्रिलोक चंद श्रीवास विद्युत विभाग के अध्यक्ष सुनीता गोयल एमआईसी मेंबर अजय यादव एवं अन्य पार्षदों की उपस्थिति में संपन्न हुआ।
कांग्रेस नेता त्रिलोक चंद श्रीवास् ने इस कार्य के लिए निगम आयुक्त सहित महापौर रामशरण यादव एवं जिलाधीश का आभार व्यक्त किया है त्रिलोक चंद श्रीवास ने कहा कि नेशनल हाईवे राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्ट्रीट लाइट लगने से सिर्फ समीपस्थ वार्ड निवासियों को फायदा नहीं होगा वर्णन इस मार्ग पर चलने वाले लाखों लोग इससे लाभान्वित होंगे, और कोनी प्रदेश की शिक्षा धानी है।
एजुकेशन हब के रूप में कोनी जाना जाता है, तीन विश्वविद्यालय इंजीनियरिंग कॉलेज एग्रीकल्चर कॉलेज एशिया का सबसे पहला और बड़ा एम आईटीआइ महिला आईटीआइ बीड कॉलेज जैसे दर्जनों शैक्षणिक संस्थान है पूरे देश से लोग यहां आते जाते रहते हैं इस देश में भी कोनी क्षेत्र सरकंडा क्षेत्र का सौंदर्यीकरण होने से बिलासपुर का पूरे देश में नाम रोशन करेगा, मुख्यमंत्री जी के मनसा अनूरूप गढ़ रहा है, छत्तीसगढ़ बढ़ रहा है छत्तीसगढ़ बिलासपुर के साथ-साथ पूरे छत्तीसगढ़ का विकास माननीय मुख्यमंत्री के नेतृत्व में हो रहा है।
आज के भूमि पूजन कार्यक्रम में महापौर रामशरण यादव सभापति शेख नसरुद्दीन विद्युत विभाग के अध्यक्ष सुनीता गोयल एमआईसी मेंबर अजय यादव मनीष गढ़ेवाल श्याम साहू पार्षद पुष्पा तिवारी पार्षद राजेंद्र यादव पार्षद प्रतिनिधि बाला भोसले सोनू सिंह राजपूत मोनू श्रीवास जोन आयुक्त प्रवीण शर्मा विद्युत विभाग के कार्यपालन यंत्री सुब्रत कर सहित नगर निगम के कर्मचारी एवं वार्ड वासी उपस्थित थे।



## निर्देश के बाद भी नहीं लगा उपचार शुल्क का बोर्ड, होगी कार्रवाई

**बिलासपुर। एजेंसी।** जिले के निजी अस्पताल में इलाज के नाम पर हो रही मनमानी शुल्क वसूली रोकने को लेकर सीएमएचओ डाक्टर अनिल श्रीवास्तव गंभीर है। ऐसे में सभी अस्पताल को उपचार शुल्क चस्पा करने के निर्देश दिए थे, लेकिन उनके इस निर्देश को गंभीरता से नहीं लिया गया।
वहीं अब ऐसे अस्पताल जिनके हास्पिटल में उपचार शुल्क बोर्ड चस्पा नहीं किया गया है। उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। जल्द ही ऐसे अस्पताल जांच के दायरे में आएंगे।
इमरजेंसी के दौरान इलाज के लिए पहुंचे मरीजो को अस्पताल प्रबंधन द्वारा इलाज के बेसिक खर्चे बताए जाते हैं। जब मरीज इलाज के बाद उसका भुगतान करने पहुंचता है, तो बेसिक फीस के अलावा अतिरिक्त चार्ज जोड़ दिया जाता है।
इससे मजबूरी में उसका भुगतान मरीज के परिजनों को करना पड़ता है। इसे देखते हुए सीएमएचओ डाक्टर अनिल श्रीवास्तव ने जिले में संचालित समस्त निजी स्वास्थ्य संस्थाएं अपने संस्थान में मरीजों के ओपीडी परामर्श शुल्क, लैब जांच शुल्क, सोनोग्राफी, एक्स-रे स्केन, फिजियोथेरेपी शुल्क, डेंटल उपचार शुल्क, पंचकर्म क्षार सूत्र शुल्क, बेड चार्ज, नैंसग केयर शुल्क, चिकित्सक शुल्क, आपरेशन शुल्क और अन्य आइपीडी उपचार के दौरान लिए जाने वाले समस्त शुल्क का विवरण अनिवार्य रूप से प्रदर्शित करने कहा है।
ताकि इमरजेंसी में इलाज कराने आए मरीजों के स्वजन को अस्पताल में इलाज के दौरान आने वाले खर्च का पता आसानी से चल सके। शुल्क विवरण के अलावा हास्पिटल प्रबंधन मरीजो को उपचार के दौरान होने वाले संभावित व्यय और उपचार की समस्त प्रक्रिया जैसे अनुमानित भर्ती दिवस संभावित आपरेशन, उपचार के दौरान संभावित जटिलताएं आदि का विवरण परामर्श के दौरान आवश्यक रूप से देने कहा गया है।

# केंद्र सरकार अडानी मामले में लोगों को भ्रमित कर साजिश के तहत फंसा रही राहुल गांधी को : नवीन सिंह

**कोरबा। छ.ग. फ्रंटलाइन।** छत्तीसगढ़ कांग्रेस कमेटी के आह्वाहन पर शहर कांग्रेस कमेटी द्वारा कटघोरा विश्राम गृह में प्रेस वार्ता की गई। इस दौरान छत्तीसगढ़ राज्य श्रम कल्याण आयोग के सदस्य नवीन सिंह, कोरबा शहर कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के जिला अध्यक्ष सुरेंद्र प्रताप जायसवाल, कटघोरा शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष राजीव लखनपाल, मदरसा बोर्ड के सदस्य डॉ शेख इश्तियाक, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष अशरफ मेमन, रामनारायण कश्यप, अमन हसन, अशोक दुबे, चंदन बघेल, युवा कांग्रेस प्रदेश महासचिव आकाश शर्मा, संदीप मित्तल सांसद प्रतिनिधि, राम नारायण रजक, अरविंद गुप्ता उपस्थित रहे। कोरबा शहर कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के जिलाध्यक्ष सुरेंद्र प्रताप जायसवाल प्रेस वार्ता में कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष व सांसद राहुल गांधी को गुजरात के न्यायालय द्वारा सजा सुनाए जाने के विरोध में तथा कांग्रेस नेताओं के यहां केंद्र की मोदी सरकार के इशारे पर किये जा ईडी की कार्यवाही पर केंद्र के मोदी सरकार पर तंज कसते हुए कहा कि भाजपा कांग्रेस शासित राज्यों को निशाना बना रही है।
प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए छत्तीसगढ़ राज्य श्रम कल्याण आयोग के सदस्य नवींन सिंह ने कहा कि केंद्र की सरकार अडानी मामले में लोगों को भ्रमित करने के लिए साजिश के तहत राहुल गांधी को फंसा रही है। भारत जोड़ो यात्रा से राहुल गांधी की पदयात्रा से केंद्र की सरकार डर गई है, राहुल गांधी के खिलाफ साजिश के तहत केंद्र सरकार कार्रवाई कर रही है। उन्होंने कहा दुनिया के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश में आज आम आदमी की आवाज उठाना भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठाना गुनाह हो गया है। देश के प्रमुख विपक्षी पार्टी के पूर्व अध्यक्ष चार बार के सांसद राहुल गांधी जब संसद के अंदर बात करते हैं, तो उनको बोलने नहीं दिया जाता उनका माइक बंद कर दिया जाता है। सत्तारूढ़ दल के सांसद बहुमत के अतिवादी चरित्र का प्रदर्शन करते हुए संसद की कार्यवाही नहीं चलने देते हैं। केंद्रीय मंत्री अपने पद की गरिमा को तार-तार करते हुए अनर्गल बयानबाजी करते हैं और जब इन सब से भी राहुल गांधी कांग्रेस पार्टी विपक्ष की आवाज को नहीं दबा पाते तो एक और षड्यंत्र रचा जाता है।
अडानी से ध्यान भटकाने राहुल गांधी के ऊपर यह सारी कार्यवाही की गई-राहुल गांधी ने देश के प्रधानमंत्री की दुखती रग पर हाथ रख दिया। उन्होंने मोदी के निकट सहयोगी अडानी के घोटाले बाजी और अडानी.मोदी के गठबंधन पर आवाज उठाया। उन्होंने 2 सवाल पूछे थे पहला क्या अडानी की सेल कंपनियों में 20 हज़ार करोड या 3 बिलीयन डॉलर है?अडानी इस पैसे को खुद कमा नहीं सकता क्योंकि वह इंफ्रास्ट्रक्चर बिजनेस में है। यह पैसा कहां से आया किसका काला धन है? यह किसकी सेल कंपनियां है? यह कंपनियां डिफेंस फील्ड में काम कर रही हैं कोई क्यों नहीं जानता? यह किसका पैसा है? इसमें एक चीनी नागरिक शामिल है को यह सवाल क्यों नहीं पूछ रहा है? यह चीनी नागरिक कौन है? दूसरा सवाल प्रधानमंत्री मोदी जी का अडानी से क्या रिश्ता है? उन्होंने अडानी के विमान में आराम करते हुए पीएम मोदी की तस्वीर दिखाई, उन्होंने रक्षा उद्योग के बारे में हवाई अड्डे के बारे में श्रीलंका में दिए गए बयानों के बारे में बांग्लादेश में दिए गए बयानों के बारे में ऑस्ट्रेलिया में स्टेट बैंक भारत के चेयरमैन के साथ बैठे नरेंद्र मोदी और अडानी की तस्वीरें जिन्होंने कथित तौर पर .1 बिलियन का ऋण स्वीकृत किया था के बारे में दस्तावेज दिए। यह सबूत के साथ सवालों का दूसरा सेट था। मोदी सरकार ने सवाल का जवाब तो नहीं दिया उल्टे राज्यसभा में कांग्रेस अध्यक्ष मलिकार्जुन खड़गे के भाषण से अडानी घोटाले के महत्वपूर्ण अंश और राहुल गांधी के भाषण को संसद के रिकॉर्ड से हटा दिया गया क्यों?
संसद के बजट सत्र के चल रहे दूसरे भाग में भारत के इतिहास में पहली बार एक सत्तारूढ़ पार्टी भाजपा संसद को बाधित कर रही थी और इसे काम नहीं करने दे रही है। यह अडानी को बचाने के लिए एक ध्यान भटकाने की साजिश है। राहुल गांधी पर भाजपा मंत्रियों द्वारा हमला किया गया। लोकसभा अध्यक्ष को राहुल जी ने दो लिखित अनुरोध किए कि उनको संसद में जवाब देने देंए इसके बाद तीसरी बार अध्यक्ष जी से मीटिंग भी की पर तीन अनुरोध के बावजूद अध्यक्ष जी ने संसद में उन्हें बोलने का अवसर देने से इंकार कर दिया। इससे साफ पता चलता है कि पीएम मोदी नहीं चाहते की अडानी के साथ उनके रिश्ते का पर्दाफाश हो।
बीजेपी की ध्यान भटकाने की कवायद तीन हास्यास्पद आरोपों से साबित होती है-रामपुर पूर्व विधायक श्यामलाल कंवर ने कहा कि सबसे पहले उन्होंने दावा किया कि राहुल गांधी ने विदेशी ताकतों से लंदन में भारत की मदद करने के लिए कहा। यह एक सफेद झूठ है अगर कोई उनके वक्तव्य को ध्यान से देखें तो उन्होंने कहा कि यह भारत का अंदरूनी मामला है हम स्वयं इसका हल निकालने में सक्षम है। दूसरा भाजपा अब झूठा हौवा खड़ा कर रही है कि राहुल गांधी ने ओबीसी को सिर्फ इसलिए निशाना बनाया क्योंकि उन्होंने पीएम मोदी से एक सवाल किया था ध्यान भटकाने का एक और बोगस हथकंडा जो व्यक्ति एकता फैलाने के लिए भारत जोड़ो यात्रा में 4 हज़ार किलोमीटर पैदल चल सकता है वह कैसे एक समुदाय को निशाना बना सकता है। तीसरा सूरत गुजरात में एक निचली अदालत के फैसले के 24 घंटे के भीतर भाजपा ने श्री गांधी को लोकसभा में उनकी सदस्यता को रद्द करने के लिए बिजली की गति से काम किया। भले ही अदालत ने उन्हें उच्च न्यायालय में अपील करने के लिए 30 दिन का समय दिया था भाजपा राहुल गांधी से इतना डरती क्यों है?
भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा की ओबीसी समुदाय का अपमान करने का आरोप लगाने की घटिया चाल स्पष्ट हताशा साबित हुई है.-सबसे पहले राहुल गांधी द्वारा दिया गया बयान यह पूछ रहा था कि कुछ चोरों का एक ही नाम ;नीरव मोदी, ललित मोदी, नरेंद्र मोदी क्यों है उन्होंने ऐसा नहीं कहा कि सारे मोदी चोर हैं। उन्हें किसी समुदाय को निशाना नहीं बनाया दूसरा ना तो नीरव मोदी और ना ही ललित मोदी ओबीसी हैं और उनकी जाति जो भी हो क्या उन्होंने धोखाधड़ी नहीं किए भाजपा धोखे बाजो और भगोड़ों को क्यों बचा रही है। तीसरा कांग्रेस पार्टी में दो ओबीसी मुख्यमंत्री हैं इससे साबित होता है कि कांग्रेसी उनके योगदान को महत्व देती हैं। आपराधिक मानहानि के लिए अधिकतम 2 साल की सजा आज तक किसी को नहीं मिली है दूसरी ओर भाजपा नेताओं के खिलाफ मामले अत्यधिक उदारता से निपटाए जाते हैं। उत्तर प्रदेश के बांदा से भाजपा सांसद आरके सिंह पटेल को नवंबर में एक ट्रेन रोकनेए सार्वजनिक सड़कों को अवरुद्ध करने और पुलिस कर्मियों पर पथराव करने के लिए दोषी ठहराया गया था लेकिन उन्हें केवल 1 साल की जेल हुई। महात्मा गांधी, पंडित जवाहरलाल नेहरू, सुभाष चंद्र बोस, सरदार पटेल, मौलाना आजाद जी को या तो राजद्रोह या जेल के मामले में अंग्रेजों ने सजा दी अंततः कांग्रेस ने अंग्रेजो के खिलाफ जीत हासिल की। अब मोदी सरकार चोरों और घोटाले बाजों का पर्दाफाश करने के लिए राहुल गांधी पर निशाना साध रही है। कांग्रेस लड़ेगी, फिर जीतेगी यह प्रहार सिर्फ राहुल गांधी पर नहीं है यह आक्रमण देश के समूचे विपक्ष पर है। देश के 135 करोड़ जनता को धमकाने की साजिश है। राहुल गांधी विपक्ष के सबसे प्रभावशाली नेता हैं जब उनकी सदस्यता रद्द कर सकते हैं, उनकी आवाज दबा सकते हैं तब आम आदमी की क्या बिसात। यह भारत के प्रजातंत्र में तानाशाही की शुरुआत है। कांग्रेसी इससे डरने वाली नहीं है। हम जनता के बीच जाएंगे देश के हर गली मोहल्ले चौक चौराहों को संसद बनाएंगे। कहां-कहां आप हमारी आवाज रोकेंगे।

कोरिया फ्रंटलाइन

# शहर के तालाब-गार्डन का होगा कायाकल्प : ऋषि कुमार शर्मा

## मंत्री अकबर के विषेष प्रयास से मिले 1 करोड़ 7 लाख





छ.ग.फ्रंटलाइन

**कवर्धा।** नगर पालिका परिषद कवर्धा क्षेत्रांतर्गत शहर के घोठिया मार्ग वार्ड क्रं. 25/26 में स्थित तालाब का सौंदर्यीकरण, वार्ड क्रं. 08 स्थित तालाब सौंदर्यीकरण और सुधा गार्डन के जीर्णोद्वार के लिए कुल 1 करोड़ 07 लाख 16 हजार रू. की स्वीकृति प्रदान की गई है । बजट में शहर विकास हेतु प्रावधान की गई राशि अब शासन से प्राप्त होने लगा हैं शहर की विकास में अब रफ्तार को हरी झंडी मिलने लगा है।

### बजट में शामिल राशि अब मिलने लगी

नगर पालिका अध्यक्ष ऋषि कुमार शर्मा नें कैबिनेट मंत्री मोहम्मद अकबर जी के मार्गदर्शन में नये विकास की उंचाईयों को तय करने अपने कार्यकल के चौंथा बजट 28 मार्च को प्रस्तुत कर बजट में शहर के विकास कार्यो के लिए अलग-अलग राशि का प्रावधान किया था। बजट में स्वीकृति प्राप्त होने उपरांत प्रस्ताव तत्काल शासन को प्रेषित किया गया। नगर पालिका अध्यक्ष ऋषि कुमार शर्मा ने बताया कि शहर के तालाबो व सुधा गार्डन के जीर्णोद्वार हेतु वन, परिवहन, आवास एवं पर्यावरण मंत्री व कवर्धा विधायक मोहम्मद अकबर को पत्र लिखकर राशि स्वीकृति हेतु मांग की थी। जिसके लिए राशि 1 करोड़ 7 लाख 16 हजार रूपये की स्वीकृति राज्य शहरी अभिकरण रायपुर द्वारा प्रदान कर दी गई है। राशि स्वीकृति होने से अब जल्द ही कार्यो को पूर्ण कर लिया जायेगा। ऋषि कुमार शर्मा ने बताया कि वार्ड निरीक्षण के दौरान प्राप्त होने वाले मांगो पर विशेष रूप से ध्यान दिया जाता है जनता की मांगो पर खरा उतने हेतु हर संभव प्रयास किया जा रहा है उन्होनें बताया कि तालाबों व गार्डनों के विकास हेतु लोगों द्वारा मांग किया गया था जिसे गंभीरता से लेते हुए तालाबों व गार्डनों में विभिन्न कार्य किये जाने हेतु प्राक्कलन तैयार बजट में शामिल किया गया एवं अग्रिम कार्यवाही पूर्ण करते हुए माननीय मंत्री मोहम्मद अकबर से राशि मांग हेतु पत्र प्रेषित किया गया। मंत्री मोहम्मद अकबर ने पत्र की कार्य योजना व कार्य आवश्यकता को समझते हुए तत्काल राशि स्वीकृति हेतु नगरीय प्रशासन विभाग को निर्देशित किया। निर्देशानुसार विभाग द्वारा 3 कार्य के लिए 1 करोड़ 7 लाख 16 हजार रूपये की स्वीकृति प्रदान कर दी गई है अब जल्द ही स्वीकृत कार्यो पर अग्रिम कार्यवाही करते हुए कार्य पूर्ण कर लिया जायेगा। उन्होनें कवर्धा शहर के विकास हेतु राशि स्वीकृति दिलाये जाने के लिए नगर पालिका टीम व नागरिकों की तरफ से मंत्री मोहम्मद अकबर का आभार व्यक्त किया है।

# प्रदेश में रबी फसलों की लक्ष्य से अधिक बोनी, इस साल 5.77 प्रतिशत रकबा बढ़ा

## निर्धारित लक्ष्य के 45 प्रतिशत रकबे में दलहन की खेती



छ.ग.फ्रंटलाइन

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में इस साल रबी के रकबे में 5 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी का लक्ष्य हासिल करने के साथ ही 19.36 लाख हेक्टेयर में रबी फसलों की बोनी हो चुकी है, जो कि रबी सीजन के लिए निर्धारित 19.25 लाख हेक्टेयर के लक्ष्य का 101 प्रतिशत है। गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ में बीते रबी सीजन में 18.30 लाख हेक्टेयर में खेती की गई थी। इस साल रबी रकबे में 5 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी के साथ ही कुल 19.25 लाख हेक्टेयर में बोआई का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। कृषि विभाग से मिली जानकारी के अनुसार राज्य में 19.36 लाख हेक्टेयर में रबी फसलों की बुआई हो चुकी है, जो कि बीते साल रबी के रकबे से 5.77 प्रतिशत अधिक है। राज्य में दलहन फसलों को प्रोत्साहन तथा समर्थन मूल्य पर खरीदी की व्यवस्था के चलते किसानों का रूझान इसकी खेती की ओर काफी तेजी से बढ़ा है। चालू रबी सीजन में दलहन फसलों की बुआई 8.65 लाख हेक्टेयर में की जा रही है, जो कि इस साल रबी फसलों की खेती के लिए प्रस्तावित रकबे का 45 फीसद है। छत्तीसगढ़ में अब तक अनाज की बोनी 5.97 लाख हेक्टेयर में, दलहन की बोनी 8.14 लाख हेक्टेयर में और तिलहन की बोनी 2.84 लाख हेक्टेयर में, गन्ना की 42 हजार 410 हेक्टेयर और साग-सब्जी एवं अन्य फसलों की लगभग 2 लाख हेक्टेयर हो चुकी है। राज्य में 2.71 लाख हेक्टेयर में गेहूं, 1.71 लाख हेक्टेयर में मक्का, 35 हजार हेक्टेयर में रागी, 11 हजार हेक्टेयर में जौ-ज्वार एवं अन्य फसलें और 1.55 लाख हेक्टेयर में मोटे अनाज की बोनी पूरी कर ली गई है। इस प्रकार राज्य में 5.97 लाख हेक्टेयर में अनाज फसलों की बोनी पूरी कर ली गई है, जो कि रबी सीजन में अनाज फसलों की बोनी के लिए निर्धारित लक्ष्य 4.36 लाख हेक्टेयर का 137 प्रतिशत है। इस तरह दलहनी फसलों की बुआई 8.14 लाख हेक्टेयर में हो चुकी है, जिसमें चना की 3.86 लाख हेक्टेयर में, मटर की 55 हजार हेक्टेयर में, मसूर की 34 हजार हेक्टेयर में, मूंग की 31 हजार हेक्टेयर में, उड़द की 27 हजार हेक्टेयर में, तिवड़ा की 2.50 लाख हेक्टेयर में, कुल्थी की 23 हजार हेक्टेयर में तथा अन्य दलहन फसलों की 7 हजार हेक्टेयर में बुआई पूरी कर ली गई है, जोकि दलहन फसलों की बोनी के लिए निर्धारित लक्ष्य का 94 प्रतिशत है। इसी प्रकार राज्य में अब तक तिलहनी फसलों की बुआई 2.84 लाख हेक्टेयर में हो चुकी है, जिसके अंतर्गत अलसी की बुआई 46 हजार 190 हेक्टेयर में, राई सरसों की 2 लाख हेक्टेयर में, तिल की 1370 हेक्टेयर में, सूरजमुखी 2960 हेक्टेयर, कुसुम की 6960, मूंगफली की 25,630 तथा अन्य तिलहनी फसल की बोनी 160 हेक्टेयर में पूरी हो चुकी है, जो कि तिलहन फसलों की बोनी के लक्ष्य का 75 प्रतिशत है।

# पहाड़ी कोरवाओ की मौत पर राजनीति न करे भाजपा : कांग्रेस



**रायपुर।** प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि कोरवा जनजाति के परिवार की आत्महत्या की घटना दुखद है। भाजपा उनकी मौत पर राजनीति कर रही है। मृतक परिवार को सारी शासकीय योजनाओं का लाभ मिल रहा था। उनके पास राशन कार्ड भी था। आपसी विवाद और पारिवारिक क्लेश के कारण हुई घटना पर भाजपा घृणित राजनीति कर रही है। जशपुर जिले के पहाड़ी कोरवा परिवार के आत्म हत्या के मामले में भाजपा द्वारा ली गई पत्रकावार्ता भाजपा नेताओं ने एक बार फिर से झूठ परोस कर लाश पर राजनीति करने का प्रयास किया है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि भाजपा नेता झूठ बोल रहे थे। यह उनके पत्रकारवार्ता तथा कथित जांच दल की जारी रिपोर्ट के विरोधाभासी तथ्यों से साबित हो रहा है:- 1. भाजपा नेता दावा कर रहे है कि भूख से वंचित होकर परिवार के लोगो ने आत्म हत्या किया। जबकि अपनी ही जांच रिपोर्ट में यह भी मान रहे कि परिवार के पास राशन कार्ड था जिसमें फरवरी माह तक राशन उठाने की प्रविष्टि को भाजपा जांच दल बता रहा।

# राहुल गांधी के मुद्दे को लेकर कांग्रेस लोकतंत्र की लड़ाई लड़ रही : मोहन मरकाम



छ.ग.फ्रंटलाइन

**रायपुर।** कांग्रेस का जय भारत सत्याग्रह प्रदेश के सभी जिलों और ब्लाको में चल रहा है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा कि कांग्रेस लोकतंत्र की लड़ाई जनता के अदालत में लड़ रही है। जय भारत सत्याग्रह के तहत राहुल गांधी के साथ किये गये आलोकतांत्रिक व्यवहार, मोदी सरकार की तानाशाह नीतियों के खिलाफ पत्रकारवार्ता और मशाल शांति मार्च निकाला गया। नुक्कड़ सभायें सभी गांव कस्बे में हो रही है। एनएसयूआई, युवा कांग्रेस, महिला कांग्रेस, सेवादल सभी नुक्कड़ सभा में भाग ले रहे है। सोशल मीडिया के माध्यम से प्रचार प्रसार एवं सोशल कैंपेन भी हुआ। कांग्रेस लोकतंत्र बचाओं दौड़ का आयोजन होगी। 14 अप्रैल संविधान बचाओं दिवस मनाया जायेगा। ब्लाक स्तरीय पत्रकारवार्ता, पोस्टकार्ड अभियान, नुक्कड़ सभा, सोशल मीडिया कैंपेन, जय भारत सत्याग्रह फेस 2 में संभागीय जिला सम्मेलन होगा। अप्रैल के अंतिम सप्ताह में प्रदेश स्तरीय रैली, एक दिन का उपवास सभी जिले में गांधी प्रतिमा के समक्ष सार्वजनिक स्थानों पर सभी पदाधिकारी की अनिवार्य उपस्थिति रहेंगे। मोहन मरकाम ने कहा कि राहुल गांधी की सदस्यता समाप्त कर देने अडानी के घोटालों पर न पर्दा डाल पायेगा और न ही नीरव मोदी, ललित मोदी, मेहुल चोकसे, विजय माल्या जैसे भगोड़ो के संरक्षण के गुनाह से मोदी सरकार बच पायेगी।

# पशुधन विकास कार्यक्रम : अदाणी फाउंडेशन ने 3000 से अधिक पशुओं का किया इलाज

**कृत्रिम गर्भाधान के लिए बॉयफ से किया अनुबंध, लगभग 400 पशुपालक हुए लाभान्वित**







छ.ग.फ्रंटलाइन

**रायपुर।** रायपुर एनेर्जेन लिमिटेड (आरईएल) के सामाजिक सहभागिता कार्यक्रम के तहत अदाणी फाउंडेशन ने वित्तीय वर्ष 2022-23 में आस पास के 11 ग्रामों में पशुधन विकास के कई कार्यक्रमों और चिकित्सा शिविरों का आयोजन किया। पशुधन विकास में नस्ल सुधार के लिए विशेषरूप से कृत्रिम गर्भाधान (AI) और बाँझपन इलाज के साथ साथ, मौसमी टीकाकरण, कृमिनाशक तथा सामान्य उपचार के कार्यक्रम संचालित किये गए। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों को पशु स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना तथा उनके पशुधन की बीमारी का उपचार उनके ही गाँव में ही उपलब्ध कराकर स्वास्थ्य लाभ प्रदान करना था। अदाणी फाउंडेशन तिल्दा विकासखंड में अपने क्षेत्र के ग्रामीण पशुपालकों के पशु नस्ल सुधार के लिए भारतीय एग्रो इंडस्ट्रीज फाउंडेशन (बॉयफ) संस्था के साथ काम कर रही है, जिसके अंतर्गत पशुपालकों और पशुओं का सर्वे करना, बीमार पशुओं का उपचार, उन्नत नस्ल की बीज का प्रयोग और निःशुल्क दवाई वितरण करना आदि कार्य शामिल हैं। बायफ पशुधन विकास के क्षेत्र में एक अग्रणी संस्था है। कार्यक्रम के आयोजन के लिए ग्राम पंचायत रायखेड़ा, भाटापारा, गैतरा, खपरी, चिचोली, गौरखेड़ा, तराशिव, खमरिया, चिचोली, कोनारी तथा मुरा के कुल 392 पशुपालकों तथा पंचायत सदस्यों के साथ एक दिन पूर्व ही बैठक व मुनादी कर पशु पालकों को सूचित करते हैं। वहीं शिविर के दिन सुबह सात बजे से बॉयफ एवं पशु चिकित्सा विभाग के डॉक्टरों तथा विशेषज्ञों के माध्यम से पशुओं का उपचार किया गया। पिछले वित्त वर्ष के दौरान 3000 से अधिक पशुधनों का उपचार किया सभी ग्राम सरपंचों ने सराहा, वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान अदाणी फाउंडेशन द्वारा अपने सामाजिक सरकारों में पशुधन विकास कार्यक्रम के तहत इन ग्रामों के सभी पशुपालकों के कुल 2804 पशुओं, 100 कुक्कुटों का चिकित्सकीय इलाज के साथ पशु नस्ल सुधार हेतु पारंपरिक व क्रमबद्ध वीर्य से कुल 130 पशुओं का कृत्रिम गर्भाधान किया गया। विशेषकर पशुओं के विकास तथा आय संवर्धन के लिए अदाणी फाउंडेशन द्वारा चलाए जा रहे कार्यक्रमों को सभी ग्राम सरपंचों द्वारा सराहा गया। ग्राम पंचायत सरपंच सुखबती कुर्रे, पुनीतराम साहू, हेमिन सगरवंशी, नूतन ध्रुव, नेमसिंह कटरिया और मनीष वर्मा ने पशुधन विकास कार्यक्रम को सराहनीय कदम बताते हुए अदाणी फाउंडेशन को धन्यवाद ज्ञापित किया। अदाणी फाउंडेशन, रायपुर एनेर्जेन लिमिटेड के सामाजिक सरोकारों के तहत शिक्षा, स्वास्थ्य, आजीविका संवर्धन और अधोसंरचना विकास के कई कार्यक्रम संचालित करता है। जिनमें महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में आजीविका उन्नयन के लिए सहेली सशक्त सिलाई केंद्र से अब तक 100 से अधिक युवतियों एवं महिलाओं ने सिलाई प्रशिक्षण लेकर स्वरोजगार स्थापित किया है। वहीं केंद्र में ही चलने वाले सिलाई उत्पादन केंद्र से जुड़कर महीने में पांच हजार रुपए तक की आय अर्जित कर आत्मनिर्भर बन रहीं हैं।

# कलेक्टर ने प्राकृतिक गोबर पेंट इकाई का किया निरीक्षण

**गोबर पेंट निर्माण के दौरान समूह की महिलाओं को सावधानी और सर्तकता रखते हुए कार्य करने के लिए कहा**




छ.ग.फ्रंटलाइन

**राजनांदगांव।** कलेक्टर डोमन सिंह ने राजनांदगांव विकासखंड के लखोली स्थित प्राकृतिक गोबर पेंट इकाई का निरीक्षण किया। कलेक्टर प्राकृतिक गोबर पेंट निर्माण करने वाली समूह की महिलाओं से रूबरू हुए और उन्हें गोबर पेंट निर्माण के दौरान सावधानी और सर्तकता रखते हुए युनिफार्म में कार्य करने के लिए कहा। इसके लिए अच्छी तरह प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए कहा। उन्होंने समूह की महिलाओं को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि गोबर पेंट के लिए पर्याप्त आर्डर आ गए हैं। जितना भी गोबर पेंट निर्माण होगा, उसका उपयोग शासकीय भवनों के रंग-रोगन के लिए किया जाएगा। इस दौरान एसडीएम अरूण वर्मा उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि शासन की महत्वाकांक्षी सुराजी गांव योजनांतर्गत संचालित गौठानों में गोबर क्रय, वर्मी कम्पोस्ट उत्पादन के साथ ही गोबर से पेंट इकाई स्थापना की जा रही है। जिले के चिन्हांकित गौठानों में गोबर पेंट इकाई का निर्माण पूर्ण कर उत्पादन शीघ्र प्रारंभ करने के साथ-साथ विद्यालयों, आदिवासी छात्रावासों, कार्यालयों अन्य शासकीय भवनों के रंग रोगन कार्य में उपयोग किया जाएगा। प्राकृतिक गोबर पेंट का उपयोग ग्रामीण अर्थव्यवस्था के सुदृढ़ीकरण एवं पर्यावरण संरक्षण की दृष्टि से महत्वपूर्ण पहल है। गोबर पेंट का उपयोग शासकीय भवनों के रंग रोगन कार्य हेतु केमिकल पेंट के स्थान पर गोबर पेंट का उपयोग अनिवार्यत: किया जाएगा।

# स्वास्थ्य मंत्री ने किया अनमोल जीवन पत्रिका का विमोचन



**छ.ग.फ्रंटलाइन, रायपुर।** स्वास्थ्य मंत्री सिंहदेव ने शनिवार को अपने निवास कार्यालय में सेहत के महत्व और स्वास्थ्य विभाग की योजनाओं पर केंद्रित अनमोल जीवन पत्रिका का विमोचन किया। विश्व स्वास्थ्य दिवस के मौके पर इस पत्रिका का प्रकाशन किया गया है। स्वास्थ्य मंत्री सिंहदेव ने अनमोल जीवन आरोग्य विशेषांक का विमोचन करते हुए कहा कि जीवन में स्वास्थ्य का महत्व सर्वोपरि है। लोगों को अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक होना ही चाहिए। यह कई प्रकार की बीमारियों से बचाव का महत्वपूर्ण तरीका है। उन्होंने कहा कि कोई भी व्यक्ति बीमार नहीं होना चाहता, लेकिन अपने स्वास्थ्य के प्रति बरती गई लापरवाही उसे गंभीर रूप से बीमार कर देती है। उन्होंने लोगों से अपने स्वास्थ्य का अच्छा देखभाल करने और स्वास्थ्य सेवाओं की जरुरत होने पर नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र या डॉक्टर से संपर्क करने की अपील की। अशोक कुमार साहू ने बताया कि विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर स्वास्थ्य को विशेष केंद्रित करके अनमोल जीवन आरोग्य विशेषांक का प्रकाशन किया गया हैं। इसमें स्वास्थ्य जागरूकता की सभी जानकारियाँ विस्तार से दी गई हैं। अनमोल जीवन आरोग्य विशेषांक पत्रिका सभी प्रदेशवासियों के लिए उपयोगी साबित होगा। पत्रिका के विमोचन के अवसर पर डॉ. सुखदेव राम साहू, अध्यक्ष समाज गौरव विकास समिति रायपुर, अलख राम यादव, अध्यक्ष छत्तीसगढ़िया झेरिया यादव समाज रायपुर और युवा व्यवसायी व समाज सेवी जितेन्द्र चन्द्राकर उपस्थित थे।

# संयुक्त सचिव ने किया सामाजिक-आर्थिक सर्वेक्षण का निरीक्षण



छ.ग.फ्रंटलाइन

**कवर्धा।** पंचायत-ग्रामीण विकास विभाग के संयुक्त सचिव एवं सामाजिक आर्थिक सर्वेक्षण के राज्य स्तर के नोडल अफसर डॉ गौरव कुमार सिंह कबीरधाम जिले में चल रहे सामाजिक आर्थिक सर्वेक्षण का जायजा लेने पहुंचे। उन्होने विशेष पिछड़ी बैगा एवं आदिवासी बाहुल बोडला विकासखण्ड के ग्राम चौरा और छपरी में पहुंच कर सामाजिक आर्थिक सर्वेक्षण का अवलोकन किया। उन्होने ग्राम चौरा के संगीता लांझे पिता सियराम लांझे और ग्राम छपरी के लक्ष्मी मानिकपुरी पति परमेश्वर मानिकपुरी के घर पहुंच कर वहां चल रहे समाजिक आर्थिक सर्वेक्षण का अवलोकन किया। उन्होंने वहां सर्वेक्षण प्रपत्र का अवलोकन किया और सर्वेक्षण में लगे प्रगणक दलों को त्रुटिरहित सटीक जानकारी प्रपत्र में भरने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सामाजिक आर्थिक सर्वेक्षण शासन की प्राथमिकता का कार्य है। इसे गंभीरतापूर्वक करें। शासन के निर्देशानुसार सभी परिवार का सामाजिक आर्थिक सर्वेक्षण किया जाना है। उन्होंने कहा कि जिन परिवारों का राशनकार्ड नहीं है, वो भी सर्वेक्षण में पंजीयन करवा सकते हैं। संयुक्त सचिव डॉ. सिंह ने ग्रामीणों से चर्चा करते हुए कहा कि सामाजिक-आर्थिक सर्वेक्षण का उद्देश्य विगत वर्षों में शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का जनसामान्य के जीवन स्तर पर पड़े प्रभाव का आंकलन कर, प्राप्त डाटा का भविष्य में योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन तथा नयी योजनाओं के निर्माण के लिए उपयोग किया जाना है। उन्होंने जिला प्रशासन द्वारा व्यवस्थित रूप से किए जा रहे सामाजिक आर्थिक सर्वेक्षण की सराहना भी की। अवलोकन के दौरान संयुक्त सचिव डॉ. सिंह के साथ जिला पंचायत के मुख्यकार्यपालन अधिकारी संदीप अग्रवाल जिले में चल रहे सर्वेक्षण कार्यो का विस्तार से जानकारी भी दी।

### जिले के 468 ग्राम पंचायतों में घर-घर जाकर दल कर रहे सर्वेक्षण

जिला पंचायत सीईओ संदीप अग्रवाल ने बताया कि कलेक्टर जनमेजय महोबे के निर्देशन पर जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में 1 अप्रैल से छत्तीसगढ़ सामाजिक आर्थिक सर्वेक्षण-2023 प्रारंभ हो गया है। जिले के सभी 468 ग्राम पंचायतों में घर-घर जाकर दल द्वारा सर्वेक्षण किया जा रहा है। जिले के 468 ग्राम पंचायतों के लिए 77 सुपरवाइजर एवं 493 प्रगणक दलों का गठन किया गया है, जिसमें 986 सदस्य हैं। प्रत्येक ग्राम पंचायतों के लिए दो सदस्य दल बनाए गए हैं। जिसमें एक महिला कर्मचारी भी शामिल है। ऐसी बड़ी ग्राम पंचायतें जहां पर ग्रामीण परिवारों की संख्या अधिक है। उन ग्राम पंचायतों के लिए एक से अधिक प्रगणक दल का गठन किया गया है। सर्वेक्षण के संबंध में सभी दलों को प्रशिक्षण के दौरान आवश्यक जानकारी जिला प्रशासन द्वारा उपलब्ध करा दिया गया है तथा यह सर्वेक्षण 1 अप्रैल से प्रारंभ होकर 30 अप्रैल तक पूर्ण किया जाएगा। सर्वेक्षण में सभी अधिकारी-कर्मचारियों विविधत प्रशिक्षण दिए गए है। दल के सदस्य को कहा गया है कि शासन आर्थिक सर्वेक्षण शासन का अत्यंत महत्वपूर्ण कार्यक्रम है, जिसमें प्राप्त डाटा का भविष्य में योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन के लिए उपयोग किया जाएगा। इसके लिए ग्राम पंचायत के प्रत्येक घरों का भ्रमण करते हुए संपूर्ण जानकारी ऐप में एवं निर्धारित प्रपत्र में दर्ज करें। साथ ही दल के सदस्यों को सुझाव दिया गया कि आपस में समन्वय स्थापित कर एक दिन पूर्व गांव में सूचना दें, जिससे कि सभी ग्रामीण परिवार सर्वेक्षण के दौरान उपस्थित रहे। सामजिक आर्थिक सर्वेक्षण के लिए यह दस्तावेज आवश्यक, सामाजिक आर्थिक सर्वेक्षण के तहत परिवार के मुखिया से जुड़ी बुनियादी जानकारी, प्रधानमंत्री आवास योजना की जानकारी, राशन कार्ड, धान विक्रय, मनरेगा जॉब कार्ड, परिवार के अन्य सदस्यों की जानकारी, समस्त स्त्रोतों से परिवार की आमदनी, आयकर दाता, परिवार की भूमि, शौचालय की जानकारी, निराश्रित परिवार, सिंचाई साधन, वाहन एवं अन्य सामग्री, घरेलु ईंधन की व्यवस्था, कुकिंग गैस, कौशल प्रशिक्षण एवं विद्युत कनेक्शन सहित अन्य जानकारी प्रपत्र में भरी जा रही है। इसके लिए प्रगणक दलों द्वारा प्रत्येक गांव मे सर्वे किया जा रहा है। सर्वेक्षण के दौरान किसी भी समस्या के समाधान के लिए जिला पंचायत में कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है।

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक मनीष पाठक द्वारा स्पीड प्रिंटर्स व ऑफसेट पुराना पोस्ट ऑफिस रोड दर्रीपारा अम्बिकापुर ( छ.ग. ) पिन नं. 497001 से मुद्रित व महलपारा बैकुण्ठपुर से प्रकाशित। संपादक- कमलेश शर्मा